सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:47

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.6 न्यू | 8.6 अधि |
| धर्मशाला | 5.3 न्यू | 10.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77042.82 |
| निफ्टी | 23311.80 |
| सोना | 80,620 |
| चांदी | 95,725 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 | 4 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 30, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




हमारी टीम को यह साल वनडे में अपना सर्वश्रेष्ठ साल बनाना होगा: मंधाना

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### किसान 21 को शंभू बॉर्डर से करेंगे दिल्ली कूच

**चंडीगढ़।** शंभू बार्डर से 21 जनवरी को 101 किसान फिर दिल्ली की तरफ पैदल कूच करेंगे। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने यह ऐलान किया है। उन्होंने साफ किया कि कहा जा रहा है कि मोदी सरकार झुकेगी नहीं, लेकिन किसान जत्थेबंदियां भी अडिग हैं। मोदी सरकार से एमएसपी की कानूनी गारंटी लेने के साथ-साथ किसानों व मजदूरों के कर्ज भी माफ कराए जाएंगे। पंधेर ने कहा कि खनौरी बार्डर पर केंद्र की शह पर हरियाणा पुलिस फोर्स देने के लिए आगे बढ़ी, वह सरासर अनुचित है। हरियाणा पुलिस को चेतावनी है कि वह पीछे हटे।

### मुख्यमंत्री आतिशी और संजय सिंह को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित की ओर से दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के सांसद संजय सिंह को नोटिस जारी किया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने 'आप' नेताओं को 27 जनवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत उसी दिन मामले में सुनवाई करेगी।

### कंगना रनौत की इमरजेंसी फिल्म आज होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म इमरजेंसी को बांग्लादेश ने बैन कर दिया है। अब शिरोमणि कमेटी ने भी इसे पंजाब में बैन करने की मांग की है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि अगर यह फिल्म रिलीज हुई तो सिख जगत में आक्रोश और गुस्सा फैल जाएगा, इसलिए राज्य में इस पर प्रतिबंध लगाना सरकार की जिम्मेदारी है।

### बीजापुर में मुठभेड़, 12 नक्सली मार गिराए

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुडबाका के जंगल में वीरवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान ऑपरेशन चला रहे हैं। सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी जारी है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- डब्ल्यूएचओ से टांडा अस्पताल की वीआरडीएल को मिली मान्यता -पेज 4
- राजेंद्र बंगाणा व राजकुमार डेरा बाबा रुद्रानंद के बने मंडलाध्यक्ष -पेज 10
- झाड़माजरी स्थित कंपनी में दूसरे दिन भी आयकर विभाग की दबिश -पेज 12
- अडानी के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च बंद -पेज 13
- आकाश दीप ने कोहली के बल्ले से बचाया था फॉलोआन -पेज 14


# महाकुंभ: अब तक 7 करोड़ ने किया स्नान, चौथे दिन 10 लाख ने लगाई डुबकी

**एजेंसी, प्रयागराज**

**प्रयागराज** में 45 दिवसीय महाकुंभ के चौथे दिन भी श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। महाकुंभ में इस्कॉन की शोभायात्रा में विदेश श्रद्धालुओं ने डांस किया। हरे राम-हरे कृष्ण भजन पर विदेशी झूमते दिखे। वीरवार को 10 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

अब तक धार्मिक समागम में सात करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। वहीं, तीसरे शाही स्नान पर 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का प्रयागराज पहुंचने का अनुमान है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर 3.50 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई थी।




### कांटे वाले बाबा बने आकर्षण का केंद्र



**महाकुंभ** में कांटों पर लेटते ही 'कांटे वाले बाबा' ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। रमेश कुमार मांझी को अब कांटों वाले बाबा के नाम से जाना जाता है। कांटों पर लेटकर वह कहते हैं कि यह सब ईश्वर की कृपा है, जिससे यह संभव हो पाता है।

### टेंट सिटी 30 जनवरी तक फुल

**टेंट** महाकुंभ में इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) की ओर से तैयार टेंट सिटी 30 जनवरी तक फुल हो गई है। अब बुकिंग करवाते हैं तो आपको फरवरी के पहले सप्ताह का इंतजार करना होगा। 24 जनवरी को महाकुंभ में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री संगम स्नान के लिए पहुंचेंगे। वह 3 दिन तक कथा करेंगे। उनका दरबार लेटे हुए हनुमान मंदिर के सामने लगेगा। 16 से 24 फरवरी तक संस्कृति का महाकुंभ लगेगा। गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन अपनी प्रस्तुति देंगे।



### महाकुंभ में ऐसे होती श्रद्धालुओं की गिनती

**प्रयागराज** में चल रहा महाकुंभ पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। यह महोत्सव शुरू हुए तीन दिन बीत चुके हैं, जिसमें से पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति दो दिन में करोड़ों की संख्या में लोगों ने डुबकी लगाई। करोड़ों लोगों की भीड़ को मापने के कई पैमाने हैं। योगी सरकार गिनती के लिए आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी के सीसीटीवी का इस्तेमाल कर रही है। यह एआई कैमरे मेले में मौजूद लोगों की संख्या का अनुमान लगा रहे हैं।

# हिमाचल के 7 जिलों में बर्फबारी मैदानों में बारिश का दौर जारी

## 100 से ज्यादा सड़कें बंद; कई जगह ट्रांसफार्मर ठप, पर्यटकों के वाहन फंसे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों ने वीरवार को बर्फबारी हुई है। वहीं, मैदानी क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी है। कुल्लू, लाहौल-स्पीति, मंडी, शिमला, किन्नौर, कांगड़ा व सिरमौर जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी होने से शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। शिमला शहर में बारिश के साथ हल्की बर्फबारी हुई।

हिमपात होने से 100 से ज्यादा सड़कें बंद हो गई हैं, जबकि कई जगह ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 21 व 22 जनवरी को मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी, जबकि मैदानों में कुछ जगहों पर बारिश की संभावना जताई है। 17 से 20 जनवरी तक राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है। वहीं, निचले पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने का अलर्ट है।



### 6 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट

**प्रदेश** के छह जिलों ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। तीन दिनों तक इन जिलों में घने कोहरे की संभावना है।



### नारकंडा में तीन इंच हिमपात सड़क बहाली को मशीनरी तैनात

**नारकंडा** और आसपास के क्षेत्रों में एक से तीन इंच बर्फबारी हुई है, जिससे हाईवे बंद हो गया है। सैंज से शिमला के लिए यातायात को लुहरी-सुन्नी के रास्ते डायवर्ट किया है। सड़क बहाली के लिए मशीनरी को तैनात किया है। छराबड़ा से कुफरी-फागू क्षेत्र में बर्फबारी से सड़क पर फिसलन है। ऊपरी शिमला के खिड़की, खड़ापत्थर में भी बर्फबारी से आवाजाही प्रभावित हुई है।


### अटल टनल रोहतांग और जलोड़ी दर्रा बंद

**लाहौल**-स्पीति और कुल्लू में सुबह से बर्फबारी व बारिश का दौर जारी है। अटल टनल रोहतांग सहित लाहौल में मनाली-केलांग के बीच वाहनों की आवाजाही थम गई है। वहीं, लाहौल घाटी में बीआरओ ने बर्फ हटाने का काम शुरू किया है। सिस्सू से नॉर्थ पोर्टल की तरफ बर्फ हटाने के लिए मशीन तैनात की गई है। बर्फबारी से अटल टनल रोहतांग और जलोड़ी दर्रा बंद हो गया। वहीं, शिमला, आउटर सिराज और किन्नौर जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जारी है। नारकंडा में एनएच पांच पर वाहनों के पहिये थम गए। सुंगरी-रोहड़ू, खमाड़ी सड़क बंद कुफरी में फंसी गाड़ियों को पुलिस ने निकाला है।

# सुक्खू के प्रवास में मौसम बना बाधा, नहीं उड़ा उड़नखटोला

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**प्रदेश** सरकार के कांगड़ा शीतकालीन प्रवास पर मौसम ने खलल डाल दिया है। खराब मौसम के चलते वीरवार को सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू धर्मशाला नहीं पहुंचे सके।



दोपहर 3 बजे हेलिकॉप्टर से धर्मशाला पहुंचना था, लेकिन शिमला से हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर पाया। मुख्यमंत्री का कांगड़ा शीतकालीन प्रवास 9 दिन का है, जिसमें एक दिन अब टल गया है। सीएम ने धर्मशाला पहुंचकर तीन बजे मिनी सचिवालय में बैठक करनी थी। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री अब 17 जनवरी को धर्मशाला पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री 17 जनवरी को धर्मशाला में 3 करोड़, 16 लाख, 18 हजार से निर्मित जिला परिषद भवन व मीटिंग हॉल एवं पार्किंग का उद्घाटन के बाद पुलिस लाइन में महिला पुलिस स्टेशन भवन का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर को स्टेडियम रोड में 3 करोड़ 40 लाख से बनाई जाने वाली फूड स्ट्रीट मार्केट की आधारशिला, मैक्लोडगंज में 3 करोड़ 42 लाख, 71 हजार रीजनल मॉनिटरिंग सेंटर में हॉस्टल भवन का शुभारंभ और 1:45 बजे अपर दाढ़ी में चार करोड़ 74 लाख के सोलर प्लांट का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री शाम को मिनी सचिवालय में बैठेंगे। (अनंत ज्ञान)

**सीएम आज धर्मशाला में करेंगे करोड़ों के उद्घाटन और शिलान्यास**

### 467 दिन बाद इसराइल-हमास के बीच युद्धविराम

**तेल अवी।** इसराइल और हमास बीच 467 दिनों से जारी युद्ध रुक गया। सीजफायर की यह डील 19 जनवरी से लागू होगी। इस सीजफायर डील को लेकर इसराइल और हमास के बीच कई दौर की बातचीत कतर की राजधानी दोहा में हुई। इस बातचीत में मध्यस्थता अमेरिका, मिस्त्र और कतर ने कराई। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने इसराइल और हमास के बीच युद्धविराम डील का ऐलान किया है। वहीं, सीजफायर के ऐलान के बाद भी इसराइली हमलों में गाजा के 72 लोग मारे गए हैं।

# एक्टर सैफ अली खान पर घर में घुसकर चाकू से हमला

## सर्जरी से रीढ़ की हड्डी में फंसा चाकू का टुकड़ा निकाला, एक आरोपी की पहचान

**एजेंसी, मुंबई**





**बॉलीवुड** एक्टर सैफ अली खान पर उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया है। घटना मुंबई के खार स्थित गुरु शरण अपार्टमेंट के 12वें फ्लोर पर बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे हुई। इस हमले में एक्टर को गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह चाकू लगा है।

घायल सैफ को रात में ही लीलावती हॉस्पिटल ले जाया गया था। लीलावती अस्पताल के डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके इसे निकाला गया है। एक्टर के बाएं हाथ पर दो गहरे घाव थे और गर्दन पर भी गहरी चोट थी। इनकी प्लास्टिक सर्जरी की गई है। अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मुंबई पुलिस के डीसीपी गेदाम दीक्षित ने बताया कि एक हमलावर की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी ने हमले के दौरान एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी।

# 8वां वेतन आयोग बनाने की मंजूरी, 2026 से होगा लागू

## केंद्रीय कैबिनेट बैठक: श्रीहरिकोटा में 3985 करोड़ से बनेगा तीसरा सैटेलाइट लांच पैड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मोदी** सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है । सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए वीरवार को 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। आयोग की सिफारिशें 2026 से लागू होंगी। यह जानकारी कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी।



7वां वेतन आयोग (पे-कमीशन) 1 जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। इससे करीब 1 करोड़ लोगों को फायदा हुआ था। वेतन आयोग हर 10 साल में लागू किया जाता है। उम्मीद है कि मोदी सरकार 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू कर देगी। इससे केंद्रीय कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और पेंशन बढ़ेगी। वैष्णव ने बताया कि केंद्र सरकार आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इंडियन स्पेश रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (इसरो) के रॉकेट लांचिंग सेंटर में तीसरा लांच पैड बनाएगी। यह 3985 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इस फैसले से न्यू जेनरेशन लांच व्हीकल प्रोग्राम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यहां से चंद्रयान और मंगलयान जैसे ऐतिहासिक मिशन लांच हुए हैं।

### केंद्रीय कर्मियों की सैलरी में होगा बंपर इजाफा



**8वें** वेतन आयोग के लागू होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में बंपर इजाफा हो सकता है। इस बार फिटमेंट फैक्टर कम से कम 2.86 तय किया जा सकता है। ऐसा होने पर कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यह 51,480 रुपए हो सकती है। अभी मिनिमम बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है। पेंशनभोगियों को भी फायदा मिलेगा, जिनकी मिनिमम पेंशन अभी 9,000 रुपए है, वह बढ़कर 25,740 रुपए हो सकती है। जनवरी 2026 में 8वां वेतन आयोग लागू हुआ है, तो केंद्रीय कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 34,560 रुपए होने का अनुमान है। साल 2004 से जोड़ें तो नौकरी में 25 साल पूरे करने वाले कर्मचारियों का पहला बैच 2029 में रिटायर होगा।

**सफलता** प्रशिक्षण हासिल कर 300 पहलवान राष्ट्रीय स्तर पर दिखा रहे प्रतिभा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छाए

# पहलवानों की खदान 'हिमालय रूप अखाड़ा ध्वाल'

**अनिल शर्मा, मंडी**

**हिमाचल** प्रदेश में जब भी कुश्ती की बात होती है, तो मंडी जिले के ध्वाल अखाड़े का नाम जरूर लिया जाता है। इस अखाड़े से 300 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के पहलवान निकल चुके हैं। 2008 में हिमालय रूप अखाड़ा ध्वाल को शुरू किया था, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बन गई है।

दो बच्चों से शुरू हुए इस अखाड़े की कहानी बड़ी दिलचस्प है। वर्ष 2012 में नरेंद्र पहलवान ने पहली बार सुकेत कुमार का खिताब जीता। इसके पश्चात लगातार अखाड़ा खिताबों की झड़ी लगाता गया। 2012 से लेकर 2019 तक लगातार हिमालय रूप अखाड़ा ने सुकेत कुमार और मंडी कुमार का खिताब जीता। हिमाचल कुमार के खिताब जीतने वाले जितेंद्र, नरेश, अक्षय और राजवीर ने 3 बार, जबकि मुकेश ने 5 बार हिमाचल कुमार का खिताब जीतकर पूरे प्रदेश में चमकाया। (अनंत ज्ञान)



### कोच रूप सिंह ने दिया 14 साल तक नि :शुल्क प्रशिक्षण



**हिमालय** रूप अखाड़ा के कोच रूप सिंह ने 14 वर्षों तक लगातार पहलवानों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया है। वर्तमान में रूप सिंह सरकारी स्कूल सावल में डीपी के पद पर कार्यरत हैं। वहीं, हिमालय रूप अखाड़ा से निकले लगभग 50 पहलवान सेना में भर्ती हुए हैं।

### अखाड़े के पहलवानों ने जीते सैकड़ों पदक

**हिमालय** रूप अखाड़ा के कोच रूप सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 में गुजरात में हुई जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान अक्षय ने कांस्य पदक जीता। इसी वर्ष राष्ट्रीय स्तरीय बुशू प्रतियोगिता में 6 कांस्य पदक जीतने वाले अक्षय, पुनीत, मधु, सौरभ और तरनजीत इसी अखाड़े से प्रशिक्षित हुए थे। वहीं, सोनीपत में हुई ऑल इंडिया इंटर साई प्रतियोगिता में अक्षय ने कांस्य, मुकेश ने सिल्वर, मनीष, कोमल और पुनीत ने कांस्य पदक जीते। महाराष्ट्र में वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्तर की ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में जितेंद्र ने दो गोल्ड, मुकेश ने दो गोल्ड, दिनेश ने एक गोल्ड व एक सिल्वर, जयदेव ने गोल्ड और ध्रुव ने सिल्वर तथा सिद्धार्थ पहलवान ने कांस्य पदक हासिल किया। सैकड़ों पदक जीतने का खिताब अखाड़े के नाम दर्ज है।

### लड़कियों ने भी मनवाया लोहा

**वर्ष** 2017-18 में दिल्ली में संपन्न हुई खेलो इंडिया प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-19 प्रतियोगिता में कोमल ने 2 कांस्य पदक जीतकर के चित्र का नाम रोशन किया। वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2019 में संपन्न हुई बुशू प्रतियोगिता में अमृत कौर ने रजत पदक जीता।

# अंतरिक्ष में डॉकिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

## इसरो ने किया स्पेडेक्स मिशन पूरा, इससे पहले ऐसा रूस, अमेरिका और चीन ही कर पाए

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**भारत** अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को सफलतापूर्वक डॉकिंग करने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इसरो ने बताया कि वीरवार को सुबह डॉकिंग एक्सपेरिमेंट को पूरा किया गया। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे।

चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं, गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से रात 10 बजे स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लांच किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किए गए। 7 जनवरी को इस मिशन में दोनों स्पेसक्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाना था, लेकिन इसे टाल दिया गया। फिर 9 जनवरी को भी तकनीकी दिक्कतों के कारण डॉकिंग टल गई। 12 जनवरी को स्पेसक्राफ्ट्स को 3 मीटर तक पास लाने के बाद वापस इन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।

### दो स्पेसक्राफ्ट जोड़े



### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई

**इसरो** ने दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग को पूरा करने के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। पीएम ने 'एक्स' पर कहा कि यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, इसरो की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि बधाई इसरो। आखिरकार हमने कर दिखाया।

# न्यूज ब्रीफ

## वॉलीबाल प्रतियोगिता की संधोल टीम बनी विजेता



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की भुक्कड़ पंचायत में दो दिवसीय शहीद विजय मैमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि भुक्कड़ पंचायत के प्रधान किशोर चंद रहे। प्रतियोगिता में पहला सेमीफाइनल भुक्कड़ और समीरपुर के बीच खेला गया। इसमें भुक्कड़ 2-1 से विजय रहा। दूसरा सेमीफाइनल संधोल और महल के बीच खेला गया, जिसमें संधोल 2-1 से विजयी रहा। फाइनल मैच संधोल और भुक्कड़ के बीच हुआ इसमें संधोल की टीम ने भुक्कड़ की टीम को 2-0 के स्कोर से मैच को अपने नाम किया। विजेता टीम को 7100 रुपए और ट्रॉफी, उपविजेता को 5100 रुपए व ट्रॉफी दी गई। उन्होंने अपनी तरफ से 1100 रुपए दिए। बेस्ट प्लेयर संधोल टीम से अमित कुमार को चुना गया। बेस्ट लिबरो सुमीत बंटी को चुना गया। इस मौके पर संतोष कुमार, अनील ठाकुर, रजनीश राही, सुनील ठाकुर, सुशील शर्मा, चमन लाल ठाकुर, सुमीत कुमार, बबलू कुमार, राजेश ठाकुर, शोमित, भूमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चोआ छिंज मेला 19 को, माली 50 हजार

**अनंत ज्ञान, भोटा।** हर वर्ष की भांति इस बार भी चोआ छिंज मेला चोआ गांव में 19 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। इस छिंज मेले में बड़ी माली 50000 रुपए तथा छोटी माली 22000 रुपए की करवाई जाएगी। बड़ी और छोटी माली के विजेता पहलवानों को एक गुर्ज और उपविजेता पहलवानों को गागर से भी सम्मानित किया जाएगा। इस मेले में भाग लेने वाले पहलवानों की आयु 40 वर्ष से कम निर्धारित की गई है। छोटी माली सिर्फ हिमाचल प्रदेश के युवा पहलवानों की ही करवाई जाएगी। मेले में पहलवानों की एंट्री सिर्फ 12 बजे दोपहर तक ही की जाएगी। पहलवानों को अपनी आयु प्रमाणित करवाने के लिए आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य है। यह जानकारी छिंज कमेटी के सदस्य कैप्टन ज्ञानचंद व बीरबल सिंह ने दी।

## बीडीओ परिसर की दुकान की नीलामी 29 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के परिसर में हीरानगर की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर बनी लगभग 300 वर्ग फुट की दुकान मासिक किराये पर आवंटित की जाएगी। इसकी नीलामी की प्रक्रिया 29 जनवरी को खंड विकास अधिकारी कार्यालय में पूर्ण की जाएगी। खंड विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दुकान का न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया छह हजार रुपए निर्धारित किया गया है। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन पत्र 28 जनवरी सायं 3 बजे तक खंड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड और राशन कार्ड भी संलग्न होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए खंड विकास अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में संपर्क किया जा सकता है।

## बैंक योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : सुनील



**अनंत ज्ञान, जाहू।** कांगड़ा सहकारी बैंक शाखा लदरौर की ओर से कड़ोहता पंचायत के मनोह गांव में नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित वित्तीय एवं डिजिटल लेनदेन योजनाओं से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। एकदिवसीय शिविर में बतौर मुख्यातिथि कांगड़ा बैंक लदरौर के प्रबंधक सुनील कुमार चौधरी ने कहा कि नाबार्ड वित्तपोषित केंद्र व प्रदेश सरकार की बैंक प्रायोजित योजनाएं ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान कर सकती हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार ने दर्जनों बैंक प्रायोजित योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सभी लोग लाभ उन्होंने लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों को छोटी-छोटी बचत करने के तरीके तथा ऋण खातों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग अज्ञानता के चलते ऑनलाइन ठगी का शिकार होकर लाखों रुपए की हानि का शिकार हो रहे हैं। इससे बचने के लिए जागरूकता व सजगता बहुत जरूरी है। इस अवसर पर बैंक के कर्मचारी सन्नी कुमार, हेमराज, कुलवीर सिंह, आशीष, ग्रामीण लता देवी, अनीता देवी, कांता देवी, नीना देवी, कमलेश कुमारी, अंजुध्या देवी, गीता देवी, शकुंतला देवी, आशा देवी, रोमा देवी, रीता, मोना, गायत्री, भावना बजाज, वीना, अमृत कुमारी सहित 70 महिलाएं उपस्थित रहीं।

## 11 पंचायतों की मेधावी छात्राओं का किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, नादौन।** बाल विकास परियोजना नादौन के तत्वावधान में वीरवार को बड़ा और रैल क्षेत्र की ग्यारह ग्राम पंचायतों सपड़ोह, बड़ा, फस्टे, चैड़ू, जीहण, रैल, बलडूहक, करणडोला, पुतड़ियाल, सपड़ोह तथा बरधियाड़ की मेधावी छात्राओं को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने की। इस अवसर पर सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी ने उन्हें सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा अन्य छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी बेटियों के अभिभावक, वृत्त पर्यवेक्षक हर्षबाला, अजय कुमार, पुष्पिंदर कुमार, क्षेत्र के गणमान्य लोग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अभिभावकों ने बच्चियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयासों की सराहना की।

## जिला मीडिया प्रभारी को दी शुभकामनाएं



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला मोर्चा हमीरपुर मंडल ने जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा के जन्मदिन दिवस पर उनको शुभकामनाएं और बधाई दी।

## मजदूर महिलाओं ने करवाया पंजीकरण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि कुमारी मजदूरों के नए पंजीकरण व नवीनीकरण करती हुई व कार्यालय के बाहर लाइन में खड़ी मजदूर महिलाएं व अन्य। जिला श्रम कल्याण अधिकारी रश्मि कुमारी ने बताया कि कामगारों के लिए शादी हेतु वित्तीय सहायता, चिकित्सा सहायता, शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता, पेंशन सुविधा, दिव्यांग पेंशन, अंतिम संस्कार हेतु सहायता, मृत्यु सहायता, बेटी जन्म उपहार योजना, विधवा पेंशन योजना, हॉस्टल सुविधा योजना व अन्य योजना चलाई जा रही हैं।

### आशीष के आगे पुरानी भाजपा बेबस; सुजानपुर में नहीं हुआ विवाद, बड़सर में पटियाल ही बने अध्यक्ष

# लंबी माथापच्ची के बाद चुने जिले के पांचों मंडलाध्यक्ष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लंबी माथापच्ची के बाद आखिरकार हमीरपुर जिले के उन पांच मंडल अध्यक्षों का ऐलान हो ही गया, जो नेताओं के गले की हड्डी बने हुए थे। सुजानपुर में सबकुछ शांत माहौल में हो गया, लेकिन हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर पहले से ही गहमागहमी थी। वीरवार को जो बैठक पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की मौजूदगी में हुई, उसमें भी परंपरागत भाजपा से जुड़े हुए लोगों ने शब्दबाणों के जरिए खरी-खोटी सुनाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। हालांकि अंततः यहां हुआ वही, जो विधायक आशीष शर्मा चाहते थे। उन्हीं के समर्थक काबिज हुए हैं।

यहां दोनों पदों पर नए लोगों को आशीष शर्मा ने काबिज करवाने में खूब मशक्कत की। ढटवाल बिझड़ी के मंडल अध्यक्ष के रूप में कुछ समय पहले चुनाव सभा में जो खलल पैदा हुआ था, उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए यशवीर पटियाल को ही यहां अध्यक्ष के रूप में रिपीट किया गया है।

**हमीरपुर विस क्षेत्र में क्या नए दौर की राजनीति का वर्चस्व कायम हो जाएगा :** सुजानपुर और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए पहली मर्तबा बैठकों का आयोजन हुआ। यहां दोनों जगह खींचतान ज्यादा थी, इसलिए स्थानीय विधायक अपनी मर्जी के मुताबिक संगठनात्मक नेतृत्व बनाना चाहते थे। उसमें सुजानपुर में तो सब आसान और समझदारी के साथ हो गया, लेकिन क्योंकि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछले आम विधानसभा चुनावों के समय से ही माहौल खराब हो चुका था, तब विधायक और संगठन के दरमियान जो खाई पैदा हुई थी, उसका दौर अभी तक जारी था।

अबकी बार यहां उपचुनावों के समय नई परिस्थितियों तैयार हुई और उनमें आशीष शर्मा विधायक बने थे। मतलब साफ था कि अब भाजपा के संगठन का रूप स्वरूप भी यहां उसी हिसाब से तैयार होना था, क्योंकि इससे पहले विस के आम चुनावों में आशीष निर्दलीय रूप में विधायक बने थे और जब भाजपा के टिकट पर उपचुनाव हुआ, तो भी यहां संगठन और उनके अपने कार्यकर्ताओं के दरमियान काफी घमासान देखा गया था। बस इसीलिए संगठन के ढांचे में भी अब अपना प्रभुत्व आशीष ने तैयार तो कर लिया है, लेकिन देखने वाली बात यही होगी कि आने वाले समय में उनके संगठन में 'धार' किस स्तर की तैयार होगी।

क्या पुरानी भाजपा यहां डामाडोल हो जाएगी? इस तरह के यक्ष प्रश्न यहां चुनौती बनकर अभी काफी समय तक खड़े रहेंगे। इनका सामना खुद आशीष को भी करना पड़ेगा। देखना यह होगा कि क्या हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में अब नए दौर की राजनीति का वर्चस्व कायम हो जाएगा? (अनंत ज्ञान)





सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडल अध्यक्ष पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के साथ और अन्य। (दाएं) हमीरपुर विस क्षेत्र के दोनों मंडलाध्यक्ष विधायक आशीष के साथ।

## यशवीर सिंह पटियाल बने ढटबाल के मंडलाध्यक्ष, हुआ भव्य स्वागत



**एसके ठाकुर, बड़सर।** यशवीर सिंह पटियाल सर्वसम्मति से ढटवाल मंडल का अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में होटल के स्तर में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में पटियाल को अध्यक्ष चुना गया है। पटियाल पूर्व में बड़सर मंडल के अध्यक्ष पद पर कार्यरत थे, अब बड़सर विधानसभा क्षेत्र में दो मंडल अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। बड़सर मंडल के पहले ही संजीव शर्मा को मंडल अध्यक्ष चुना गया था। पटवाल क्षेत्र से अब यशवीर सिंह पटयाल नए अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। इस अवसर पर बड़सर विधायक इंद्रदत लखनपाल, जिला परिषद सदस्य संजीव शर्मा, बड़सर मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, प्रधान यशपाल ठाकुर, सह-मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर, रवि कानूनगो, सुरेंद्र शर्मा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण वाला, जिला उपाध्यक्ष अनीता कुमारी विशेष तौर पर उपस्थित रहे हैं। पूर्व युवा खेल मंत्री एवं सांसद हमीरपुर अनुराग सिंह ठाकुर, विधायक लखनपाल ने मंडल अध्यक्ष बनने पर यशवीर सिंह पटियाल को बधाई दी है। पूर्व विधायक बलदेव शर्मा ने भी ढटवाल मंडल के अध्यक्ष चुने जाने पर पटियाल को बधाई दी है। बिझड़ी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से पटियाल का स्वागत किया।

## कौन-कौन कहां से बने मंडलाध्यक्ष

सुजानपुर टीहरा से जसवंत सिंह, बमसन (टौणी देवी) से विक्रम राणा, हमीरपुर शहरी से पाल शर्मा, हमीरपुर ग्रामीण से जसवीर सिंह, ढटवाल (बिझड़ी) से यशवीर पटियाल मंडलाध्यक्ष चुने गए हैं।

## 45 वर्ष के क्राइटेरिया का ज्यादातर मंडलों में नहीं हुआ असर

हमीरपुर में निवर्तमान अध्यक्ष आदर्श कांत ने चुनाव बैठक के दौरान कहीं ऐसी बातें कहीं जिसमें उन्होंने यह एहसास करवाने का दम भरा कि मैं तो पहले ही रेस में नहीं था लेकिन पीड़ा निश्चित रूप में मन में होती है। उनका साफ कहना था कि पुराने लोगों को नजरअंदाज करना कितना गलत और सही होगा? इसका एहसास उन्होंने जितनी देर मंच से भाषण दिया, इसी का एहसास करवाया। उन्होंने अभी तंज कसा कि मंडल अध्यक्ष के लिए क्राइटेरिया तो 45 वर्ष का तय हो गया था लेकिन इसका ज्यादातर मंडलों में असर नहीं हुआ। केवल उन्हीं पर लागू करवाया गया।

# एपीएमसी ने प्रस्तावित किया 4.51 करोड़ का आय-व्यय

### अजय शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 1.25 करोड़ के निर्माण कार्यों का प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) की त्रैमासिक बैठक वीरवार को दोसड़का स्थित समिति के कार्यालय परिसर में अजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने जुलाई 2024 से दिसंबर 2024 तक की छमाही में प्राप्त 1,10,21,123 रुपए की आय और 71,89,554 रुपए के व्यय का अनुमोदन किया।

इसके अलावा अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 2,25,95,500 रुपए की आय और 2,25,84,200 रुपए का व्यय प्रस्तावित किया। समिति ने उप सब्जी मंडी जाहू में खाली पड़ी दुकानों, गोदाम और सामुदायिक भवन को अतिशीघ्र आवंटित करने का निर्णय लिया। उप सब्जी मंडी नादौन में नवनिर्मित बूथ और दुकानों के आवंटन को लेकर भी समिति के सदस्यों ने व्यापक चर्चा की।

अजय शर्मा ने समिति के सचिव को बूथ और दुकानों के बचे हुए कार्य को अतिशीघ्र पूरा करवाने तथा इनके आवंटन के लिए विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि सब्जी मंडी हमीरपुर और उप सब्जी मंडी नादौन में आवंटित लगभग 26 लाख रुपए के निर्माण कार्य मार्च से पहले पूरे हो जाने चाहिएं। समिति ने जिला की विभिन्न सब्जी मंडियों एवं उप सब्जी मंडियों तथा किसानों-बागवानों की सुविधाओं के लिए लगभग 1.25 करोड़ रुपए के नए निर्माण कार्य भी प्रस्तावित किए। समिति ने अन्य राज्यों की समितियों द्वारा किसानों व बागवानों की स्थिति को बेहतर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के अध्ययन के लिए उत्पादक व व्यापारी सदस्यों की एक्सपोजर विजिट करवाने का भी निर्णय लिया। बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर समिति की सचिव अरुणा शर्मा, उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार, जिला कृषि अधिकारी राजेश राणा, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. अजय कुमार सिंह, समिति के उत्पादक सदस्य विजय बन्याल, रमेश चंद पराशर, केवल कृष्ण शर्मा, संतोष कुमार, दीप चंद, सुनील कुमार, व्यापारी सदस्य नीलम ठाकुर और अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित थे।



कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) की त्रैमासिक बैठक में उपस्थित गणमान्य।

# अपनी पत्नी को साथ ले जाने की जिद में शराब पीकर मचाया उत्पात

**अनंत ज्ञान, गलोड़**

▶ आत्महत्या के प्रयास में घर के साथ नाले में गिराया ट्राला, बाल-बाल बचा

गत रात्रि जब सब लोग सो रहे थे, उस समय रात एक बजे के करीब ढ्गो निवासी रोशन लाल के घर से चीखो पुकार की आवाजें आने लगीं। गांव के एक छोर पर बने जंगल के किनारे इस घर से आवाजें आने पर आस-पड़ोस के लोग भी बाहर निकले और उस घर की ओर दौड़ पड़े। इस घर का मुखिया रोशन लाल जो शिक्षा विभाग से सेवानिवृत हैं, अपनी बेटी जो 15 दिन पहले उसके पास आई थी, उसे बचा लेने की गुहार लगा रहे थे।

रोशन लाल का दामाद जितेंदर कुमार पुत्र बलराम गांव कोटला कलां जिला ऊना शराब के नशे में धुत था और अपनी घरवाली को अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंदर नशे का आदर है और घरवाली के साथ भी मारपीट करता रहता है। कुछ दिनों से उसका अपनी घरवाली के साथ विवाद चल रहा है और उसकी पत्नी तंग आकर अपने मायके आ गई। जितेंदर कुमार पूर्व सैनिक है और अब अपना व्यवसाय करता है। जितेंदर इतना नशे में था कि हर किसी को धमका रहा था और खुद भी आत्महत्या करने की बात कर रहा था और लगभग 50 लोगों के सामने उसने जिस गाड़ी ट्राला एचपी 36 ई 9616 में आया था, उसे भी साथ लगते 150 फुट गहरे नाले में गिरा दिया। चारों ओर चीखो पुकार मच गई, मगर गनीमत रही कि ट्राला कुछ ही दूरी पर चीलों के पेड़ से टकरा कर रुक गया।

लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और गलोड़ पुलिस के चौकी प्रभारी शशिकांत भी अपने दल-बल के साथ पहुंचे और परिवार के बयान कलमबंद किए और जितेंदर को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गए। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि इस तरह के शराबी लोगों पर पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ऐसे लोग कभी भी किसी कोई भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। वहीं, रोशन लाल का परिवार भी इस घटना के बाद दहशत और सहमा हुआ है।

इस मामले पर गलोड़ पुलिस चौकी प्रभारी शशिकांत ने बताया कि व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर गलोड़ अस्पताल उसका मेडिकल भी करवाया गया है।

## राजेंद्र राणा ने समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए जताया आभार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा सुजानपुर में आयोजित सेना दिवस कार्यक्रम ने एक ऐतिहासिक रूप ले लिया, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और समाज के विभिन्न वर्गों के हजारों लोगों ने भाग लिया। ट्रस्ट के संस्थापक और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने इस कार्यक्रम को यादगार बनाने में सहयोग देने वाले सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि पूर्व सैनिक हमारे देश की आन, बान और शान हैं। उनका बलिदान और समर्पण ही इस देश की सुरक्षा और गौरव का आधार है। उन्होंने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सभी पूर्व सैनिकों और पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया।

# वाह रे व्यवस्था परिवर्तन! दो बजे का समय, सवा चार बजे पहुंचे एमवीआई

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

कुछ दिन पहले बरोहा के किसान भवन में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के ट्रायल के लिए लोगों को बुलाया गया था, लेकिन किन्हीं कारणों की वजह से ट्रायल को रद्द कर दिया। वीरवार को फिर से ट्रायल देने के लिए वाहन चालकों को बुलाया गया, लेकिन लोग बेसब्री से इंतजार करते रहे कि कब एमवीआई आएंगे और उनके ट्रायल लेंगे।

इस बार ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वालों को ग्राम पंचायत अणू में स्थित एनआईटी के खासग्रां में बुलाया गया था। ट्रायल देने वालों को 2 बजे का समय दिया गया था और लोग 11 बजे से ही आना शुरू हो गए लेकिन एमवीआई पांच घंटे बाद सवा चार बजे के करीब पहुंचे, उसके बाद ट्रायल लेने की प्रक्रिया शुरू की गई। व्यवस्था परिवर्तन को लेकर कई बदलाव किए गए हैं, लेकिन प्रशासन को ठंड के इस मौसम में भी लोगों के इंतजार करने की पीड़ा नजर नहीं आई। यह जो समस्या पहली मर्तबा लोगों ने नहीं झेली है बल्कि जिला के अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह से कई बार हो चुका है।

इससे पहले बड़सर में भी लोग अधिकारियों के लेटलतीफी की वजह से परेशान हुए लेकिन प्रशासन और सरकार कब जागेगी। लोगों को समय देने के बाद भी अधिकारी न पहुंचे तो जनता तो परेशान होगी और वो ठंड का मौसम हो, ऐसे में लोगों की परेशानी कौन समझे, जो घंटों अधिकारियों का इंतजार कर रहे हों।

इस बारे में एसडीएम संजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि वे अदालत में हैं और यहां से अधीक्षक को भेजा गया है। वहीं अधीक्षक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सवा चार बजे के करीब एमवीआई पहुंच गए हैं और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ट्रायल ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



एनआईटी के खासग्रां में ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट लेते अधिकारी।

▶ **एक बार कैंसिल, दूसरी बार ठंड में दिनभर ठिठुरते रहे ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वाले**

## साइबर अपराधों से निपटने के लिए एसपी ने पुलिस उपमहानिरीक्षक से की विशेष भेंट



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** साइबर अपराधों की बढ़ती हुई शिकायतों व घटनाओं को देखते हुए वीरवार को पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर अपराध शिमला मोहित चावला के साथ विशेष भेंट व गहन चर्चा की। साइबर अपराधों की बढ़ती हुई शिकायतों व घटनाओं के देखते हुए इनसे प्रभावी तरीके से निपटने के बारे विशेष विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए साइबर अपराध से संबंधित जितनी भी शिकायतें थानों में आती हैं, उन्हें तुरन्त एनसीआरपी पोर्टल पर चढ़ाया जाए जिसमें पीड़ित को उसकी राशि वापस लौटाने की संभावना अधिक हो।

## बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने के लिए अध्यापक और अभिभावकों की अहम भूमिका : सुरेश




**एसके शर्मा, जाहू।** पीएमश्री केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला चंबोह में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों अभिभावकों व पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार का स्थानीय लोगों व स्कूल स्टॉफ ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों के बच्चों को न जमा दो कक्षा तक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा को अनिवार्य किया है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि प्राथमिक पाठशाला चंबोह विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्राथमिकता से बहुउद्देशीय भवन का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह स्कूल में सांस्कृतिक गतितिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। स्कूल के केंद्र मुख्य शिक्षक राजेश शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर स्कूल की उपलब्धियों से अवगत करवाया। इस दौरान नन्हे-नन्हे बच्चों से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के अंत में विधायक सुरेश कुमार ने स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर, तरूण बन्याल, सेवानिवृत्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सरवा राम, चंबोह पंचायत उपप्रधान मोहिंद्र सिंह, बधानी पंचायत प्रधान विनोद कुमार, सौरभ पठानिया, विजय डोगरा व अन्य उपस्थित रहे।

**समस्या** लैब टेक्नीशियन की सेवानिवृत्ति के बाद अब तक नहीं हुई नियुक्ति

# जिला मुख्यालय आयुर्वेदिक अस्पताल में लैब सुविधा बंद

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला मुख्यालय स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में मरीजों को लैब सुविधा के अभाव में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के लैब टेक्नीशियन 31 दिसंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हो गए, जिसके बाद से अस्पताल में ब्लड, यूरिन और अन्य जरूरी टेस्ट बंद हो गए हैं।

नए साल के दो हफ्ते बीत चुके हैं, लेकिन अब तक लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसके कारण मरीजों को निजी लैब में टेस्ट करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। डॉक्टरों द्वारा लिखे गए टेस्ट अब अस्पताल में नहीं हो पा रहे हैं, जिससे मरीजों को बाहर जाकर महंगे दरों पर निजी लैब में जांच करानी पड़ रही है। खासतौर पर गरीब मरीजों पर इसका भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई मरीजों का कहना है कि उन्हें अस्पताल में इलाज के साथ-साथ जरूरी जांच की सुविधा मिलनी चाहिए।

अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से गुहार लगाई है कि आयुर्वेदिक अस्पताल में लिखे जाने वाले टेस्ट को मेडिकल कॉलेज अस्पताल की लैब में करवाने की अनुमति दी जाए। इससे मरीजों को राहत मिल सकेगी और उन्हें निजी लैब में अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। अस्पताल के मेडिकल स्टूडेंट दिलीप ठाकुर ने बताया कि लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति के लिए पत्र भेजा जा चुका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही अस्पताल में नया लैब टेक्नीशियन नियुक्त किया जाएगा। इसके बाद मरीजों को अस्पताल में ही टेस्ट की सुविधा मिलने लगेगी। (अनंत ज्ञान)



अस्पताल में पंचकर्म की सुविधा से भी महिलाएं वंचित हैं।

## मरीजों में नाराजगी बढ़ी

लैब सुविधा बंद होने और महिलाओं के लिए पंचकर्म सुविधा न होने से मरीजों में गहरी नाराजगी है। मरीजों का कहना है कि आयुर्वेदिक अस्पताल पहले ही सीमित संसाधनों के साथ चल रहा है, ऐसे में लैब सुविधा का ठप होना इलाज की गुणवत्ता को और प्रभावित कर रहा है।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित हों

स्थानीय लोगों और मरीजों ने प्रशासन से अपील की है कि अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति और महिलाओं के लिए पंचकर्म की सुविधा जल्द शुरू की जाए, ताकि मरीजों को कुशल और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीआई नेरवा में साक्षात्कार 23 से

**अनंत ज्ञान-चौपाल/नेरवा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चौपाल के प्रधानाचार्य विवेक नेगी ने बताया कि 23 और 24 जनवरी को आईटीआई नेरवा में देश की नामी कंपनी औरो टेक्सटाइल्स वर्धमान लिमिटेड बद्दी स्थित इकाई औरो टेक्सटाइल्स द्वारा इलेक्ट्रिशियन इलेक्ट्रानिक, मैकेनिक, कोपा एसओटी, सिलाई व्यवसाय में आईटीआई पास आउट ड्राप आउट तथा 10वीं और 12वीं पास लड़के-लड़कियां उम्मीदवारों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उम्मीदवार की आयु 18 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उम्मीदवार कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने हेतु दस्तावेजों के साथ आईटीआई नेरवा में पहुंचें।

### ततापानी में अधूरी फेंसिंग करवाई जाए पूरी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** करसोग के प्रवेश द्वार पर स्थित ततापानी में मेला ग्राउंड से छुट्टू पानी तक सतलुज नदी से सटे मार्ग पर अधूरी पड़ी फेंसिंग से स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ततापानी निवासी तिलक राम चौहान ने बताया कि मेला ग्राउंड से छुट्टू पानी तक जाने वाला मार्ग सतलुज नदी के बिल्कुल समीप से गुजरता है। जिला प्रशासन द्वारा कोल बांध प्रबंधन से फेंसिंग का कार्य करवाया गया, लेकिन उक्त कार्य ठेकेदारों द्वारा बीच में अधूरा छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि कई बार जिला प्रशासन को लिखित रूप में इस समय के बारे में अवगत करवाया गया, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। बता दें कि बीते मंगलवार ततापानी में मेला देखने आए पंजाब के युवक ने भी इसी स्थान से पैर फिसलने के कारण पानी में डूब कर अपनी जान गंवाई। लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द ही कोल बांध प्रबंधन को फेंसिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश जारी किए जाएं।

### गोल्ड लोन के नाम पर बैंकों से धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में धोखाधड़ी करने के दो मामले सामने आए हैं। यह धोखाधड़ी गोल्ड लोन के नाम पर दो बैंकों के साथ हुई है। शहर के यूको बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में कुल 59 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। बैंक अधिकारियों की ओर से 6 लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। यूको बैंक के मैनेजर गुरप्रीत सिंह की शिकायत के मुताबिक पांच लोगों ने मिलकर बैंक से 55 लाख 45 हजार 500 रुपए का गोल्ड लोन लिया। बार-बार नोटिस देने के बाद भी आरोपियों ने पैसे नहीं चुकाए। बैंक की ओर से आरोपी वासुदेव पाठक, बसंत लाल, विकास कुमार, अंकिता और चंद्र दास के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। वहीं एक अन्य मामले में आईसीआईसीआई बैंक के मैनेजर मनीष शर्मा ने सुरेंद्र काल्टा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। आरोपी ने सोना रखवाने के लिए बैंक से 3 लाख 83 हजार 400 रुपए का लोन लिया था। बैंक अधिकारियों की ओर से आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने दोनों बैंक अधिकारियों की शिकायत पर 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक 18-19 को




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक 18-19 जनवरी को राजस्थान के ऐतिहासिक नगर जोधपुर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठनात्मक, शैक्षणिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक विषयों पर गहन चर्चा होगी तथा आगामी कार्यक्रमों की दिशा तय की जाएगी। देशभर से आए प्रतिनिधि इस बैठक में भाग लेंगे और विभिन्न अभियानों की समीक्षा के साथ भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सोलंकी ने जोधपुर में आज मीडिया को संबोधित किया और बैठक से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों एवं संगठन की आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की। बैठक में सत्र 2024-25 के कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी और सत्र 2025-26 के लिए नई योजनाओं पर चर्चा होगी।

### बीबीएनडीए लैंड पूलिंग पॉलिसी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्य सरकार ने बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण (बीबीएनडीए) लैंड पूलिंग पॉलिसी-2025 आरंभ की है। इसका मुख्य उद्देश्य सोलन जिला के बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र में संगठित और सतत् विकास को बढ़ावा देना है। यह नीति भूमि मालिकों की सक्रिय भागीदारी से असंगठित भूमि व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित नियोजन से बदलने पर केन्द्रित है। इससे बिना अनिवार्य भूमि अधिग्रहण के भी बेहतर शहरी योजना और बुनियादी ढांचे का विकास संभव होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस नीति के माध्यम से भूमि मालिकों के सहयोग से भूमि को पूल एवं विकसित करके क्षेत्र में आवश्यक सेवाएं और नियोजित लेआउट की सुविधा प्रदान होगी। इस नीति के तहत आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, मिश्रित उपयोग और बुनियादी ढांचे के उप क्षेत्रों में बीबीएनडीए विकास परियोजना को बढ़ावा देना (जिन्हें) अनुमोदित विकास योजना के तहत शहरीकरण क्षेत्रों में शामिल किया गया है। भूमि मालिकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने से क्षेत्र में सतत और समावेशी विकास सुनिश्चित करना राज्य सरकार का लक्ष्य है।

### चालक संजय की मौत की हो न्यायिक जांच: डोगरा

**दशमी रावत, रोहड़ू।** धर्मपुर परिवहन निगम में कार्यरत चालक संजय की हुई मौत की न्यायिक जांच की मांग विभिन्न संगठनों ने की है। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन डोगरा, भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश सचिव व हिमाचल पेंशनर महासंघ के प्रदेश महामंत्री बृज लाल शर्मा ने इस मामले की न्यायिक जांच करने व संबंधित आरएम को तुरंत निलंबित करने की मांग की है। उन्होंने डीएम मंडल की भूमिका पर भी संदेह व्यक्त किया है। उन्होंने मृतक संजय के देय वेतन की भी जानकारी मांगी है कि उसे कब-कब वेतन मिला है, बैंक अकाउंट की डिटेल में सब पता चल जाएगा। महासंघ ने सरकार से मृतक के परिवारजनों को मुआवजा राशि देने व परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की है।

### फार्मेसी कॉलेज के 3 विद्यार्थी राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए चयनित



फाइल फोटो

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के तीन एनएसएस स्वयंसेवक आदित्य अत्री, नितिन चोपड़ा और अर्णव शर्मा का चयन राष्ट्रीय युवा महोत्सव- 2025 के लिए हुआ। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में दिल्ली के भारत मंडपम परिसर में आयोजित किया गया था। जिसमें हिमाचल प्रदेश से विभिन्न संस्थानों से कुल 39 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। जिसमें देश से कुल 3000 प्रतिभागियों को चुना गया। यह चयन प्रक्रिया कुल चार चरणों में हुई। 11 जनवरी को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के तीनों विद्यार्थियों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर, राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी व सांसद सुरेश कश्यप से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। छात्रों ने अपनी सफलता के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार शर्मा व सहायक आचार्य व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कुमारी शिवानी को प्रेरणास्रोत बताया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार शर्मा ने चयनित हुए छात्र-छात्राओं को मंगलकामनाएं दी हैं।

# टीका-टिप्पणी के बजाय प्रदेश हित की बात करें जयराम : कांग्रेस

## बोले-अनर्गल और आधारहीन बयानबाजी कर लोगों को न करें गुमराह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया तथा इंदौरा से विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर अनर्गल और आधारहीन बयानबाजी कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जयराम ठाकुर को टीका टिप्पणी करने के बजाय प्रदेश हित में कार्य करना चाहिए।



केवल सिंह पठानिया



मलेंद्र राजन

उन्होंने कहा कि प्रदेश का आपदा उपरांत आवश्यकता आकलन (पोस्ट डिसास्टर नीड्स असेस्मेंट) का 9 हजार करोड़ रुपए केंद्र सरकार के पास लंबित है जिसे अब तक जारी नहीं किया गया है। नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश के चारों सांसद सकारात्मक भूमिका निभाते हुए इस राशि को केंद्र से जारी करवाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने वर्तमान सरकार को 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज विरासत में दिया है। चुनी हुई सरकार को ऑपरेशन लोटस से अस्थिर करने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रदेश की प्रबुद्ध जनता और देवी-देवताओं के आशीर्वाद ने कांग्रेस सरकार को दोबारा 40 सीटों के साथ सत्ता की कमान सौंपी।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने हिमाचल प्रदेश की संपदा को लुटने दिया। राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्तमान सरकार ने हिमाचल में पावर प्रोजेक्ट कंपनियों से शुरुआत में 12 फीसदी रॉयल्टी, 12 से 30 साल तक 18 फीसदी रॉयल्टी और 30 से 40 साल तक 30 फीसदी रॉयल्टी का निर्णय लिया है। वाइल्ड फ्लावर हाल से प्रदेश से 210 करोड़ का राजस्व अर्जित होगा।

उन्होंने कहा कि चंबा में एनएचपीसी की परियोजना से केंद्र सरकार को 23 हजार 420 करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है, जबकि हिमाचल को न के बराबर सिर्फ 12 फीसदी राशि मिलती है। पूर्व भाजपा सरकार ने पेपर लीक करवाए और युवाओं के साथ अन्याय किया गया। वर्तमान प्रदेश सरकार ने मेरिट आधार पर पात्र युवाओं का चयन कर रोजगार प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से उत्तराखंड को करोड़ों रुपए दिए गए, लेकिन हिमाचल के साथ भेदभाव करते हुए केंद्र ने कोई राशि जारी नहीं की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल का सपना साकार हो रहा है। वर्तमान राज्य सरकार ने बीते दो वर्षों के दौरान 39,220 रोजगार उपलब्ध करवाए हैं जिनमें से 13,704 नौकरियां अकेले सरकारी क्षेत्र में दी गई हैं। वहीं, विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया भी जारी है। हिमाचल प्रदेश दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी नेता बौखलाहट में ऊल-जलूल बयानबाजी कर कांग्रेस सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

# राहुल गांधी का बयान देश के खिलाफ जंग का ऐलान: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान देश के खिलाफ जंग का ऐलान है। किसी नेता से इस तरह के बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती है।

**मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने क्यों नहीं किया राहुल गांधी के बयान का विरोध**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते राहुल गांधी अब देश के विरोध पर उतर आए हैं, यह शर्मनाक बात है। इंडियन स्टेट से लड़ाई की बातें हमेशा एंटी नेशनल एलिमेंट्स के द्वारा ही की जाती रही हैं और आज देश के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के सर्वेसर्वा भी वही बात कर रहे हैं।

राहुल गांधी भारत के संविधान की शपथ लेते हैं और साथ ही कहते हैं कि 'वी आर फाइटिंग द इंडियन स्टेट इटसेल्फ'। क्या विपक्ष के नेता से इस तरह के बयान की उम्मीद की जा सकती है? उन्हे पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब पूरा देश सेना दिवस मना रहा था। देश की सेना के बलिदान शौर्य साहस का गुणगान और नमन कर रहा था। उस समय देश के नेता प्रतिपक्ष इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई का इरादा जता रहे थे। इंडियन स्टेट का मतलब भारत का सब कुछ, जो कुछ भी भारत के हित के लिए है, भले के लिए है, भारत के लोगों की लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। राहुल गांधी उसी के खिलाफ लड़ने की बात कर रहे हैं।

आखिर कांग्रेस देश के खिलाफ इस तरह का मंसूबा क्यों रखती है? जयराम ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से कांग्रेस का असली चेहरा और इरादा सामने आ गया है। जिस समय राहुल गांधी द्वारा इतनी आपत्तिजनक बातें की जा रही थीं, उस समय हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री वहीं मौजूद थे और उन्होंने उनकी इस बात का प्रतिकार नहीं किया। प्रदेश के लोग जानना चाहते हैं कि क्या हिमाचल प्रदेश सरकार के मुखिया और कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी की बात से सहमत हैं या नहीं? अगर हिमाचल के नेता राहुल के बयान से सहमत हैं तो वे खुलकर सामने आएं और अगर असहमत है तो अपने नेता का विरोध करें।

# राहुल गांधी संघ को पहले समझें जानें और फिर बोलें : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के बारे में राहुल गांधी का बयान निंदनीय है और अक्षम्य है। राष्ट्र, देश और भारत की संस्कृति के संबंध में अधूरा एवं विकृत ज्ञान होने के कारण नेहरू-गांधी परिवार लगातार संघ को गाली देता आया है।



नेहरू ने देश के सबसे बड़े राष्ट्रवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसने 1947 में देश के विभाजन के समय हजारों-हजारों हिंदुओं के जान-माल की रक्षा की और उन्हें सुरक्षित भारत लाने में अपनी पूरी शक्ति झोंक दी। उस समय के सर संघचालक माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर को भी जेल में रहना पड़ा। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी गद्दी को बचाने के लिए 1975 में देश में आपातकाल लगाया और एक लाख स्वयंसेवकों को जेल की सलाखों के पीछे डाला।

डॉ. बिंदल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य लेकर चला यह संगठन नेहरू-गांधी परिवार के भारी विरोध के बावजूद देश के हर क्षेत्र में राष्ट्र सेवा में जुटा हुआ है। वर्ष 1975 में इंदिरा गांधी ने अपनी गद्दी बचाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ऊपर प्रतिबंध लगाया, देश में इमरजेंसी लगाई और एक लाख स्वयंसेवकों को जेल की काल कोठरी में बंद किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संघ को पहले समझें, जानें और फिर बोलें। डॉ. बिंदल ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा देश के खिलाफ दिए गए बयान पर देश से माफी मांगनी चाहिए।

# राज्य के बच्चों ने कहा 'थैंक्यू सीएम सर, मुख्यमंत्री ने कहा 'मैं हूं न'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अपनी पहली हवाई यात्रा और तीन सितारा होटलों में यादगार प्रवास से लौटने के पश्चात आज राज्य के 22 बच्चों ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके सरकारी आवास ओक ओवर में भेंट की। अपने 13 दिवसीय शैक्षणिक और मनोरंजक यात्रा के बारे में इन बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए और इस अविस्मरणीय यात्रा के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



मुख्यमंत्री ने बच्चों से बातचीत करते हुए, यात्रा के दौरान उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। कक्षा 12 की छात्रा नैंसी ने हवाई यात्रा के दौरान अपने उत्साह का वर्णन करते हुए कहा, हवाई अड्डे की व्यवस्था से लेकर हवाई यात्रा तक सब कुछ अनुभव करना रोमांचकारी था। नैंसी ने बताया कि हमने ऐतिहासिक स्मारकों का भी दौरा किया, जो भारत के सदियों पुराने समृद्ध इतिहास को जीवंत करते हैं। कशिश ने दिल्ली के विज्ञान संग्रहालय में प्रदर्शित वस्तुओं के प्रति अपने आकर्षण और काल्पनिक सवारी की खुशी को साझा किया। इस बीच, धर्मेंद्र ने गोवा के समुद्र तटों पर समूह के साथ बिताए पलों को याद किया, जहां उन्होंने जमकर नृत्य किया और खूब मौज-मस्ती की। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान हम समूह में यात्रा करते समय अनुशासन के महत्व और हवाई यात्रा की योजना के तरीके को भी सीख पाए।

मुख्यमंत्री की देखभाल और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए बच्चों ने कहा कि अगर सीएम सर न होते तो हम सिर्फ सहानुभूति के पात्र बनकर रह जाते। मुख्यमंत्री की इस पहल ने हमें राज्य के बच्चों का दर्जा दिलाया है, जिसके लिए हम हमेशा उनके आभारी रहेंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने विनम्रता से जवाब देते हुए कहा, यह कोई उपकार नहीं है, राज्य के संसाधनों से लाभ उठाना आपका अधिकार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह माता-पिता अपने बच्चों को भ्रमण पर ले जाते हैं, उसी तरह हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के बच्चों को भी इसी तरह के अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, विधायक संजय अवस्थी, महापौर सुरेंद्र चौहान, उपायुक्त अनुपम कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध को रोकने के लिए स्थापित होगी साइबर फॉरेंसिक लैब : मोहित चावला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में आए दिन साइबर ठग आम लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है। बढ़ते साइबर अपराध को रोकने को लेकर साइबर अपराध विभाग में डीआईजी मोहित चावला ने कहा कि भारत में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।



साइबर अपराधी ठगी और धोखाधड़ी के लिए नए-नए तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे नागरिकों और संस्थाओं को भारी नुकसान हो रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। राज्य में साइबर अपराधों की जांच और रोकथाम के लिए एक अत्याधुनिक साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना का निर्णय लिया गया है। यह लैब तकनीकी उपकरणों और विशेषज्ञों से सुसज्जित होगी, जो साइबर अपराधों की गहराई से जांच कर अपराधियों को पकड़ने में मदद करेगी। साइबर फॉरेंसिक लैब में विशेषज्ञों की एक कुशल टीम तैनात की जाएगी, जो साइबर अपराधों की जांच में पूरी तरह प्रशिक्षित होगी। यह टीम डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण करेगी, साइबर अपराधों के विभिन्न मामलों का समाधान निकालेगी और अपराधियों को कटघरे तक पहुंचाएगी।

# मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार ने बिजली सब्सिडी छोड़ने का खेला राजनीतिक स्टंट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार को अपना सरकारी पद छोड़ कर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता बन जाना चाहिए। सीएम के सलाहकार जो भी बयानबाजी करते है वह केवल राजनीतिक होती है अगर उनका काम केवल सरकार का मुख्य प्रवक्ता बनना है तो वह अपना पद छोड़ सकते हैं।



उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस के नेता को मौका मिलता है तब वह नेता प्रतिपक्ष पर टिप्पणी देना शुरू कर देते है, वह यह केवल इसलिए करते है क्योंकि वह राजनीतिक माइलेज लेना चाहते है। आज भी मीडिया सलाहकार ने बिजली सब्सिडी छोड़ने का राजनीतिक स्टंट खेला है, अगर गौर से देखें तो मुख्यमंत्री के पक्ष में केवल यह ही बोलते हैं, पर कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता एवं अध्यक्ष मौन रहते हैं। कांग्रेस के नेता मौन इसलिए रहते हैं क्योंकि वह जानते है जो मुख्यमंत्री कर रहे हैं वह पूरी तरह गलत है और जो निर्णय वह ले रहे है वह पूरी तरह जनविरोधी है।

# डिप्टी सीएम ऊना और विधानसभा अध्यक्ष कुल्लू में फहराएंगे तिरंगा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**शिमला के रिज पर होगा राज्य स्तरीय समारोह**

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जिला स्तरीय समारोह तय हो गए हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ऊना और विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया कुल्लू में तिरंगा फहराएंगे।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने वीरवार को मंत्रियों का शेड्यूल जारी किया। हर वर्ष की तरह राजधानी शिमला के रिज मैदान पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित होगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी शिमला के समारोह में मौजूद रहेंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार लाहौल-स्पीति के केलांग, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल मंडी, कृषि मंत्री चंद्र कुमार चंबा, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान हमीरपुर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी किन्नौर के रिकांगपिओ, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नाहन, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह बिलासपुर, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी सोलन और आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा धर्मशाला में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

# बर्फबारी से चौपाल-शिमला मार्ग बंद

**सपना सूद-चौपाल/नेरवा**

सुबह से हो रही ताजा बर्फबारी के चलते चौपाल-शिमला मार्ग देहा और चौपाल के बीच बंद हो गया है। ताजा बर्फबारी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



चौपाल-देहा मार्ग पर बर्फ के बीच फंसा ट्रक

क्षेत्र में सीजन की यह पांचवीं बारिश व बर्फबारी है। पहाड़ियों पर एक से डेढ़ फुट बर्फबारी हुई। जिसके चलते पूरा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में आ गया है। बर्फबारी के कारण चौपाल-शिमला मार्ग में वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। सड़क पर फिसलन के चलते चौपाल और नेरवा से कोई भी बस शिमला नहीं भेजी गई है।

उधर, चौपाल-नेरवा-विकासनगर एवं नेरवा-पांवटा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सामान्य रूप से जारी है। वीरवार को दिन भर रुक-रुक कर बारिश और बर्फबारी के चलते चौपाल-शिमला मार्ग की बहाली का कार्य भी नहीं हो पाया। एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने कहा कि बर्फबारी के चलते चौपाल-देहा मार्ग बंद हो चुका है। मार्ग के बहाली के लिए मशीनरी और लोक निर्माण विभाग की लेबर तैनात है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम में अनावश्यक यात्रा से परहेज करें। (अनंत ज्ञान)

# अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा कई पहल की गई हैं और राज्य सरकार ने अवैध खनन और खनिजों के परिवहन की जांच के लिए विभिन्न स्थानों पर चौकियां स्थापित की हैं।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने यह बात आज यहां राज्य में खनन गतिविधियों से संबंधित मामलों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह अवैध व्यापार अभी भी जारी है क्योंकि उल्लंघनकर्ता अन्य वैकल्पिक मार्गों के माध्यम से इन चौकियों को दरकिनार कर रहे हैं, जिसे रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि नालागढ़, ऊना, नूरपुर और पांवटा-साहिब जैसे क्षेत्र अवैध खनन के लिए अत्यधिक संवेदनशील हैं।

उन्होंने खनन अधिकारियों को नियमित तौर पर खनन स्थलों की निगरानी करने के निर्देश दिए तथा कहा कि अवैध खनन से बचने तथा राजस्व अर्जित करने के लिए खानों के पट्टे के लिए अनुमतियां दी जानी चाहिए।

हर्षवर्धन ने कहा कि उद्योग विभाग का खनन विंग खनन से संबंधित कानूनों को लागू करने के लिए एक प्रवर्तन एजेंसी है तथा इसे पर्याप्त स्टाफ, वाहन तथा आईटी इत्यादि के साथ सुदृढ़ किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को इस उद्देश्य के लिए आवश्यक सुधारों के बारे में विस्तृत प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बैठक में पुनीत गुलेरिया, संजीव शर्मा, अनिल राणा तथा सुरेश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# पारंपरिक ढंग से क्योंथल में मनाई गई मकर संक्रांति

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** मकर संक्रांति का त्योहार समूचे क्योंथल क्षेत्र में कुल देवताओं की पूजा और पारंपरिक व्यंजनों को तैयार करके बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों द्वारा अपने कुल देवता के मंदिर में माघ की साजी के पर्व पर हाजिरी भरी। बता दें शिमला व सिरमौर जिला में वर्ष के दौरान पड़ने वाली चार बड़ी साजी अर्थात बैशाखी, हरियाली, दिवाली और माघ की साजी को अपने कुल देवता व देवी की पारंपरिक पूजा करने का विशेष विधान है। लोगों की आस्था है कि इन चार बड़ी साजी पर पीठासीन देवता की पूजा से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और क्षेत्र में समृद्धि एवं खुशहाली का सूत्रपात होता है। पीरन गांव के वरिष्ठ नागरिक दया राम ने बताया कि मकर संक्रांति का त्योहार क्योंथल के अतिरिक्त पड़ोसी जिला सिरमौर में भी पारंपरिक ढंग से मनाया जाता है। यह पर्व दो दिनों तक चलता है जिसमें लोहड़ी के दिन लोग अपने घरों में सिड्डू अथवा अस्कलियां बनाने की विशेष परंपरा है।

**ऐलान**

## मोदी सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों से कर्मचारी परेशान

# मिड-डे मील वर्कर्स मार्च में करेंगे प्रदेशव्यापी हड़ताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मिड-डे मील वर्कस यूनियन संबंधित सीटू की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी की बैठक यूनियन प्रदेशाध्यक्ष इंद्र सिंह की अध्यक्षता में शिमला में संपन्न हुई।

विजेंद्र मेहरा, जगत राम, इंद्र सिंह व शांति देवी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मिड-डे मील वर्कर्स की मांगों व मोदी सरकार की मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी नीतियों के खिलाफ मार्च महीने में प्रदेशव्यापी हड़ताल का आयोजन किया जाएगा। इस कड़ी में मार्च महीने में होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश के हजारों मिड-डे मील कर्मी शिमला में विशाल रैली करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यरत 21 हजार मिड-डे मील कर्मियों की स्थिति बेहद दयनीय है। इनके लिए मात्र 4500 रुपए प्रतिमाह वेतन घोषित किया गया है, जो कि कई-कई महीनों तक नहीं मिलता है। समय पर वेतन न मिलने से मिड-डे मील कर्मियों को अपना जीवनयापन करना बेहद मुश्किल हो रहा है। मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू द्वारा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका पर प्रदेश उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने वर्ष 2019 व डबल बेंच ने वर्ष 2024 में फैसला दिया है कि मिड-डे मील कर्मियों को 10 महीने के बजाए 12 महीने का वेतन दिया जाए, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक इस फैसले को लागू नहीं किया गया है व इस मसले को माननीय सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देकर अपनी मिड-डे मील वर्कर्स विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। मिड-डे मील कर्मियों को साल में एक भी छुट्टी नहीं दी जाती है। उन्हें एमरजेंसी, हारी बीमारी व पारिवारिक कार्यक्रमों में छुट्टी करने पर अपनी जगह रिलीवर भेजना पड़ता है जिसकी 500 से 700 रुपए की दिहाड़ी का खर्चा भी उन्हें खुद ही उठाना पड़ता है, जबकि उन्हें स्वयं अपने कार्य की दिहाड़ी रिलीवर को दी जाने वाली दिहाड़ी का एक चौथाई डेढ़ सौ रुपए ही दी जाती है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के लिखित आदेशों के बावजूद इन कर्मियों से किचन गार्डन, झाड़ियां काटने, साफ-सफाई आदि का अतिरिक्त कार्य करवाया जाता है जिसका उन्हें कभी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाता है।



बैठक में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जगत राम, बालक राम, नरेंद्र विरुद्ध, इंद्र सिंह, शांति देवी, पुष्पा शर्मा, सुदेश आदि शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एयरपोर्ट पर दस दिवसीय खेल स्पर्धा शुरू



**अनंत ज्ञान, गगल।** गग्गल एयरपोर्ट पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार से दस दिन चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक अमित सकलानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जानकारी देते हुए गगल एयरपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश कुमार सिंह व गगल एयरपोर्ट के खेल सचिव साहिल ने बताया कि दस दिन चलने वाले कार्यक्रम में क्रिकेट, रेस, बैडमिंटन और चेस आदि खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इन सभी खेल प्रतियोगिताएं के खिलाड़ियों को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

### मंदल फीडर के तहत आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला के सहायक अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जनवरी को सब-स्टेशन घुरकड़ी के सामान्य रख-रखाव के चलते 11 केवी मंदल फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों मंदल, मसरेड़, भड़वाल, त्रैंबलू, हरनेड़, घियाना खुर्द, ढगवार, खटेहड़, मनेड़, अपर बगली, कोहाला, मटौर तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

### सब-स्टेशन सिद्धपुर के तहत कल पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर, कर्म चंद भारती ने सूचित किया है कि 33/11 केवी सब-स्टेशन सिद्धपुर में बिजली लाइनों के जरूरी रख रखाव के चलते 18 जनवरी (शनिवार) को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक तंगरोटी और उथड़ा ग्रां में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### नलसुहा में हुआ 25वां विशाल जागरण

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर के तहत पड़ते नलसुहा स्थित गांव भरवाडिया बजीर बस्ती में 25वें विशाल महामाई के जागरण का आयोजन बड़ी ही धूमधाम के साथ किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह जागरण उक्त गांव में पुजारी शमशेर शेर पुत्र स्वर्गीय हरि सिंह व उनके परिवार द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें ज्वालामुखी से लोकगायक सौरव शर्मा, मास्टर संजीव कुमार, हर्ष ठाकुर जोगु ने महामाई व बाबा पहाड़िया का गुणगान किया। 25वें विशाल जागरण में पंजाब सहित हिमाचल के विभिन्न स्थान से भक्तजनों ने यहां अपनी हाजिरी लगाइ। इस दौरान गुरु शमशेर सिंह द्वारा बाबा की कृपा से लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया।



### डाडासीबा में 315 छात्र देंगे नवोदय परीक्षा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में 5वीं कक्षा के 315 विद्यार्थी 18 जनवरी को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा देंगे। यह जानकारी प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि डाडासीबा क्षेत्र के 5वीं कक्षा के परीक्षार्थियों के लिए पीएम श्री बाबा काशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा को परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी एडमिट कार्ड सहित सुबह साढ़े 10 बजे तक परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा में पहुंच जाएं।

# डब्ल्यूएचओ से टांडा अस्पताल की वीआरडीएल को मिली मान्यता

## टांडा को डब्ल्यूएचओ से ही टीबी रोग को खत्म करने की भी मिली है जिम्मेदारी

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज टांडा के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में वायरल रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैबोरेटरी (वीआरडीएल) को प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा और माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा सूद के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से कुशल प्रयोगशाला के रूप में मान्यता मिली है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग में वीआरडीएल प्रयोगशाला 2016 से उत्कृष्ट कार्य कर रही है। प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में उनके कार्यालय द्वारा भारत में डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ. रोडेर्लिको एच ऑफरिन से प्राप्त एक संचार में यह जानकारी दी गई।

उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ प्रायोजित परियोजना के तहत खसरा और रूबेला परीक्षण वर्ष 2021 में शुरू किया गया था और वर्तमान में यह प्रयोगशाला पंजाब और हिमाचल प्रदेश से जम्मू, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर, अमृतसर और पठानकोट को खसरा-रूबेला परीक्षण के लिए सेवाएं प्रदान कर रही है। प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा ने वीआरडीएल पीआई- डॉ. अनुराधा सूद, सह-पीआई- डॉ. इसमप्रीत महाजन, शोध वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र कुमार, शोध वैज्ञानिक अंकिता शर्मा, लैब टेक्नीशियन हितेश, लैब टेक्नीशियन शम्मी कुमार, डीओएल संदीप शर्मा और एमटीएस अजय कुमार की पूरी टीम को डब्ल्यूएचओ मान्यता के लिए बधाई दी है।

इससे पहले भी देश से टीबी को खत्म करने के लिए टांडा अस्पताल को डब्ल्यूएचओ द्वारा अहम जिम्मेदारी दी जा चुकी है। मेडिकल कॉलेज ने नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन ट्यूबरकुलोसिस चेन्नई के साथ एक रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए साझेदारी की थी, जिसमें उत्तर भारत में टांडा मेडिकल कॉलेज टीबी मुक्त भारत के लिए एनआइटीआरडी के साथ मिलकर लड़ाई लड़ रहा है। एनआइटीआरडी राष्ट्र के स्वास्थ्य परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो तपेदिक और अन्य फेफड़ों के रोगों से संबंधित अनुसंधान में सबसे आगे है। डब्ल्यूएचओ ने तपेदिक पर्यवेक्षणीय संदर्भ प्रयोगशाला नेटवर्क के तहत संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता दी थी। टांडा मेडिकल कॉलेज का एनआइटीआरडी के साथ मिलकर काम करना बड़े सम्मान की बात रही है। ग्लोबल फंड की ओर से वित्त पोषित किए जाने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज को देशभर की 6 साइटों में से एक के रूप में चुना गया था। (अनंत ज्ञान)

### वीआरडीएल में 15 से अधिक रोगों का निदान

**अस्पताल** की माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा सूद ने बताया कि वीआरडीएल आणविक और सीरोलॉजिकल विधियों द्वारा 15 से अधिक प्रकार के वायरल रोगों का निदान कर रही है और आईसीएमआर की विभिन्न बहुकेंद्रीय परियोजनाओं के लिए एक प्रहरी स्थल के रूप में कार्य कर रही है।

# रे पुलिस ने मालिकों के सुपुर्द किए चोरी हुए दो मोटरसाइकिल




**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ती पुलिस चौकी रे की टीम ने कुछ ही समय अंतराल चोरी हुए दो मोटरसाइकिलों को ढूंढ कर मालिकों के हवाले कर दिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी विकास दीप शर्मा ने बताया कि पुलिस की टीम रियाली क्षेत्र में गश्त पर थी।

इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी हो गए हैं। इस पर तुरंत पुलिस की टीम ने क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी। इसी दौरान कोडू बेला व पास ही के क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर दो मोटरसाइकिल पड़े हुए पुलिस को मिले, जिस पर पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिलों को कब्जे में जांच करने उपरांत मालिकों के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने कि बताया ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस की नाकाबंदी की जानकारी मिलते ही चोर मोटरसाइकिलों को छोड़कर भाग गए होंगे। वहीं, मोटरसाइकिल के मालिक रियाली निवासी रमेश कुमार व मुकेरियां निवासी अर्जुन ने पुलिस का आभार जताया है।

# राहुल गांधी के बयानों को कोई गंभीरता से नहीं लेता : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों पर देश गंभीरता से विचार नहीं करता, क्योंकि उन बयानों में न गंभीरता होती है और न ही सच्चाई होती है। वे बिना कारण बात का बतंगड़ बनाने के महारथी है। राहुल गांधी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान को लेकर बड़े-बड़े बयान दे रहे हैं। यह सच है कि 15 अगस्त 1947 को भारत को आजादी मिली। गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने का यह दिन पूरे भारत के लिए सौभाग्य का दिन था, परंतु इस बात को भी भूलाया नहीं जा सकता कि पूरे 500 साल तक भारत में राम का मंदिर नहीं बन सका। भारत गुलाम था और इस कारण राम के भारत में राम का मंदिर नहीं बन सका। 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का बनना एक बहुत बड़ी ऐतिहासिक घटना है। उस दिन भारत के माथे का वह कलंक मिट गया, जो 500 वर्ष से भारत को अपमानित करता रहा।

पुर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भागवत ने यही कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनने से हमारी स्वतंत्रता और अधिक चमक गई। 15 अगस्त, 1947 को भारत आजाद तो हुआ, परंतु 500 साल से चला आ रहा राम मंदिर न बनने का कलंक मिटा नहीं। भागवत का अभिप्राय केवल यह है कि अयोध्या में राम मंदिर बनने से वह कलंक मिट गया और हमारी स्वतंत्रता और अधिक निखर गई।

# 30 जनवरी तक बंद रहेगा कलोहा बणी सड़क मार्ग




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** देहरा उपमंडल के अंतर्गत कलोहा-बणी सड़क के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग 30 जनवरी तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए सदवां से बणी वाया गरली मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

# सीएम सुक्खू 19 को नूरपुर में करेंगे कई उद्घाटन और शिलान्यास : अजय महाजन

## पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता में जोश, नूरपुर कांग्रेस ने शुरू कर दीं तैयारियां

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 19 जनवरी को नूरपुर का दौरा का करेंगे तथा इस दौरान मुख्यमंत्री नूरपुर में कई उद्घाटन तथा शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर नूरपुर की जनता में दोगुना उत्साह है। खासकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश इस समय सातवें आसमान पर है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर नूरपुर कांग्रेस ने अभी से तैयारी आरंभ कर दी है तथा इन्हीं तैयारीयों के चलते आज नूरपुर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पूर्व विधायक अजय महाजन के नेतृत्व में बैठक कर कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। -नूरपुर पूर्व विधायक अजय महाजन ने मुख्यमंत्री के दौरे पर बात करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि 19 जनवरी को मुख्यमंत्री नूरपुर में पधार रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्यमंत्री नूरपुर के खुशीनगर में फोरेंसिक लैब का उद्घाटन करेंगे साथ में एसपी कार्यालय तथा जाच्छ में अलग-अलग शिलान्यास व लोकार्पण कर पब्लिक मीटिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरे को सफल बनाने के लिए हमने अभी से तैयारी आरंभ कर दी हैं। वहीं, लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री लगभग 1 वर्ष के बाद नूरपुर के दौरे पर हैं। ऐसे में लोगों को मुख्यमंत्री से काफी उम्मीदें हैं।

# समाजसेवी बाबा त्रिलोक नाथ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, नगरी**

हाल ही में बेटियां फाउंडेशन के टांडा में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में कोरोना योद्धा एवं समाजसेवी जिया निवासी बाबा त्रिलोक नाथ को हिमाचल प्रदेश पुलिस के डीजेपी संजय कुमार ने बेस्ट को-ऑपरेशन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया।

बताते चलें कि बाबा त्रिलोक नाथ समाज में सच्चे मन से और निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं और कई सरकारी गैर सरकारी अवार्ड इन्हें मिले हैं। बाबा त्रिलोक नाथ अपने सोसल मीडिया परिवार की मदद से 27 गरीब बेटियों की शादी की धाम और पांच गरीब बेटियों की स्कूल फीस भर चुके हैं। गरीब विधवा के मकान की रिपेयर एवं अंगहीन का कर्जा भी भरा चुके हैं। बाबा त्रिलोक नाथ बताया कि सबसे बड़ी पूजा, सबसे बड़ा सत्संग जरूरतमंदों की सच्चे मन निस्वार्थ भाव से सेवा करना है।

# आरजू का राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेना अरनी विवि के लिए गर्व का क्षण : डॉ. विवेक

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय की एनसीसी कैडेट आरजू गुलेरिया (बीएसी एग्रीकल्चर की छात्रा) ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए नई दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव भाग लिया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को संबोधित किया।

हिमाचल प्रदेश के 39 छात्रों को इस राष्ट्रीय मंच पर भाग लेने का मौका मिला। कैडेट आरजू गुलेरिया ने अपनी भागीदारी के दौरान हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और युवाओं की सोच को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद करने का अवसर मिला। कैडेट आरजू गुलेरिया की भागीदारी अरनी विश्वविद्यालय और हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। यह उनकी कड़ी मेहनत और विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण का परिणाम है। अरनी विश्वविद्यालय के एनसीसी कार्यक्रम, जिसे सहायक प्रोफेसर रोहित कुमार (कैडेट ट्रेनिंग ऑफिसर) के मार्गदर्शन में संचालित किया जाता है, जिन्होंने इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. विवेक सिंह ने कहा कि कैडेट आरजू गुलेरिया की यह उपलब्धि हमारे विश्वविद्यालय और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव जैसे मंच न केवल प्रतिभाओं को पहचान दिलाते हैं, बल्कि युवाओं को अपने कौशल और विचारों को प्रस्तुत करने का मौका भी देते हैं। (अनंत ज्ञान)

# पुलिस ने चतप्पा में पकड़ी 10 पेटी शराब



**अनंत ज्ञान, डरोह।** पुलिस थाना भवारना की टीम ने वीरवार सुबह चतप्पा में 10 पेटी देसी शराब पकड़ी हैं। जानकारी के अनुसार भवारना पुलिस की टीम थाना प्रभारी गुरदेव सिंह की अगुवाई में सड़क पर नाका लगा कर खड़े थे कि इतने में ही वहां से इग्निस गाड़ी संख्या एचपी 37H 6945 गुजरी। टीम ने चेकिंग करने पर 10 पेटी वीआरवी संतरा देसी शराब बरामद है। आरोपी की पहचान अमित कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी तप्पा (पाहड़ा) तहसील पालमपुर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी भवारना गुरदेव सिंह ने बताया कि टीम ने कहा कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी गई है।

# तिब्बती राष्ट्रपति ने तिब्बती मुद्दों पर अमेरिका के प्रयासों को सराहा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



**कहा, चीन-तिब्बत विवाद समाधान के हमारे संघर्ष को आगे बढ़ाया**

मैक्लोडगंज स्थित निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति एवं सिक्योंग पेनपा त्सेरिंग ने तिब्बती मुद्दों के लिए निवर्तमान अमेरिकी विशेष समन्वयक, अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया को लिखे एक पत्र में प्रशंसा व्यक्त की है। उन्होंने अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की, जिसमें अमेरिकी-तिब्बत संबंधों को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा है कि कहा धर्मगुरु दलाई लामा के साथ उनकी बैठकें, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन नेतृत्व, नागरिक समाज और आम जनता के साथ लगातार बातचीत व उनके धर्मशाला दौरे से न केवल तिब्बती लोगों में आशा जई है, बल्कि अभी तक अनसुलझे चीन-तिब्बत विवाद के समाधान को खोजने के हमारे संघर्ष को आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि इस अधिनियम का पारित होना समान विचारधारा वाले देशों के साथ समान पदों को अपनाने के प्रयासों का नेतृत्व करने में एक निर्णायक क्षण था। हम तिब्बत पर अधिनियमित कानूनों को लागू करने में सफल प्रशासन के साथ सक्रिय रूप से काम करने के लिए तत्पर हैं। सिक्योंग ने अंडर सेक्रेटरी रिचर्ड वर्मा और कर्ट कैंपबेल के योगदान को भी स्वीकार किया। तिब्बत के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता और पावन दलाई लामा के कल्याण के लिए उनकी वास्तविक चिंता के लिए उनकी सराहना व्यक्त की है। सिक्योंग ने लिखा है कि तिब्बत के अंदर और बाहर हर तिब्बती जानता है कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारें और लोग हमारे लिए क्या मायने रखते हैं। हमें इस तरह के समर्थन की निरंतरता की आवश्यकता है, जब तक कि हम इस सभ्यता को बचाने के लिए कोई समाधान नहीं खोज लेते, जिसे बचाया जा सके। इससे पहले, 8 जनवरी को अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया ने सिक्योंग को एक पत्र भेजा था, जिसमें उनके कार्यकाल के दौरान उनके परामर्श और सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया था।

20 दिसंबर, 2021 को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकार के लिए अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया को तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिकी विशेष समन्वयक के रूप में समवर्ती रूप से सेवा करने के लिए नामित किया, क्योंकि 2002 के तिब्बती नीति अधिनियम में इस नियुक्ति को अनिवार्य किया गया है। तब से अंडर सेक्रेटरी उजरा जेया ने तिब्बती नेतृत्व के साथ सक्रिय रूप से काम किया है और विभिन्न प्लेटफार्मों और पहलों के माध्यम से तिब्बत से संबंधित मुद्दों पर काम किया है।

# साई कांगड़ा की टीम फुटबॉल विजेता

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धर्मशाला महाविद्यालय इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन वीरवार को धर्मशाला कॉलेज के खेल मैदान में हुआ, जिसमें मुख्यातिथि वरुण गुप्ता (प्रेजिडेंट फुटबॉल संगठन धर्मशाला) और विशिष्टातिथि नैंसी अटल (प्रांत मंत्री) रहे। मुख्यातिथि और विशिष्टातिथि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यातिथि ने बताया कि हमें इस प्रतियोगिता के आयोजन पर गर्व है। यह प्रतियोगिता न केवल खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने में मदद करती है, बल्कि यह युवाओं को एक साथ लाने और नशे से दूर रखने में भी बहुत सहायक है। उन्होंने बताया कि कैसे स्वामी विवेकानंद युवावस्था में ही भारत का परचम विषम पटेल पर लहरा कर आए थे और कैसे विवेकानंद जी राष्ट्र प्रेमी थे और कैसे आज के युवा स्वामी का सपना सरकार कर सकते हैं।

उन्होंने युवाओं और खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में 15 टीमों ने भाग लिया, जिसमें पहला सेमीफाइनल इन्फा व ट्रिगर्थ व दूसरा सेमीफाइनल साई कांगड़ा यूनाइटेड व ईगल फैंसी के मध्य खेला गया व फाइनल ट्रिगर्थ व साई कांगड़ा के बीच हुआ, जिसमें साई कांगड़ा की टीम ने विजेता ट्रॉफी हासिल की। मुख्यातिथि ने विजेता टीम को मोमेंटो, ट्रॉफी और 11000 का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया और रनर-अप टीम को ट्रॉफी, मोमेंटो और 7100 का नकद पुरस्कार दिया।

**खेलकूद**

## सुलयाली पंचायत में आयोजित टूर्नामेंट में तीन ब्लॉकों की 16 टीमों ने लिया भाग

# राजा का तालाब टीम ने जीता वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**भूषण शर्मा, नूरपुर**




नूरपुर की पंचायत सुलयाली में डिब्केशवर महादेव स्पोर्ट्स क्लब द्वारा एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में तीन ब्लॉकों नूरपुर, जवाली व फतेहपुर की 16 पंचायतों की टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में एक पंचायत से एक टीम ही भाग ले सकती थी। टूर्नामेंट का बुधवार देर रात समापन हुआ।

इस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला राजा का तालाब टीम के साथ पंदरेहड़ पंचायत की टीम के बीच हुआ। दोनों टीमों में कांटे की टक्कर का मुकाबला हुआ और राजा का तालाब की टीम इस टूर्नामेंट में विजेता रही। विजेता तथा उपविजेता टीमों को नकद राशि तथा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम कैप्टन गुलशन ने कहा कि हम इस टूर्नामेंट में विजेता टीम रहे और क्लब द्वारा हमें सम्मानित किया है, हम सब का धन्यवाद करते हैं। क्लब के अध्यक्ष सौरभ पठानिया जानू ने कहा कि इस बार जोनल लेवल का टूर्नामेंट करवाया गया। अक्तूबर में क्लब बड़ा टूर्नामेंट करवाता है। खेलकूद प्रतियोगिता करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों, युवाओं को नशे से दूर रखना तथा खेलों के प्रति रुचि पैदा करना है। (अनंत ज्ञान)

**फाइनल में कांटे की टक्कर में पंदरेहड़ को हराया**

# पुलिस ने चोरी का आरोपी पकड़ा

**अनंत ज्ञान, गरली।** गरली के निकटवर्ती गांव मूही मे हलवाई की दुकान के लगातार दूसरी बार ताले तोड़ कर हजारों रुपए की नकदी पर हाथ साफ करने का आरोपी आखिरकार रक्कड़ पुलिस के हत्थे चढ़ गया। अरोपी से गत रात हलवाई की दुकान से चुराए 24 हजार 450 रुपए को बरामद करने के लिए रक्कड़ पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। अरोपी युवक गांव मूही का ही बताया जा रहा है इससे पहले यही युवक भाईदूज पर्व की रात को भी हलवाई की दुकान के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नकदी चुरा चुका था। पुलिस थाना रक्कड़ के प्रभारी कमल किशोर ने बताया कि युवक को पहले शक के आधार पर पकड़ा और बाद में उपरोक्त अरोपी ने अपना चोरी का गुनाह कबूल कर लिया।

# मुनीष बने प्रधान, नीरज महासचिव

## केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के चुनाव संपन्न

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर संघ के चुनाव में एक बार फिर से अनुभाग अधिकारी मुनीष कुमार को प्रधान पद की कमान सौंपी गई है। वीरवार को विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों धर्मशाला, शाहपुर और देहरा में शिक्षकेतर कमर्चारी संघ के चुनाव संपन्न हुए। इसमें प्रधान, संयुक्त सचिव और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए मतदान हुआ। वहीं उपप्रधान, महासचिव, कोषाध्यक्ष और सचिव (सोशल कल्चरल/आईटी) को निर्विरोध चुना गया। शाहपुर परिसर से मुनीष कुमार अनुभाग अधिकारी और सोनम बौद्ध प्रयोगशाला सहायक के बीच प्रधान पद के लिए चुनाव हुआ। इसमें कर्मचारियों ने दूसरी बार मुनीष कुमार को भारी बहुमत से विजयी बनाया। संयुक्त सचिव के पद के लिए राजेश कुमार प्रयोगशाला सहायक और धौलाधार



परिसर से वित्त विभाग से अमित कुमार (अवर श्रेणी लिपिक) के बीच मुकाबला हुआ। इसमें अमित कुमार को कर्मचारियों ने जिताया। वहीं उपप्रधान पद के लिए शाहपुर परिसर से विनोद कुमार, प्रयोगशाला सहायक, महासचिव के पद के लिए शाहपुर परिसर से नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष पद के लिए धौलाधार परिसर से वित्त विभाग में सहायक पद पर सेवारत पंकज कुमार और सोशल कल्चरल-आईटी सैल के पद पर शाहपुर परिसर से तकनीकी सहायक विपिन उपाध्याय निर्विरोध चुने गए। इस चुनाव में विश्वविद्यालय के 62 कमर्चारियों और अधिकारियों ने भाग लिया। इसमें धौलाधार परिसर एक से गिरीश शर्मा सिस्टम एनालिस्ट, शाहपुर परिसर से संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक राजभाषा, देहरा परिसर से अधिशाषी अभियंता पुनीत कुमार शर्मा को पोलिंग अधिकारी नियुक्त किया गया था और इनकी देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। वहीं इस पूरी चुनावी प्रक्रिया को सपंन्न करने के लिए कमर्चारी संघ की आमसभा में तीन सदस्यों की कमेटी का गठन किया था। इसमें उप कुलसचिव हेम राज को अध्यक्ष एवं सहायक कुलसचिव हिंद भूषण कुटलैहड़िया और जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पूजा अवस्थी को चुनाव समिति का सदस्य मनोनीत किया गया।

गर्वनिंग बॉडी में अभिषेक कुमार अवर श्रेणी लिपिक, आपूर्ति अवस्थी अवर श्रेणी लिपिक, अनुज शर्मा एमटीएस, भूपेंद्र कुमार प्रयोगशाला सहायक, नरेंद्र कुमार अवर श्रेणी लिपिक, राहुल चौहान प्रवर श्रेणी लिपिक, राहुल कुमार पुस्तकालय परिचर, रमेश बिशनोई नर्स, स्मृति चौधरी प्रयोगशाला सहायक, सुमित कुमार अग्निहोत्री प्रयोगशाला परिचर, उर्मिला राठौड़ अवर श्रेणी लिपिक, विक्की भारद्वाज सीनियर टेक्नीकल एसिस्टेंट, विनोद कुमार प्रयोगशाला सहायक, मोहम्मद अशरफ पुस्तकालय सहायक, नीरज शर्मा सहायक, सरिता देवी प्रयोगशाला सहायक चुने गए।

## 9 भाजपा मंडलों के अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचितः भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश चुनाव अधिकारी एवं कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने बताया



कि भाजपा हिमाचल प्रदेश के 9 मंडलों के अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए हैं। कुल 171 मंडलों में से अब तक 169 मंडलों में अध्यक्षों की तैनाती हो चुकी है। उन्होंने बताया कि वीरवार को सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए मंडल अध्यक्षों में सुजानपुर टीहरा जसवंत सिंह, बमसन (टौणी देवी) विक्रम राणा, हमीरपुर शहरी पाल शर्मा, हमीरपुर ग्रामीण जसवीर सिंह, धतवाल (बिझड़ी) यशवीर पटयाल, दौलतपुर अजय ठाकुर, गगरेट नितिन ठाकुर, कुटलैहड़ राजेंद्र मलांगड़, डेरा बाबा रूद्रानंद राज कुमार वर्मा शामिल है। उन सभी को सर्वसम्मति से मंडलाध्यक्ष चुना गया है। डॉ. राजीव भरद्वाज ने कहा कि शेष बचे मंडलों में जल्द अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे।

# धौलाधार पर फिर गिरी चांदी, दो फुट बर्फबारी

## माइनस एक डिग्री सेल्सियस तक गिरा न्यूनतम तापमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। धौलाधार की पर्वतों में दो फुट तक बर्फबारी होने से क्षेत्र का तापमान तेजी से गिर गया है। त्रियूंड, ऊपरी पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर से ढक गई हैं। देश-विदेश से धर्मशाला और मैक्लोडगंज पहुंचे पर्यटक इस मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं। हालांकि निचले क्षेत्रों जैसे नड्डी, मैक्लोडगंज, भागसुनाग, डल झील में अभी तक लोगों को बर्फबारी का इंतजार है। पर्यटक इन स्थलों पर बर्फबारी देखने के लिए उत्सुक हैं, जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में पहले ही बर्फबारी का दौर शुरू हो चुका है। इस समय कांगड़ा घाटी कड़ाके की ठंड से जूझ रही है।

धौलाधार पर्वत के साथ लगते उपरी पहाड़ी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 0 से 1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है, जिससे स्थानीय लोगों का दैनिक जीवन कठिन हो गया है। आसपास के धौलाधार पहाड़ ताजा बर्फ से ढके हुए हैं, जिससे सर्दियों की खूबसूरती बढ़



गई है, लेकिन साथ ही लोगों के सामने आने वाली मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। यहां धुध ओर कोहरे के कारण भी दिक्कतें बढ़ गई हैं। बुधवार देर शाम से ही मौसम ने करवट बदली तथा देर रात से ही जिला कांगड़ा भर में हल्की वर्षा का दौर शुरू हो गया। वीरवार सुबह धर्मशाला में वर्षा के साथ ओले भी गिरे, जिससे क्षेत्र में शीत लहर बढ़ गई है। इससे लोग दिन भर घरों और ही दुबके रहे। दिन भर लोग घरों पर दुबके रहे और आग व हीटर का सहारा लेना पड़ा। लगातार बारिश के चलते जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। काफी दिनों से लंबे ड्राई स्पैल के बाद वीरवार से धौलाधार की पहाड़ियों पर ताजा हिमपात हो रहा है। वहीं, निचले क्षेत्रों में बारिश होने से किसानों व बागवानों ने राहत की सांस ली है। होटल व्यवसायियों को भी बर्फबारी का इंतजार है, ताकि क्षेत्र में फिर से पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो सके।

# शहीद कैप्टन बिक्रम बत्रा मैदान में होगा गणतंत्र दिवस समारोह



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

उपमंडलीय गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस पर उपमंडल स्तरीय समारोह हर वर्ष की भांति शहीद कैप्टन बिक्रम बत्रा मैदान पालमपुर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में पुलिस, होमगार्ड, विभिन्न स्कूलों तथा कॉलेजों की एनसीसी, एनएसएस की टुकड़ियां द्वारा मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जायेगा। गणतंत्र दिवस पर उपमंडल के स्कूलों तथा कॉलेजों के छात्रों द्वारा देश-भक्ति तथा प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक को दर्शाते कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम का आरंभ स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ होगा। कार्य्रक्रम में स्वतन्त्रता सेनानियों और अमर शहीदों के परिजनों को विशेष रूप से आमन्त्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में ऐसे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों इत्यादि को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया, जिन्होंने प्रेरणादायक एवं उत्कृष्ट कार्य किया हो।

# आरएस बाली ने नगरकोट मकर संक्रांति पर्व के लिए थपथपाई जिला प्रशासन की पीठ

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा प्रशासन द्वारा करवाए जा रहे दो दिवसीय बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा के जिला स्तरीय मकर संक्रांति घृतमंडल मंडल पर्व का गत दिवस सफल समापन हो गया। कांगड़ा प्रशासन द्वारा करवाए गए इस दो दिवसीय मकर संक्रांति पर्व में 14 जनवरी के दिन कांगड़ा ब्रजेश्वरी मंदिर में सांस्कृतिक संध्या आयोजित हुई जबकि 15 जनवरी के दिन नगर परिषद मैदान में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। कांगड़ा मंदिर की सांस्कृतिक संध्या में सुप्रसिद्ध गायक लखबीर सिंह लक्खा ने अपने भजनों से महामाई का गुणगान किया, जबकि 15 जनवरी नगर परिषद मैदान की सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी ने अपने भजनों से महामाई का देर रात तक खूब गुणगान किया। नगर परिषद मैदान की सांस्कृतिक संध्या के दौरान हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन



विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली मुख्य अतिथि बनकर कांगड़ा वासियों के बीच मौजूद रहे।

उन्होंने कांगड़ा वासियों के बीच नगर परिषद मैदान में सपरिवार बैठकर महामाई का गुणगान सुना। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बेरवा भी इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद रहे। हिमाचल प्रदेश के विख्यात गायक हंसराज रघुवंशी की एक झलक देखने के लिए नगर परिषद मैदान में हजारों की भीड़ जुटी थी। कार्यक्रम के समापन के उपरांत आर.एस बाली ने अपने संबोधन के दौरान कांगड़ा प्रशासन की मकर संक्रांति के इस पर्व के सफल आयोजन के लिए प्रशंसा की।

उन्होंने एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा, तहसीलदार पूजा, एसएचओ संजीव कुमार, मंदिर अधिकारी नीलम राणा, एसएमओ डॉ अल्पना, ट्रस्ट के सभी सदस्यों, समस्त विभागों और इस सफल आयोजन में सहयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के काम को सराहा। आरएस बाली ने कांगड़ा पुलिस प्रशासन के कार्य को विशेष रूप से सराहा जिन्होंने नगर परिषद मैदान में उमड़े इतने बड़े जन सैलाब को व्यवस्थित तरीके से संभाला। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने भी मकर संक्रांति पर्व के दौरान व्यवस्था देखने में जुटी अपनी समस्त टीम के कार्य की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा गत दिवस मकर संक्रांति पर्व 2025 का समापन हो गया। उन्होंने मकर संक्रांति के इस पर्व के सफल आयोजन में कार्यरत अपने प्रत्येक सहकर्मी का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने भी एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार और अपनी समस्त पुलिस टीम का मकर संक्रांति 2025 के इस पर्व के सफल आयोजन में सहयोग करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

# पिकर और पैकर के 100 पदों के लिए 20 और 21 को इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि गेंद्रोएट एसआर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, धनबाद, झारखंड द्वारा पिकर और पैकर के 100 पद क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला को अधिसूचित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और आयु 18 से 32 वर्ष रखी गई है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थी को कम्पनी द्वारा पिकर के लिए 17 हजार 97 रुपए तथा पैकर के लिए 13 हजार 200 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 7061130648 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 20 जनवरी को उप रोजगार कार्यालय पालमपुर तथा 21 जनवरी को उप रोजगार कार्यालय कांगड़ा में सुबह 10:30 बजे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता व अन्य देय नहीं दिया जाएगा।

### ऑनलाइन ही करना होगा आवेदन

**रोजगार** अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदकों को साक्षात्कार में भाग लेने से पूर्व ईईएमआईएस डॉट एचपी डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदन के लिए उक्त वेबसाइट पर अपनी ई-मेल या मोबाइल नंबर से लॉगइन करने के बाद अपने डैशबोर्ड में दिख रही गेंद्रोएट एस.आर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की रिक्तियों के लिए आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद ही साक्षात्कार में भाग लिया जा सकता है।

# पेंशन न मिलने से एचआरटीसी पेंशनर्स में गुस्सा

## पालमपुर में बैठक कर सरकार तथा प्रबंधन के खिलाफ जताया रोष

**अनंत ज्ञान, डरोह**

हिमाचल पथ परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला कांगड़ा के पालमपुर जोन की मासिक बैठक 16 जनवरी को बस संस्थान पालमपुर में सुमित कटोच अध्यक्ष पालमपुर जोन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें बलराम पुरी प्रदेश चेयरमैन, मधूसुदन शर्मा, बृज पाल सिंह तथा रमेश रैना महामंत्री जिला कांगड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम सभी सदस्यों को नववर्ष की शूभकामनाएं दी गईं। बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर से हिमाचल सरकार तथा प्रबंधन के खिलाफ रोष प्रकट किया गया। क्योंकि 16 जनवरी तक पेंशनरों के खाते में पेंशन नहीं आई थी। साथ ही प्रबंध निदेशक ने दिसंबर में कॉनट्रैक्ट ऑफ कोर्ट की पेशी में लिखित आदेश प्रस्तुत किए हैं कि 65,70और75 वर्ष आयु पूरी हो चुकी है, उन्हें दिसंबर माह की पेंशन जो कि जनवरी 25 में देय है के साथ वेतन में 5,10 और 15प्रतिशत के हिसाब से बढ़ोतरी कर दी जाएगी। परंतु यह सब कागजों तक




ही सीमित है। मुख्य कार्यालय में बैठे कर्मचारी प्रबंध निदेशक के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं या बीच में कोई ओर राज है।

निगम प्रबंधन तथा सरकार को बार बार मांग पत्र सौंपे जाने पर तथा स्मरण पत्र देने के बावजूद भी कल्याण मंच के प्रदेश नेतृत्व को बैठक हेतु सरकार द्वारा अढ़ाई वर्षों से समय नहीं दिया गया और ना ही कोई मांग पूरी की गई, जोकि पेंशनरों के साथ भद्दा मजाक है। बैठक में पुन: अनुरोध किया गया कि पेंशनरों के जितने भी देय भत्ते हैं, उन्हें तुरंत जारी किया जाए तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना की जाए और हर माह पहली तिथि को पेंशन जारी की जाए। बैठक में संसार पठानिया, अशोक सूद, अम्बिका प्रसाद, दलजीत पटियाल, प्रताप कपूर, गोपालदास, ओमप्रकाश, राकेश शर्मा, दिनेश शर्मा, सुभाष ठाकुर, राजेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, युद्धवीर सिंह, भूपिंदर शर्मा, कमलेश, प्रीतम चंद, जीवन शर्मा इत्यादि लगभग 72 सदस्यों ने भाग लिया।

### महामाई का गुणगान



कांगड़ा। नगर परिषद कांगड़ा के मैदान में जिला स्तरीय मकर संक्रांति पर्व की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी ने अपने भजनों से महामाई का गुणगान किया। उन्होंने महामाई की एक से बढ़कर एक भेंट प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। (अनंत ज्ञान)

## जन्म-मृत्यु पंजीकरण को लेकर नए नियम अधिसूचित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** राज्य में जन्म-मृत्यु पंजीकरण को लेकर नए नियम अधिसूचित हो गए हैं और जारी किए जाने वाले प्रारूप के अनुरूप ही अब पंजीकरण होगा। स्वास्थ्य विभाग की सचिव एम. सुधा देवी की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है, जिसके तहत इन नियमों को हिमाचल प्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) नियम, 2024 होगा और यह नियम अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन से तुरंत प्रवृत्त होंगे। नियम-5 के किए गए संशोधन के तहत इन नियमों में निर्दिष्ट प्रारूपों में नाम जहां भी आता है, वहां अब प्रथम नाम, मध्य नाम व अंतिम नाम का प्रारूप दिया जाएगा और नाम में कोई संक्षेपाक्षर अंतर्विष्ट नहीं होंगे, वहीं तारीख जहां भी आती है, वहां दिन-मास-वर्ष का प्रारूप दिया जाएगा। पता के स्थान पर राज्य या संघ, राज्यक्षेत्र, जिला, उप-जिला, नगर या गांव, वार्ड संख्या, परिक्षेत्र, मकान संख्या, पिन कोड लिखना होगा।

# लापरवाही : मंडी पुलिस ने मैंझा के रवि के घर खड़े स्कूटर का कर दिया चालान

## ऑनलाइन थमा दी 1500 रुपए के चालान की रसीद

**राकेश डोगरा, डरोह**

उपमंडल पालमपुर के अंतर्गत मैंझा निवासी रवि कपूर का बुधवार दोपहर को घर पर खड़े स्कूटर का चालान हो गया। हैरानी की बात यह है कि जिस स्कूटर का चालान हुआ है वह कई दिनों से मालिक के घर पर खड़ा है और उस पर धूल तक जमी हुई है। स्कूटर के मालिक रवि ने बताया कि उनका स्कूटर कई दिनों से उनके घर पर खड़ा है तथा वह चलने की हालत में भी नहीं है।

उन्होंने कहा कि बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब उनके फोन नंबर पर मैसेज आया कि जिला मंडी के धारबग्गी में 1500 रुपए का चालान कटा है। रवि ने कहा कि यह सरासर गलत चालान काटा गया है तथा इसकी जांच होनी चाहिए। इस संदर्भ में जिला मंडी की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा से बात



करने पर उन्होंने इस केस से संबंधित जोगिंद्रनगर थाने के पुलिस अधिकारी से बात करवाई। उन्होंने सारी तहकीकात करने उपरांत कहा कि यह चालान एचएससी रणजीत ने काटा है, जोकि एक अक्षर न लिखने की वजह से गलत पते पर चला गया। उन्होंने कहा कि रवी कपूर का स्कूटर वाहन नंबर एचपी 37 5252 है जबकि जिस मोटरसाइकिल वाहन का चालान हुआ है, वह एचपी 37 एफ 5252 है। उन्होंने कहा हमने गलती सुधार ली है। रवी कपूर को चालान देने की जरूरत नहीं है। यह चालान मोटरसाइकिल वाहन मालिक से वसूला जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उपतहसील परिसर सुलह में खड़ी बाइक का मंडी में चालान किया गया था। जब बाइक मालिक मेहर चंद द्वारा मंडी पुलिस से पूछताछ की तो उन्हें जवाब मिला कि नियमों की अवहेलना करने पर यहां पर दोपहिया वाहन चालक भगा था, जिसका हमने चालान काटा था तथा जांच करने पर यह सामने आया कि जिला मंडी में कुछ वाहनों पर नकली नंबर प्लेट का इस्तेमाल हो रहा है। मेहर चंद ने कहा कि अभी तक मंडी पुलिस द्वारा उनकी बाइक का चालान नहीं भरा गया है और वह पुलिस से इस पर उचित कार्रवाई करने की मांग करते हैं। (अनंत ज्ञान)

# नगरोटा पीडब्ल्यूडी के बेड़े में एक जेसीबी और दो नए टिप्पर जुड़े



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां में लोक निर्माण विभाग को विकास कार्यों में सहूलियत देने के लिए दो नए टिप्पर और एक जेसीबी उपलब्ध करवाई गई है। शुक्रवार को नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर आरएस बाली ने कहा कि इन नई मशीनों के माध्यम से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को तेज गति दी जाएगी और सड़कों व अन्य परियोजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना है। उन्होंने इस पहल को विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने विधायक आरएस बाली का आभार व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि इन मशीनों का उपयोग क्षेत्र के विकास कार्यों में पूरी क्षमता के साथ किया जाएगा।

**स्पोर्ट्स**

### विधानसभा क्षेत्र जसवां-परागपुर में सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य शुभारंभ

# खेल महाकुंभ प्रतिभा दिखाने का मंचः बिक्रम

**शालविया शर्मा, गरली**

विधानसभा क्षेत्र जसवां-परागपुर में वीरवार को सांसद खेल महाकुंभ 3.0 का भव्य शुभारंभ किया गया। अंपर परागपुर स्थित इनडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि के रूप में मौजूदा विधायक बिक्रम ठाकुर ने हिस्सा लिया। यह आयोजन विशेष रूप से क्षेत्र के युवाओं के बीच खेलों के प्रति रुचि और उत्साह को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया था।

बिक्रम ठाकुर ने इस अवसर पर कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस खेल महाकुंभ से क्षेत्र के युवाओं को शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन मंच मिलेगा। उनका कहना था कि यह कार्यक्रम न केवल खेलों को बढ़ावा देगा, बल्कि युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विधायक ने विश्वास जताया कि इस



आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता और उत्साह में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ 3.0 के जैसी पहलों से युवाओं को खेलों में करियर बनाने के अवसर भी प्राप्त होंगे। यह कार्यक्रम न केवल क्षेत्र में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि युवाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का एक मजबूत कदम साबित होगा।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं के बीच जोश और उत्साह देखा गया और उन्होंने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने की इच्छा जताई। सांसद खेल महाकुंभ 3.0 से क्षेत्र में खेलों के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित होगा, जिससे खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## पालमपुर अस्पताल में बनेगी चार मंजिला पार्किंग

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सिविल अस्पताल पालमपुर में आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को अब पार्किंग की समस्या नहीं आएगी। अस्पताल के परिसर में साढ़े चार करोड़ के चार मंजिल पार्किंग बनेगी। पार्किंग में 100 वाहन खड़े करने की व्यवस्था होगी। इस पार्किंग का जल्द शिलान्यास कर दिया जाएगा। इसके लिए बजट का प्रावधान कर दिया है। अस्पताल परिसर में बनने वाली यह बड़ी पार्किंग होगी। जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल पालमपुर में पिछले कई सालों से वाहन को खड़ा करने की मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल परिसर ने पार्किंग सुविधा न होने पर लोगों को बाहरी इलाके में वाहन खड़े करना पड़ते है। इससे कई बार लोगों को वाहनों के चालान भी हो जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कैडेट्स ने मनाया भारतीय थल सेना दिवस



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एन सी सी आर्मी विंग के 40 कैडेट्स ने बिलासपुर के शहीद स्मारक के पास मनाया भारतीय थल सेना दिवस। सबसे पहले कैडेट्स ने शहीद स्मारक के पास जा कर वहां की सफाई की और उसके बाद स्वतंत्रता सेनानियो तथा सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ इस दिन को मनाया। इस मौके पर अंडर ऑफिसर कोमल भवानी और सी पी एल चंदन कौंडल ने सभी कैडेट्स को भारतीय थल सेना दिवस पर जानकारी दी । यह गतिविधि अंडर ऑफिसर कोमल भवानी के नेतृत्व में की गई।महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पी एस कटवाल ने एन सी सी कैडेट्स को अपना शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि आर्मी विंग कैडेट्स को भारतीय थल सेना दिवस की विशेष बधाई और कैडेट्स जो कार्य जागृत जगाने के लिए कर रहे है वो निश्चित रूप से प्रशंसनीय है।

### नम्होल शाखा ने खाताधारक को दी बीमा राशि

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की नम्होल शाखा ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत एक खाताधारक को बीमा क्लेम की राशि प्रदान की है। यह सहायता शाखा प्रबंधक कुलदीप चंद और बैंक कर्मचारियों की सक्रिय पहल के तहत संभव हो पाई। खाताधारक धीरज देवी, पत्नी दिनेश कुमार, ने इस योजना के तहत बीमा करवाया था। लगभग छह महीने पहले एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद, बैंक शाखा ने तत्परता दिखाते हुए उनके पुत्र को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक कुलदीप चंद ने बताया कि यह योजना दुर्घटनाओं के समय वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बनाई गई है। उन्होंने सभी ग्राहकों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़कर इन योजनाओं का लाभ उठाएं। बैंक कर्मचारियों ने इस पहल से समाज में सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया है। इस प्रकार की योजनाएं न केवल परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करती हैं बल्कि उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में भी सहायक होती हैं।

### नशा निवारण और स्वास्थ्य के महत्व पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रतीक गुप्ता, सचिव (सिनियर सिविल जज) जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर, हिप्र ने बताया कि राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, शिमला, हिप्र के दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायत औहर, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रतीक गुप्ता, सचिव (सिनियर सिविल जज) जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर, हिप्र ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होनें मुफ्त कानूनी सहायता की पात्रता, मुफ्त कानूनी सहायता कैसे व कहां से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने लोगों की सुविधा के लिए ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू की है। जिसके द्वारा पात्र व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता व अन्य सेवाओं के लिए घर बैठे आवेदन कर सकते है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर, हि. प्र. के दूरभाष नम्बर 01978-221452 पर संपर्क कर सकते हैं। स्वाति शर्मा, जिला श्रम कल्याण अधिकारी ने श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया जबकि आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास कुमार ने नशा निवारण और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। ग्राम पंचायत प्रधान और उपप्रधान रणजीत वर्धन ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया और इस शिविर को ग्राम पंचायत के लिए प्रेरणादायक बताया। इस शिविर में लगभग 80 लोगों ने भाग लिया।

### उपायुक्त मंडी से मिला ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल



**आदर्श, नेरचौक।** डडौर वार्ड 9 को नगर परिषद नेरचौक से बाहर करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी कड़ी में वीरवार को ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन से मिला। पार्षद गीता देवी की अगुवाई में उपायुक्त से मिले इस प्रतिनिधिमंडल ने डडौर को पुनः पंचायत का दर्जा देने की उपायुक्त से अपील की। ग्रामीणों ने उपायुक्त को इस संदर्भ में एक ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी, जयराम, अमी चंद, रूपलाल चौधरी तथा हलका राम सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।

### रुक-रुक कर हो रही वर्षा से बढ़ी ठंड

**भीम बसेडू, महादेव।** ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होने और निचले क्षेत्रों में पिछली रात से रुक-रुक कर हो रही व्यापक वर्षा से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया है वहीं नाचन आदि क्षेत्र भर में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। खासकर रोहांडा वैली कमरूनाग, शिकारी देवी,चौकी पंडार,निहरी आदि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने तथा मैदानी इलाकों में बरखा की स्तिथि बनने से न्यूनतम तापमान के नीचे गिरने से अत्यधिक शीत लहर जारी है।बता दें कि एक ओर जहां दूर-दूर के सैलानी यहां पहाड़ों में आकर बर्फबारी का मजा ले रहे हैं वहीं यहीं के मैदानी इलाकों के लोगों की भी बर्फ स्थल के बीच जाने की होड़ सी मची हुई है जो बर्फ को छूना अपना सौभाग्य समझ रहे हैं।

# कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर कार फुट ब्रिज से टकराई, युवक की मौत

**हादसे में पांच लोग हुए घायल, एक की कटी बाजू**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी।

कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर री में एक कार फुट ब्रिज से टकरा गई। जिससे जीप में सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि 5 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रवि कुमार निवासी एबली तहसील निगदू जिला करनाल-हरियाणा की शिकायत के आधार पर ट्रैफिक एंड टूरिस्ट थाना भगेड़ ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि वह अपने दोस्तों विजय कुमार, नरेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, अभिनव, निशांत व मनीष के साथ घर से घूमने के लिए कार नंबर एचआरएक्यू-1551 से मनाली जा रहे थे। कार को निशांत चला रहा था।

आरोप लगाया कि गत रात करीब डेढ़ बजे जब वह री के पास पहुंचे तो कार निर्माणाधीन फुट ब्रिज के लोहे के एंगल से टकरा गई, जिससे विजय कुमार, नरेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, मनीष कुमार व अभिनव को चोटें लगीं।

घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस के माध्यम से एम्स पहुंचाया गया। जहां पर उपचार के दौरान मनीश कुमार निवासी पवनावा डाकघर डांड जिला कैथल-हरियाणा की मौत हो गई जबकि विजय कुमार की आपरेशन के दौरान बाईं बाजू काट दी गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एम्स में पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतका का एम्स में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### अभद्र टिप्पणी करने पर शिकायत दर्ज

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** थाना झंडूता में एक महिला ने अपने पति के विरुद्ध गाली-गलौज करने के साथ ही सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियां करने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी गई शिकायत में नीलम कुमारी निवासी नाहरल (नेरी) डाकघर रोहल तहसील झंडूता ने कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2009 में बलद्वाड़ा में हुई थी। आरोप लगाया कि इसका पति अक्सर इसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता रहता था। जिसका मामला झंडूता अदालत में चल रहा है। जिस कारण वह वर्ष, 2023 से अपने मायके नाहरल-नेरी में अपनी बेटी के साथ रह रही है। इसके बावजूद उसका पति फोन पर इसे तथा उसकी बेटी के साथ गाली-गलौज करने के साथ ही अभद्र वीडियो भेजता रहता है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## श्री नयना देवी मंदिर रोप-वे की फरवरी माह में मिलेगी सुविधा

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**



हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर की ऊंची पहाड़ी पर स्थित माता श्री नयना देवी मंदिर के समीप पहुंचने बाली रोप-वे (रज्जू मार्ग) की सेवा श्रद्धालुओं को अब फरवरी महीने में मिल पाएगी।

इस रोप-वे के नवीनिकरण ओर सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी रिपेयर के कारण इसे लगभग 20 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है और रिपेयर पूरी होने के बाद फिर से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यह सेवा शुरू होगी आज कल इसकी रिपेयर का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है।

इस रोप-वे सेवा को चलते हुए लगभग 30 वर्ष का समय हो चुका है और अहम बात यह हैं कि इस रोप बे की सेवा पूरी तरह सुरक्षित रही है इस रोपवे के माध्यम से श्रद्धालु एवं पर्यटक मात्र 5 मिनट में मुख्य सड़क से मंदिर के समीप पहुंच जाते है।

अब इस रज्जू मार्ग का नवीकरण किया जा रहा है इसके लिए रज्जू मार्ग की रोप तथा उसमें चलने वाली ट्रालियां को नए सिरे से नवीकरण कर उसे और भी आकर्षक बनाया जा रहा है जिसके लिए रज्जू मार्ग के प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि रज्जू मार्ग को लगभग 20 दिनों तक बंद रखा जाएगा जिसके चलते सारा रज्जू मार्ग को नवीकरण करके लोगों के लिए जल्दी ही फिर से चलाया जाएगा।

गणपति रज्जू मार्ग ने हमेशा ही यात्रियों की सुरक्षा हेतु समय-समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिसके फलस्वरूप आज नयना देवी का रज्जू मार्ग न केवल हिमाचल में अपितु पूरे देशभर में प्रसिद्ध है जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु माता श्री नयना देवी जी के दर्शन कर रज्जू मार्ग से जाते हैं।

सोमेन साइट इंचार्ज रोप-वे ने कहा कि मार्ग हमेशा ही यात्रियों की सेवा के लिए तैयार है तथा यात्रियों की सेवा करना और सुरक्षा का ध्यान रखना उनका मुख्य उद्देश्य है उन्होंने सभी यात्रियों से लगभग 20 दिनों के लिए रज्जू मार्ग बंद होने पर प्रबंधन को सहयोग देने की अपील की है।(अनंत ज्ञान)

## स्कूटी सवार 2 भाइयों से 4.83 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

थाना सदर पुलिस ने मंडी-भराड़ी के पास स्कूटी सवार 2 भाइयों से 4.83 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी अनुसार थाना सदर पुलिस द्वारा मुख्य आरक्षी किशोरी लाल की अगुवाई में गत सायं कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी-भराड़ी में नाका लगाया था तथा अवागमन करने वाले वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान कीरतपुर की तरफ से एक स्कूटी नंबर एचपी 33डी- 4113 आई।

इस स्कूटी पर 2 युवक सवार थे। पुलिस ने संबंधित स्कूटी को निरीक्षण के लिए रोका। पुलिस को सामने देखकर पीछे बैठे युवक ने नाली की तरफ पॉलीथिन का लिफाफा फैंका। पुलिस ने तलाशी ली तो चिट्टा निकला। आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय साहिल कुमार नायर निवासी क्वाटर बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर और 27 वर्षीय शुभम नायर निवासी बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर जिला मंडी के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर में मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना सदर पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी के सामान सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बरमाणा सीमेंट कंपनी में कार्यरत एक निजी कंपनी के कर्मचारी को सुरक्षा टीम ने सामान चुराकर ले जाते हुए पकड़ा है। थाना बरमाणा पुलिस ने विजय सिंह निवासी शिवगंज कॉलोनी-दलवाड़ा रोड जिला बयावर- राजस्थान की शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि एक निजी कंपनी में अनुबंध पर कार्यरत एक कर्मचारी अपनी जैकेट के अंदर कंपनी का सामान ले जा रहा था। सुरक्षा टीम द्वारा तलाशी ली तो उसकी जैकेट से कंपनी का सामान बरामद किया। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## नशे से दूर रखने में खेलों की अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**



खेल महाकुंभ के समापन पर खिलाड़ियों के साथ मान सिंह धीमान व साथ हैं अन्य।

**सांसद खेल महाकुंभ-3 के समापन पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ने की शिरकत**

नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सांसद खेल महाकुंभ-3 के समापन पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मान सिंह धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस खेल महाकुंभ में वॉलीबॉल के फाइनल मैच में टोबा ए टीम ने पहला स्थान, टोबा बी टीम ने दूसरा स्थान और बैहल टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मान सिंह धीमान ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपत्ति है और स्वस्थ व्यक्ति ही देश के विकास में योगदान दे सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी की फिट इंडिया मूवमेंट के तहत इस तरह के आयोजन ग्रामीण इलाकों में छुपी हुई प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आजकल बड़ी संख्या में युवा नशे के आदी हो रहे हैं, जो चिंताजनक है। उन्हें नशे से दूर रखने में खेलें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। युवा देश का भविष्य हैं। आने वाले समय में देश की बागडोर उन्हीं को संभालनी है। लिहाजा युवाओं को चाहिए कि वे नशे व अन्य बुरी आदतों से दूर रहकर अपनी ऊर्जा देश के विकास और उत्थान में लगाएं।

उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा होते हैं, और खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन बनाए रखना चाहिए।

## नगर परिषद घुमारवीं में जीआईएस सर्वे शुरू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



सर्वे के दौरान मौजूद कर्मी।

**मैन्युअल और ड्रोन दोनों तरीकों से किया जा रहा सर्वे**

नगर परिषद घुमारवीं ने शहर में ज्योग्राफिकल इनफॉरमेशन सिस्टम (जीआईएस) सर्वे शुरू किया है। यह सर्वे मैन्युअल तथा ड्रोन दोनों तरीकों से किया जा रहा है, जिसमें भवनों की मंजिलों तथा कितनी भूमि पर निर्माण किया गया है सहित पूरा रिकॉर्ड नगर परिषद के पास आ जाएगा। इस सर्वे से शहर की सभी इमारतों की फोटो रिकॉर्ड में आ जाएगी। भवनों के डिजिटल रिकॉर्ड से जहां परिषद के रेवेन्यू में इजाफा होगा वही भवनों में बदलाव या अवैध निर्माण का आसानी से पता लगाया जा सकेगा।

अधिकारियों की माने तो इस जीआईएस सर्वे को करवाने के पीछे का कारण है कुछ शहरवासियों कि अकसर शिकायत रहती थी कि उनके भवनों का एरिया कम होने के बावजूद उनसे दूसरे बड़े भवन मालिकों की अपेक्षा ज्यादा कर वसूला जा रहा है लेकिन सर्वे के बाद लोगों की ऐसी सभी शिकायतें तो दूर होगी ही साथ ही नगर परिषद के हाउस टैक्स रेवेन्यू के बढ़ने के भी आसार हैं ।

नगर परिषद अधिकारियों का कहना है सात वार्डों वाली नगर परिषद घुमारवीं पंजीकृत करीब 1300 घरों में से कई शहरवासी हाउस टैक्स का लाखों रुपए डकार बैठे हैं।

नगर परिषद घुमारवीं कई वर्षों से टैक्स अदा नहीं करने वाले इन शहरवासियों को नोटिस जारी करती आ रही है। यहां तक कि नगर परिषद ने समय-समय पर ऐसे लोगों को एकमुश्त किस्त देने पर 10 से 20 फीसदी छूट के साथ साथ एक से अधिक किस्तों में भी हाउस टैक्स को अदा करने की कई बार पेशकश की है।

नगर परिषद घुमारवीं में रह रहे शहरवासी टैक्स अदा करने में आनाकानी करते आ रहे हैं । क्योंकि उनकी हर बार यही शिकायत रहती है कि उनसे ज्यादा हाउस टैक्स वसूला जा रहा है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद घुमारवीं का परिषद में पंजीकृत परिवारों से करीब 50 लाख सालाना हाउस टैक्स के रूप में बनता है, लेकिन इस जीआईएस सर्वे के बाद नगर परिषद जल्द ही हाउस टैक्स जमा करवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से भी गुरेज नहीं करेगी।

उधर नगर परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया को नगर परिषद ने शहर में जीआईएस सर्वे शुरू किया है। इस सर्विस शहर की सभी इमारतों का भूमि सहित रिकॉर्ड नगर परिषद के पास आ जाएगा । इसके बाद नगर परिषद को लोगों से हाउस टैक्स लेने में आसानी होगी, साथ ही उन लोगों की शिकायत भी दूर होगी जो अक्सर ज्यादा टैक्स लेने की शिकायत करते हैं।

## चिट्टे के दोषी को दस-दस हजार रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** विशेष न्यायधीश जिला बिलासपुर चिराग भानू सिह की अदालत ने आरोपी अजय कुमार पुत्र जोगिंद्र सिंह निवासी नालग जिला बिलासपुर व प्रदीप चौधरी पुत्र विजादर चौधरी गांव वलाहझली मर्दनपुर जिला सिवान विहार को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 29 में दोषी करार देते हुए दस हजार-दस हजार रुपए जुर्माना भरने का अहम फैसला किया। सजा का जुर्माना अदा न करने की सूरत में 6-6 महीने का साधारण कारावास भी सुनाया।

मामला इस प्रकार से था कि दिनांक 19-7-2017 को सिक्योरी ब्रांच बिलासपुर की पुलिस टीम लघट तहसील सदर जिला बिलासपुर में एनएच 205 पर मौजूद थे तो घाघस की तरफ से एक ट्रक-नं. एचपी-69-4680 आया। जिसे अनवेषण अधिकारी ने रोकने का ईशारा किया। उपरोक्त ट्रक में चालक के ईलावा एक अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था। ट्रक के केविन की तलाशी के दौरान चिट्टा बरामद किया जो 9.23 ग्राम था। जिस पर थाना बरमाणा में केस दर्ज किया गया। तफ्तीश पूरी होने पर चालान को माननीय अदालत में पेश किया गया।

अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद माननीय अदालत ने दोषियों को उपरोक्त सजा सुनाई। मुकदमा की तफ्दीश मुख्य आरक्षी सुरेंद्र कुमार नं. 83 व सहायक उपनिरिक्षक प्रभाकर रार्मा द्वारा अम्ल में लाई गई।

## लोक गीत प्रतियोगिता में वैष्णवी रही प्रथम



बच्चों को सम्मानित करने के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

भाषा एवं संस्कृति विभाग, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित सात दिवसीय 'मिट्टी की वस्तुएं, चित्रकला, लोकगीत व लोकनृत्य कार्यशालाएं' का समापन समारोह आज संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने शिरकत की। उन्होंने सभी विजेताओं और प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। पॉटरी प्रतियोगिता में कश्वी ने प्रथम, संवि ने द्वितीय और अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला जूनियर कैटेगरी में संवि ठाकुर, मन्नत और ऐंजल सहगल ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे, जबकि सीनियर कैटेगरी में अन्वी, सृष्टि और करीमा विजेता बने। लोक गीत प्रतियोगिता में वैष्णवी ने प्रथम, गौरांवित ने द्वितीय और दीपांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें लोक सॉन्ग के लिए डॉ. लहरूराम संख्यान, संदेश शर्मा और नरेंद्र दत्त, फोक डांस के लिए फुला चंदेल और सुमन चड्ढा, पॉटरी के लिए भूपेंद्र गुलरिया और अरुण गुलरिया तथा पेंटिंग के लिए प्रियंका और सिमरन शामिल रहे।

उपायुक्त बिलासपुर ने सभी विजेताओं और प्रशिक्षकों को विभाग की ओर से सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी।

**समस्या** घुमारवीं शहर और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ रही लावारिस पशुओं की संख्या

# लावारिस पशु बन रहे सड़क हादसों का सबब

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



नगर परिषद घुमारवीं और इसके आसपास के क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जो लावारिस पशुओं के आतंक से मुक्त हो। शहर में लावारिस पशुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सड़कों पर यह लावारिस पशु हादसों का कारण बन रहे हैं। मुख्य सड़कें हो या फिर बाजार हर जगह पशुओं के झुंड नजर आने से यातायात व्यवस्था तो बिगड़ ही रही है, सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं।

साथ ही लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। यह लावारिस पशु नगर परिषद तथा आसपास के क्षेत्र तक राष्ट्रीय उच्चमार्ग शिमला मटौर पर एक जगह से दूसरी जगह भटकते रहते हैं जिसके चलते वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में विशेष रूप से गांधी चौक, दकडी चौक और अबढ़ानिघाट में पशुओं के झुंड बैठे रहते हैं।

ऐसे में स्कूल जाने वाले नौनिहालों को स्कूल ले जाना एक बड़ी समस्या बन गया है। लावारिस पशु सड़कों पर खुलेआम घूम रहे हैं और कई बार हादसों का सबब बन चुके हैं। लावारिस पशुओं के झुंड एनएच और फोरलेन पर कहीं भी देखे जा सकते हैं।

इसी प्रकार घुमारवीं शहर में भी चाहे कुठेड़ा रोड हो या फिर हमीरपुर रोड हर जगह लावारिस पशुओं का साम्राज्य कायम है। वहीं रात के समय सड़कों पर डेरा जमाए बैठे पशुओं के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। बड़े वाहनों की टक्कर से कई बार पशुओं की जान भी जा चुकी है।

चिंतनीय पहलू यह है कि लावारिस पशु रात के समय किसानों की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिस कारण ज्यादातर इलाकों में लोगों ने खेतीबाड़ी छोड़ दूसरे व्यवसायों की ओर पलायन कर लिया है। लावारिस पशु किसानों के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। विडंबना यह है कि पशुओं के आतंक से ज्यादातर क्षेत्रों में किसानों ने खेतीबाड़ी से किनारा कर लिया है।

राष्ट्रीय उच्च मार्ग और फोरलेन पर बढ़ती लावारिस पशुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। हालांकि नगर परिषद व एसडीएम घुमारवीं के सहयोग से ऐसे लावारिस पशुओं को चिन्हित भी किया गया था जो लोगों के लिए नुकसान पहुंचाने वाले हैं।

ऐसे पशुओं को नगर परिषद द्वारा नालागढ़ गोसदन में भेजा गया था, लेकिन अब बेसहारा पशुओं को नालागढ़ स्तिथ गोसदन भेजने की योजना भी ठंडे बस्ते में पड़ गई है।

### समाधान के लिए उठाए जा रहे उचित कदम : रीता

**उधर** नगर परिषद अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि नगर परिषद प्रशासन के सहयोग से इस समस्या के समाधान के लिए समय-समय पर आवश्यक कदम उठा रही है।

## हेल्पिंग हैंड एनजीओ बनी मोहिंद्र पाल का सहारा



मोहिंद्र पाल के साथ एनजीओ के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हाल ही में बिलासपुर शहर के वार्ड नंबर 8 के डियारा सेक्टर निवासी महेंद्र पाल के बडे बेटे शल्लू की अकस्मात मृत्यु हो गई थी। जब हेल्पिंग हैंडस एनजीओ जिला बिलासपुर की अध्यक्षा नीलम सुद सहयोगी सदस्यों प्रीति भाटिया एवं चंपा देवी के साथ उनके घर कुशलशेम पूछने गए तो पता चला कि मृतक के पिता महेंद्र पाल दो महीने पहले घर की छत से गिर गए थे तथा उनकी टांग में काफी बड़ा फ्रेक्चर हो गया था।

महेंद्र पाल कोई कुर्सी पकड़ कर चलने की कोशिश करते थे, लेकिन बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता था, इसलिए हेल्पिंग हैंड के सदस्यों ने इन्हें बैसाखियां देने का निर्णय लिया। जिसके फलस्वरूप तत्काल हेल्पिंग हैंड्स एनजीओ जिला अध्यक्ष नीलम सूद, महासचिव प्रीति भाटिया, कोषाध्यक्ष चंपा देवी, ज्योति, अंजना ,आशा इत्यादि ने महेंद्र पाल को बैसाखियां वितरित की।

वहीं उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने रेडक्रॉस सोसाइटी के अंतर्गत 5000 की आर्थिक मदद मृतक की मां माया देवी के खाते में डाल दी।

# जिले में 21816 राशनकार्ड ब्लॉक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

निर्धारित समयावधि में राशनकार्ड की ई-केवाईसी न करवाए जाने की वजह से खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने बिलासपुर जिला में 21816 राशनकार्ड अस्थायी तौर पर ब्लॉक कर दिए हैं। उपभोक्ता डिपो से राशन नहीं ले सकेंगे। राशन कार्ड को अनब्लॉक करवाने के लिए उन्हें संबंधित डिपो पर जाना पड़ेगा या फिर ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे भी राशनकार्ड को अनब्लॉक करवा सकेंगे तभी राशन डिपो से राशन प्राप्त कर सकेंगे।

बिलासपुर जिला में एक लाख 14 हजार 498 राशनकार्ड धारक हैं, 92682 राशनकार्ड धारकों ने ही अपनी ई-केवाईसी करवाई है, जबकि 21816 राशनकार्ड धारकों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है, जिस कारण विभाग ने इन राशनकार्डों को अस्थायी तौर पर ब्लॉक कर दिया है। सदर विकास खंड की बात करें तो यहां 31514 राशनकार्ड हैं जिसमें से 27115 राशनकार्ड धारकों ने अपनी ई-केवाईसी करवाई है जबकि 4399 ने नहीं करवाई है।

घुमारवीं में 42384 में से 34586 ने ही ई-केवाईसी करवाई है। 7798 राशनकार्ड ब्लॉक किए गए हैं, जबकि झंडूता में 27648 में से 22194 ने ई-केवाईसी करवाई है। यहां पर 5454 तथा नयनादेवी में 12948 में से 8787 ने ही करवाई है, 4161 कार्ड ब्लॉक किए गए हैं।

## शाहतलाई से चंडीगढ़ नई बस सेवा शुरू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

कोटधार पंचायत के लोगों ने शाहतलाई से चंडीगढ़ वाया कलोल, जेजवीं, बागछाल नई बस सेवा शुरू करने की मांग की है। कोटधार से पंचायत समिति झंडूता के पूर्व सदस्य बलदेव ठाकुर के अनुसार पिछड़ा क्षेत्र कोटधार से चंडीगढ़, बद्दी, नालागढ़, कालका जाने के लिए कोई सुविधा बस नहीं है, जबकि क्षेत्र में बहु प्रतीक्षित बागछाल पुल का उद्घाटन हो गया है। पिछड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली करीब 14 ग्राम पंचायतों के सैकड़ों युवा नालागढ़, बद्दी, कालका, परवाणू व चंडीगढ़ आदि क्षेत्रों में स्थित फैक्टियों व कंपनियों में नौकरी करते हैं। वाया बागछाल, भगेरी, पंजेरा, नालागढ़ व बद्दी रोड से कोई बस सेवा नहीं है।

ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह 6 बजे के करीब शाहतलाई से चंडीगढ़ वाया कलोल, मरोतन, बागछाल, भगेरी, पंजेरा, नालागढ़ व बद्दी के लिए नई बस सेवा शुरू करने की मांग की है।

### जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक में विधानसभा अध्यक्ष पठानिया बोले-

# जनसमस्याओं को न्यूनतम समय में हल करना सरकार की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



जिला मुख्यालय चंबा के बचत भवन के सभागार में जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। बैठक में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों के अलावा जिला के प्रशासनिक अधिकारियों तथा जन शिकायत निवारण समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में 33 सदस्यों के विभिन्न विभागों से संबंधित 61 मदों बारे विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में अधिकतर मद लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित थे। इसके अलावा कृषि विभाग, एकीकृत बाल विकास परियोजना विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, खाद एवं पूर्ति विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग इत्यादि से संबंधित मद भी चर्चा में शामिल थे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार जनसमस्याओं को निर्धारित न्यूनतम समय अवधि में हल करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण समिति चंबा प्रदेश सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा शिकायत निर्माण समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों के आपसी सहयोग व समन्वय के साथ जन समस्याओं को हल करने की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस समिति के माध्यम से ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों के लोगों की विकास से संबंधित मांगों के पूरा होने के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को न्याय भी प्राप्त होता है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि बैठक में जिन मदों के विषय में चर्चा के उपरांत निर्णय लिए गए हैं उनके बारे में संबंधित सदस्यों को भी सूचित करें। शिकायत निवारण समिति से संबंधित बैठकों में लिए गए फैसलों के विषय में अगर किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो तो वें उन्हें भी भविष्य में इस प्रकार की बैठकों में चर्चा के लिए शामिल कर सकते हैं। उन्होंने सभी गैर सरकारी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे एक बैठक में दो से अधिक मदों को चर्चा में न शामिल करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा सदस्यों व विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित मदों को इस प्रकार की बैठकों में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक का प्रमुख उद्देश्य जन समस्याओं पर गंभीरता के साथ चर्चा कर बेहतर निर्णय लेते हुए उनका हल करना है, ताकि न्यूनतम समय अवधि के अंदर लोगों को विकास का लाभ तथा न्याय मिल सके। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष का प्रशासनिक अधिकारियों तथा समिति के सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों का मार्गदर्शन करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## चंबा में पूर्व सैनिकों के लिए रैली 27 को



**अनंत ज्ञान, चंबा।** सैनिक विश्राम गृह चंबा में 27 जनवरी को पूर्व सैनिकों के लिए पंजाब रेजिमेंट द्वारा रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी कैप्टन अनुमेहा पराशर (सेवानिवृत्त) उपनिदेशक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा द्वारा दी गई है।

उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों के परिवारों, वीर नारियों तथा उनके आश्रितों की पेंशन अन्य समस्याओं के निवारण के लिए 27 जनवरी को सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा में पंजाब रेजीमेंट रिकॉर्ड ऑफिस से अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने चंबा जिला के पंजाब रेजीमेंट के समस्त पूर्व सैनिकों और वीर नारियों से अपील की है कि वे पेंशन और अन्य समस्याओं के निवारण के लिए 27 जनवरी को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा में पहुंचना सुनिश्चित करें।

# हिमपात से एक दर्जन से अधिक लिंक रोड बंद

### मणिमहेश, डल झील, कुगति, कंवारसी और होली में डेढ़ फुट तक बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी/भरमौर**



चंबा जिले के ऊपरी क्षेत्रों में एक बार फिर भारी बर्फबारी तथा नीचे क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश देखने को मिली, जिससे क्षेत्र में प्रचंड ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं, प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी में एक बार फिर से सैलानियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। बर्फबारी से जहां चंबा मार्ग प्रभावित हुआ है तो वहीं डलहौजी-खजियार मुख्य मार्ग पर भी फिसलन से वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। उधर, पांगी घाटी का भी संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। वहीं, भरमौर में वीरवार सुबह से ही पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और पहाड़ी क्षेत्र में बारिश का सिलसिला जारी है।

भारी बर्फबारी के बाद भरमौर के ऐतिहासिक 84 परिसर में करीब एक फुट तक ताजा बर्फबारी हुई है तो वहीं पर यहां के पहाड़ों पर लगातार बर्फबारी सारा दिन जारी रही। पांगी में भी भारी बर्फबारी होने के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। भारी बर्फबारी के चलते यहां पर सामान्य जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। मणिमहेश, डल झील, कुगति, कंवारसी व होली में 1 फुट से लेकर डेढ़ फुट तक ताजा बर्फबारी हुई है। भारी बर्फबारी के कारण जनजातीय क्षेत्र पांगी का संपर्क शैष विश्व से पूरी तरह कट गया। ताजा बर्फबारी के बाद यहां के एक दर्जन से अधिक संपर्क मार्ग भी बंद हो गए हैं। भारी बर्फबारी के चलते यहां पर कई जगह बिजली व पानी का संकट भी खड़ा हो गया है। हालांकि प्रशासन की ओर से सभी विभागों को अलर्ट पर रहने की निर्देश दे दिए हैं। प्रशासन में भी आवश्यक होने पर ही लोगों से घरों से बाहर निकलने की अपील की है। मौसम विभाग ने भी 2 दिन का अलर्ट जारी किया है। विभाग की मानें तो अगले दो-तीन दिन तक क्षेत्र में प्रचंड ठंड पड़ने के आसार हैं। सुबह से ही हो रही बर्फबारी के कारण किसान और बागवान काफी खुश दिखे हैं। सीजन की तीसरी बर्फबारी का लोगों ने स्वागत किया है।

# चौगान में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

### डीसी ने तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को जारी किए दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



जिला मुख्यालय चंबा के ऐतिहासिक चौहान मैदान में 76वां जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथआयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आयोजन से संबंधित तैयारीयों के विषय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को आयोजित किया जा रहे समारोह में मुख्य अतिथि ध्वजारोहण के पश्चात मार्च पास्ट का निरीक्षण कर परेड की सलामी लेंगे।

तत्पश्चात उनके संबोधन के बाद विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुकेश रेपसवाल ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को समारोह की तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को ध्वजारोहण सहित मार्च पास्ट की तैयारियां सुचारू करने को कहा। उन्होंने कहा कि मार्च पास्ट में पुलिस, गृह रक्षक पुरुष एवं महिला व एनसीसी सहित स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। उन्होंने ऐतिहासिक चौगान के साथ साथ शहर में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद चंबा के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों को समारोह स्थल व मुख्य आयोजन स्थल की सजावट, निर्वाध विद्युत आपूर्ति सहित बैठने इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## टेंडर के लिए 2 फरवरी तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जिला चंबा द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए खाद्यान्नों की मजदूरी से संबंधित कार्य के लिए थोक गोदाम चंबा, मैहलातीसा, सलूणी, चुवाड़ी, सिहुंता, बनीखेत व सुंडला के लिए निविदाएं 2 फरवरी को सायं 5 बजे तक आमंत्रित की गई हैं, जोकि 2 फरवरी तक ऑनलाइन पोर्टल (https://hptender.gov.in) पर अपलोड होना आवश्यक है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 3 फरवरी को प्रातः 11 बजे उपायुक्त कार्यालय चंबा के सभागार में खोली जाएंगी। टेंडर फार्म ऑनलाइन पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले चंबा द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिये इच्छुक व्यक्ति उनके कार्यालय के दूरभाष संख्या 01899222401 पर संपर्क कर सकते हैं।

## शराब और नकदी चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी के गांधी चौक में शराब की दुकान में हुई चोरी में स्थानीय पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब स्थानीय पुलिस ने प्राप्त सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरी करने वाले शख्स 41 वर्षीय अजय कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी मकान नंबर 328 जगजीत कॉलोनी नंगल शामा जालंधर, पंजाब को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि उक्त चोर से चोरी की गई नकदी तथा शराब की बोतलों एवं बीयर के कैन भी बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी अजय कुमार ने चुराए गए पैसों में से कुछखर्च भी कर लिए हैं और शराब की बोतलों तथा बीयर के कैन भी खाली किए हैं। पुलिस ने बची हुई शराब की बोतले तथा कुछ बी यर के कैन भी बरामद कर लिए हैं। इस मामले में थाना प्रभारी डलहौजी जगबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

## केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे आज आएंगी चंबा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** केंद्रीय राज्य मंत्री सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम, श्रम एवं रोजगार शोभा करंदलाजे 17 जनवरी को जिला चंबा के एक दिवसीय प्रवास पर आ रही है। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे 17 जनवरी को प्रातः 11:30 बनीखेत स्थित एनएचपीसी मीटिंग हॉल में उपायुक्त चंबा और अन्य अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक करेंगी। इसके पश्चात केंद्रीय राज्य मंत्री बाद दोपहर अमृतसर (पंजाब) के लिए रवाना होंगी।

# देहरा से चंबा जा रही निजी बस चांजू के पास बर्फ पर स्किड

**अनंत ज्ञान, चंबा**




चुराह उपमंडल के देहरा से चंबा जा रही निजी बस चांजू के समीप सड़क में बर्फबारी के कारण स्किड हो गई। बस में करीब 10 सवारियां बताई जा रही थीं। बर्फ में फिसलने का आभास होते ही चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बस को रोका। साथ ही परिचालक को टायरों के नीचे तुरंत पत्थर लगाने के लिए कहा। परिचालक ने समय न गंवाते हुए बस से उतरकर टायरों के नीचे पत्थर लगाकर बस को फिसलने से रोका। इस तरह चालक-परिचालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टाल दिया।

**चालक की सूझबूझ से बची 10 यात्रियों की जान**

अगर बस के चालक ने अपनी सूझबूझ को न दिखाया होता तो बस सैकड़ों फिट नीचे नाले में चली जाती और बड़ा हादसा हो जाता।

# एसपीएस स्कूल में मनाया किशोर स्वास्थ्य दिवस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**


कार्यक्रम के दौरान बच्चे व गणमान्य।

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट में किशोर स्वास्थ्य दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार राणा ने की। यह आयोजन किशोरों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम का समन्वय नेकराम, भीष्मा सेन और डिंपल पठानिया ने किया।

परीक्षण में ऊंचाई, वजन, हीमोग्लोबिन स्तर और रक्तचाप की जांच की गई। हेल्थ एजुकेटर शक्ति चंद ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, नशा व मादक पदार्थों का दुरुपयोग, एचआईवी/एड्स, एनीमिया, पोषण (पोषण), दुर्घटना रोकथाम और मासिक धर्म स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता और साफ-सफाई के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और सभी प्रतिभागियों को जलपान प्रदान किया गया। दिन का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार काव्यांशी कक्षा 8वीं, द्वितीय पुरस्कार शगुन कक्षा 6, तृतीय पुरस्कार द्रविता ठाकुर कक्षा 7, चतुर्थ पुरस्कार अथर्व कक्षा 8 को मिला।

यह कार्यक्रम बीएमओ सिविल अस्पताल बलद्वारा, डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य शिक्षक शक्ति चंद, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नरेश कुमार, सीएचओ नबाही अनु और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता मीरा देवी, मंजुला और पूनम का सहयोग रहा।

# कचरा प्रबंधन के लिए स्कूलों में आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) और उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश द्वारा पारित आदेशों की अनुपालना के लिए तैयार की गई विभिन्न कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में गुरुवार मंडी में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने शहरी निकायों नगर निगम मंडी, नगर पंचायत करसोग, सुंदरनगर, नेरचौक, जोगिंद्रनगर, सरकाघाट, रिवालसर द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कुड़ा एकत्रित करने, श्रेडर मशीनों की स्थापना, एमआरएफ सुविधा, प्लास्टिक बेस्ट प्रबंधन, कचरा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम, ई-वेस्ट, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर चालान करने, घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन, बायो मेडिकल बेस्ट, घरों को सिवरेज प्रणाली से जोड़ने के कार्यों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने सभी नगर निकाय के अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि एकत्रित वेस्ट प्लास्टिक को श्रेडर मशीन से टुकड़े करने के उपरांत लोक निर्माण विभाग को देना सुनिश्चित करें। अगर लोक निर्माण विभाग का कोई अधिकारी प्लास्टिक वेस्ट लेने से इनकार करता है तो इसकी जानकारी एडीसी मंडी को दें।

# शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**


रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक।

हिमालयन ब्लड डोनर्स संस्था ने सिविल अस्पताल सरकाघाट में अपने 85वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इस शिविर में थाना प्रभारी सरकाघाट रजनीश ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए जबकि नागरिक अस्पताल सरकाघाट के प्रभारी वरिष्ठ डॉक्टर देशराज शर्मा बतौर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में जोनल हॉस्पिटल मंडी के ब्लड बैंक की टीम ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व योगेश शर्मा ने किया।

शिविर में स्थानीय जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 55 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। आयोजन टीम के सदस्य विजू ठाकुर ने बताया, यह शिविर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी पहल साबित हुआ। विशेष रूप से हिमाचल पथ परिवहन निगम के सरकाघाट डिपो के चालकों और परिचालकों ने अपनी ड्यूटी की कठिन परिस्थितियों को दरकिनार करते हुए इस पुनीत कार्य में भाग लिया। इनमें राजेंद्र ठाकुर जीवन राणा मनोहर लाल तोता राम प्रकाश, रामजी प्रवीण और जयकिशन कुमार के साथ साथ अधिवक्ता मनीष कंवर आदि ने रक्तदान किया। संस्था ने सभी रक्तदाताओं और आयोजन में सहयोग करने वालों का आभार प्रकट किया।

इस दौरान मुख्यातिथि रजनीश ठाकुर ने रक्तदान को सबसे बड़ा दान बताते हुए सभी से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। यह शिविर समाजसेवा और मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण बना।

| सूडोकु | 0046 | | | | | **** मध्यम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0045 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

17 जनवरी, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** चतुर्थी (5:33): **नक्षत्र** मघा (12:46), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** सौभाग्य (00:56) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:10-12:52), **राहुकाल** (11:12 -12:31)।

**विशेष दिन**

- 17 जनवरी 2025 : गौरी चतुर्थी आज।
- 17 जनवरी 2025 : तिलकुंद चतुर्थी आज।

**मेष:** प्रतिभा और निवेशित प्रयासों के लिए उचित मान्यता प्राप्त होगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। किसी विषय को जानने की जिज्ञासा बढ़ेगी।

**वृषभ:** आपका पारिवारिक-जीवन खुशियों से उज्वल रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी में पदोन्नति एवं तबादले के योग हैं।

**मिथुन:** अपने परिजनों से सामान व्यवहार करें, अपनी बुद्धिमानी से कई व्यापारिक रुके कार्य पूर्ण होंगे। लंबे समय के बाद प्रिय व्यक्ति से भेंट होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अकेले काम करके लंबित कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। राजनीतिक संबंधों का आज लाभ मिलेगा।

**सिंह:** नया उद्यम शुरू करने या विवेकपूर्ण निवेश करने के लिए यह एक बहुत अच्छी अवधि है। अपने बलबूते पर काम करें। दूसरों के भरोसे न रहें।

**कन्या :** प्रसिद्धि व्यापक होगी और आपको सफलता के आज अवसर मिलेंगे। नए अधिग्रहण हो सकते हैं। व्यापारिक नई योजनाओं का प्रारम्भ होगा।

**तुला:** व्यवसायी नई योजनाओं और साझेदारियों में प्रवेश कर सकते हैं। नकारात्मक सोच न रखें। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

**वृश्चिक:** नौकरीपेशा जातक बैठकों और प्रस्तुतियों में भाग लेंगे जो उन्हें प्रगति देगा। अपनी रुचि के अनुसार काम न होने से कर्मचारियों से नाराज रहेंगे।

**धनु :** आप अपने प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि करेंगे। पारिवारिक जीवन शुभ रहेगा। बातें कम और काम ज्यादा करें। कार्यक्षेत्र में नए प्रस्ताव प्राप्त हो सकते है।

**मकर :** अच्छा व्यवहार आपको दूसरों को प्रभावित करने में मदद करेगा। जिम्मेदारी से भाग रहे है, संभल जाएं। कार्यस्थल पर योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का पूरा सहयोग मिलेगा। अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा न करें। आपके विरोधियों के कारण व्यापारिक बाधाएं आएंगी।

**मीन :** व्यावसायिक क्षेत्र में आपके अपने वरिष्ठ और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध होंगे। आप की मेहनत से व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी।

# संजय कुमार की मौत पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**उमेश, सुंदरनगर**


शोकसभा में संजय को याद करते हुए कर्मी।

जिला के धर्मपुर डिपो में बतौर चालक कार्यरत संजय कुमार की मौत पर सुंदरनगर परिवहन डिपो के समस्त कर्मचारियों ने वीरवार सुबह 11 बजे बस स्टैंड में शोकसभा का आयोजन किया। इस मौके पर संयुक्त कर्मचारी संगठनों ने संजय कुमार द्वारा मौत से पहले क्षेत्रीय प्रबंधक पर मानसिक प्रताड़ना के लगाए आरोपों की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन भी किया। कर्मचारी नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांग उठाई की परिवहन निगम में चालक-परिचालकों सहित अन्य कर्मचारियों पर कार्य बोझ को कम करने के लिए कारगार कदम उठाए जाए।

## युवती को जबरन कार में बैठाने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कार सवार दो युवकों द्वारा एक युवती का पीछा कर उसे परेशान करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार जिला शिमला के कोटखाई तहसील निवासी पीड़ित युवती ने कहा है कि वह सुंदरनगर में स्थित एक ऑफिस में कार्य करती है। युवती का कहना है कि बुधवार को दो कार सवार उसका रास्ता रोक कर जबरदस्ती गाड़ी में डालने लगे। इस दौरान उसके साथी ने उसे बचाया। डीएसपी भारत भूषण ने मामले में केस दर्ज करने की पुष्टि की है।

# सुरक्षा और आपदा से निपटने का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



हंस फाउंडेशन और वन विभाग के सहयोग से सुकेत डिवीजन के बलद्वाड़ा रेंज के धोलखान बीट में एक दिवसीय मॉकड्रिल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण की अध्यक्षता एसीएफ मुनीश रांगडा एफआरओ राज कुमार और उनका स्टॉफ एवं द हंस फाउंडेशन की परियोजना की परियोजना प्रबंधक प्रिया कौंडल और उनकी टीम ने की। प्रशिक्षण के दौरान, जंगल में आग लगने की स्थिति में की जाने वाली त्वरित कार्रवाई, आग बुझाने के उपकरणों का उपयोग और आपातकालीन निकासी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## दुष्कर्म के मामले में केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी की सराज घाटी में महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना जंजैहली ने शिकायतकर्ता महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महिला के अनुसार आरोपी मनिंद्र वर्मा ने उससे संपर्क कर उसे अपने पति को छोड़ने के लिए मजबूर किया और इस दौरान आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध भी बनाए। महिला ने शिकायत में कहा है कि आरोपी ने पीड़िता से शादी करने का वादा किया था। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

**टूर्नामेंट** धर्मपुर में सांसद खेल महाकुंभ क्रिकेट प्रतियोगिता 3.0 का आगाज

# महिला क्रिकेट खिलाड़ी सुषमा वर्मा ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**


क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ करने के दौरान भाजपा नेता व अन्य।

सांसद खेल महाकुंभ 3.0 क्रिकेट प्रतियोगिता का वीरवार को कॉलेज मैदान धर्मपुर में शुभारंभ हुआ। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग ले रही है और विजेता टीम को 21,000 रुपए ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 11 जाए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी सुषमा वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। सुषमा वर्मा का धर्मपुर आने पर प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी रजत ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपुर लेखराज ठाकुर व टिहरा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार ने स्वागत किया।

बता दें कि सुषमा वर्मा हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला की रहने वाली है और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल गतिविधियों व पढ़ाई में शामिल होकर अपना समय व्यतीत करें और नशे की लत से दूर रहें।

उन्होंने कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के बारे में चिंतित रहता है।

उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि अगर मन में दृढ़ निश्चय हो तो सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है किसी भी फील्ड में जाना है तो दिन रात मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने खेल महाकुंभ के आयोजकों का धर्मपुर बुलाने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर उन्होंने सांई इंटरनल फाउंडेशन में जाकर बच्चों से मुलाकात की और बच्चों से खेल गतिविधियों में शामिल होने का आग्रह किया।

बिना साहस के आप इस दुनिया में कोई काम नहीं कर सकते हैं। साहस ही दिमाग की महानतम विशेषता है। – अरस्तु

## संपादकीय

# साइबर अपराध पर नकेल

साइबर अपराधों का दिनोंदिन बढ़ना एक गंभीर समस्या है जो न केवल, हिमाचल, बल्कि पूरी दुनिया में लोगों और संगठनों को प्रभावित कर रही है। साइबर अपराधी लोगों के कंप्यूटर और नेटवर्क को हैक कर उनकी व्यक्तिगत जानकारी और डाटा चोरी कर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। लाखों लोग साइबर अपराधियों के जाल में फंसे हैं। इस धंधे में पड़े लोग नकली ई-मेल और वेबसाइट्स के माध्यम से आपकी व्यक्तिगत जानकारी और पासवर्ड चोरी करने का प्रयास करते हैं। यही नहीं, वे कंप्यूटर में मैलवेयर स्थापित कर सकते हैं जो उनके डाटा को चोरी कर सकता है या उनके कंप्यूटर को नुकसान पहुंचा सकता है। लोगों को धमकी देना तो अब आम बात हो गई है। अगर कोई उनकी मांगों को पूरा नहीं करता तो वे उनकी व्यक्तिगत जानकारी को सार्वजनिक करने की बात करते हैं।

ऑनलाइन धोखाधड़ी के माध्यम से भी लोगों को चूना लगाया जा रहा है। हालांकि, केंद्र सरकार ने साइबर अपराधियों पर काफी शिकंजा कस दिया है। टेलीकॉम कंपनियों को तुरंत कॉलर आईडी नेम प्रेजेंटेशन सेवा (सीनैप) लागू करने का निर्देश दिया है। सभी नए सिम कार्ड को एक्टिव करने के लिए आधार बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन जरूरी हो गया है। इस तरह के कदम साइबर क्राइम के साथ-साथ अन्य तरह के फ्रॉड की रोकथाम के लिए उठाए जा रहे हैं, जो काफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं। दूरसंचार विभाग के निर्देश पर अब एयरटेल, बीएसएनएल, जियो और वोडाफोन आइडिया आदि टेलीकॉम कंपनियों कॉलर आईडी नेम प्रेजेंटेशन सेवा लागू कर दी है, जिससे उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। ये कंपनियां पिछले साल से इस फीचर की टेस्टिंग में लगी थीं। इस फीचर की मदद से यूजर्स को बड़ी आसानी से किसी भी कॉलर की पहचान करने की आजादी है।


सभी नए सिम कार्ड कनेक्शन के लिए आधार-बेस्ड बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन को लागू करने का उद्देश्य नकली दस्तावेजों के जरिए प्राप्त मोबाइल कनेक्शनों के बढ़ते दुरुपयोग को रोकना है, जो अक्सर धोखाधड़ी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल किए जाते हैं। ये दोनों ही कदम कहीं न कहीं साइबर क्राइम को रोकने आदि के लिए बेहद जरूरी थे। वित्तीय धोखाधड़ी में नकली सिम कार्ड की भूमिका सामने आने के बाद दूरसंचार विभाग की कड़ाई अब काम आ रही है। जांच में यह भी पाया गया था कि एक ही डिवाइस से जुड़े कई सिम कार्ड टेलीकॉम नियमों का उल्लंघन कर रहे थे और तरह-तरह के साइबर अपराध को बढ़ावा दे रहे थे। पीएमओ ने दूरसंचार विभाग को निर्देश दे रखा है कि वह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करे और अपराधियों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने के लिए एआई टूल्स का उपयोग करे। नकली दस्तावेजों के माध्यम से सिम कार्ड जारी करने वाले रिटेलर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना बेहद आवश्यक है। इन तरीकों के जरिए ही साइबर क्राइम से जुड़े लोगों की कमर तोड़ी जा सकती है। यह आदेश साइबर अपराध से निपटने के लिए सरकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। आधार-बेस्ड वेरिफिकेशन लागू करने से बिना वेरिफाई मोबाइल नंबरों के जरिए होने वाली धोखाधड़ी का खतरा काफी हद तक कम हो गया है।

मोबाइल नेटवर्क की सुरक्षा बनाए रखने और नागरिकों को धोखाधड़ी से बचाने के सरकार के संकल्प वाकई काबिलेतारीफ हैं। नए सिम कार्ड प्राप्त करने के लिए आधार-बेस्ड बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन अब एक अनिवार्य हो गया है, जो सुरक्षित टेलीकॉम संचालन के लिए एक मिसाल पेश करता है। साइबर अपराधों से बचने के लिए अपने अकाउंट्स के लिए मजबूत और अद्वितीय पासवर्ड का उपयोग करें। अपने ऑपरेटिंग सिस्टम, ब्राउजर और अन्य सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अद्यतन रखें। इसके अलावा संदिग्ध ई-मेल और वेबसाइट्स से सावधान रहें और कभी भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी को साझा न करें। यही नहीं, अपने कंप्यूटर और नेटवर्क को सुरक्षित रखें और नियमित रूप से अपने डाटा का बैकअप लेते रहें। साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक रहें और नियमित रूप से अपने साइबर सुरक्षा कौशल को अद्यतन रखें। इन उपायों के माध्यम से साइबर क्राइम को रोका जा सकता है। सतर्कता ही बचाव का सबसे बड़ा हथियार है, इसलिए अनजाने कॉल्स कभी न उठाएं। खुद सुरक्षित रहें तथा दूसरों को भी सुरक्षित रहने की प्रेरणा दें। निश्चित रूप से कामयाबी अवश्य मिलेगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# पद्म भूषण से सम्मानित प्रसिद्ध कवि, गीतकार

**जावेद** अख्तर एक कवि, गीतकार और पटकथा लेखक के रूप में भारत की जानी मानी हस्ती हैं। पटकथा लेखक के रूप में जावेद अख्तर ने सलीम खान के साथ मिलकर बॉलीवुड की सबसे कामयाब फिल्मों की पटकथा लिखी है। सलीम जावेद की जोड़ी की लिखी फिल्मों ने अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेता को एक अलग पहचान दिलाई। जावेद अख्तर ने शोले, दीवार, जंजीर, त्रिशूल, जैसी फिल्मों की पटकथा लिखी। सन 2007 में इन्हें कला क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इनका जन्म ग्वालियर, मध्य प्रदेश में हुआ था। मुंबई पहुंचने पर जावेद अख्तर को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुंबई में कुछ दिनों तक वह महज 100 रुपए के वेतन पर फिल्मों मे डॉयलाग लिखने का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों के लिए डॉयलाग लिखे, लेकिन इनमें से कोई फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुई। इसके बाद जावेद अख्तर को अपना फिल्मी कैरियर डूबता नजर आया, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपना संघर्ष जारी रखा। वर्ष 1973 में उनकी मुलाकात निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा से हुई जिनके लिए उन्होंने फिल्म 'जंजीर' के लिए संवाद लिखे। फिल्म जंजीर में उनके द्वारा लिखे गए संवाद दर्शकों के बीच इस कदर लोकप्रिय हुए कि पूरे देश में उनकी धूम मच गई। इसके साथ ही फ़िल्म के जरिए फिल्म इंडस्ट्री को अमिताभ बच्चन के रूप में सुपर स्टार मिला। इसके बाद जावेद अख्तर ने सफलता की नई बुलंदियों को छुआ और एक से बढ़कर एक फिल्मों के लिए संवाद लिखे। ■



जावेद अख्तर
जन्म : 17 जनवरी, 1945

## कविता — मां



धृति गुलेरिया
सरकाघाट

*मां को मां कहूं या कहूं मेरी पूरी दुनिया*
*सारी खुशियां आंचल में समेटे*
*अपने प्यार को रोटी में लपेटे*
*हर निवाला बड़े चाव से खिलाती है*
*खुद भूखी रह ले, हर गम सह ले*
*हमारे आगे ढाल बन जाती है*
*खुद डांटे, प्यार करे, पुचकारे, मनाए, रूठे, मान जाए*
*दुनिया का ज्ञान दे, अच्छा-बुरा समझाए*
*शिक्षक, चिकित्सक, गुरु, दोस्त*
*साथी, सहेली सब बन जाती है*
*इसलिए मेरी मां मेरी पूरी दुनिया कहलाती है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# धर्म आस्था का महापर्व प्रयागराज का महाकुंभ

भारत को विश्व की सांस्कृतिक राजधानी कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं है। यहां पर कई देव पुरुषों ने जन्म लिया है। इस कारण भी यह श्रधरा देवताओं की धरा है। राम, कृष्ण, बुद्ध और महावीरा हुए, वहीं नानक, कबीर, रहीम, रैदास तो राधा और मीरा अहिल्या सबरी आदि अनेक है। भारत देश विभिन्न संस्कृतियों का ऐसा संगम है, जिसको जितना पढ़ें सोचे देखें कम ही होगा कभी भारत की मिश्रित संस्कृति को पूर्ण रूप से जानना भी बहुत कठिन है। भारत शंकरचार्य की भूमि है। तो शंकर का निवास और तप की जमीन है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

इसी कारण जो भी व्यक्ति भारत में जन्म लेता है वह अपने को पूर्ण मानव समझता है धन्य मानता है कि मैं भारत भूमि से हूं। यहां के मेले त्योहार उत्सव पूरी दुनिया को आज भी आकर्षित करते हैं। चाहे राम लीला हो या कृष्ण लीला हर देश का व्यक्ति यहां आकर देखना चाहता है और आते ही है कई विदेशी यहां आकर यही के हो गए यही की रजा में समा गए। आज पूरी दुनिया भारत में हो रहे आस्था धर्म और श्रद्धा के महाकुंभ पर्व टकटकी लगाकर देख रही है। यह कुंभ कुछ विशेष है कहते हैं 144 साल बाद महाकुंभ आता है। इस कुंभ में अनेक समुदाय के साधु संत नागा किन्नर आते हैं और आ रहे हैं,। अगर किसी को भारत की विभिन्न संस्कृतियों का मेला देखना है तो प्रयागराज कुंभ में आकर देख ले जहां सब आपसी भाईचारे के साथ एक माह तक साथ रहते हैं। प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ श्रद्धा आस्था और संस्कृति का महान पर्व है। यह भारत की सनातन परंपरा और विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक सास्कृतिक समारोह है। जो दुनिया में किसी देश में ऐसा नहीं होता है। अनेकता में एकता का दर्शन दुनिया इसी महाकुंभ में देखती है कि भारत की विभिन्न संस्कृतियां कैसे एक जगह एक रूप हो जाती है।

दुनिया हैरान रहती है कि कैसे करोड़ों अपार जनसमूह का जमावड़ा कुंभ नगरी में होता है। भारत के लिए इसका महत्व इसलिए बढ़ जाता है कि आने वाली पीढ़ी को इससे सनातन के उद्धघोष का एहसास होता है। वैसे तो कुंभ हरिद्वार उज्जैन और नासिक में भी होता है, परंतु प्रयागराज का कुंभ कुछ विशेष होता है यहां की एक विशेषता यह है कि यहां त्रिवेणी का संगम है गंगा यमुना सरस्वती का मिलाप भी है।



इसी कारण इस त्रिवेणी में हमारी हर सस्कृति मिलकर कुंभ में एक हो जाती है तो हम कह सकते यहां संस्कृति की त्रिवेणी भी बहती है। प्रयागराज के कुंभ में इस बार अनुमान है कि दस करोड़ लोग देश विदेश से आकर आस्था के इस कुंभ में डुबकी लगाएंगे। 144 वर्ष बाद होने वाला महाकुंभ होता और 12 वर्ष बाद पूर्ण कुंभ होता है यह महाकुंभ 144 वर्ष बाद हो रहा है, इसलिए इसका विशेष महत्व भी है। कुंभ की भारतीय परंपरा सदियों से चली आ रही है। यहां कुंभ का आयोजन कोई व्यक्ति संस्था द्वारा नहीं किया जाता यह हमारे श्रृषि मुनियों द्वारा बनाए गए पंचांग और तिथि के अनुसार ही होता है।

इस कुंभ की एक सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां स्नान के लिए आने वाले व्यक्तियों की जाति नहीं पूछी जाती है नहीं उनके लिए अलग से स्नान के घाट बनाए जाते हैं। सब जाति के लोग एक साथ ही डुबकी लगाते हैं यहां कोई भेदभाव नहीं होता है यही कुंभ की धार्मिकता और असली आस्था है। जहां सभी मानव जाति एक समान होते हैं। पूर्ण कुंभ के प्रत्येक 12 वर्ष बाद होने के पीछे का आधार ज्योतिष भी है। पौराणिक भी है। महाकुंभ में विशेष अवसरों पर शाही स्नान की परंपरा भी है। प्रत्येक अखाड़े के महामंडलेश्वर आचार्य महंत अपने-अपने शोभायात्रा के साथ प्रवेश करते हैं हर महामंडलेश्वरों का स्थान निश्चित होता है। सब लोग अपने-अपने भक्तों के साथ पैदल ही कीर्तन-भजन के साथ चलते हैं यह विहंगम दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है और लगता है स्वर्ग से देवता भी इस दृश्य का आनंद ले रहे हैं। इस कुंभ को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर धन राशि खर्च किया है और सुविधायुक्त बनाया है कि किसी भी श्रद्धालु जन को कही भी किसी प्रकार का कष्ट न हो पूरा कुंभ नगरी को कई सेक्टरों में बटा गया है। बिजली पानी सड़क शौचालय से लेकर शटल बस सेवा का भी व्याकुल इंतजाम है। सरकार की पैनी नजर मेले में आने वाले हर आदमी पर है।

महाकुंभ का सामाजिक आर्थिक महत्व भी है। यमुना की रेत पर होने वाले कुंभ बड़े-बड़े व्यवसायियों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। इस महाकुंभ में साधु संतों के साथ बड़े-बड़े व्यावसायिक घराने और विदेशी भी आ रहे हैं। इस कुंभ से उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति में भी इजाफा का अनुमान लगाया गया कि तीन लाख करोड़ का करोबार इस बार के कुंभ में होगा। बस एक बात जरूर विचारणीय है कि आस्था के इस महापर्व में जहां सब एक तरह का हो रहा है, वहीं पर कुछ विशेष लोगों के लिए विशेष वीवीआईपी स्नानघाट और सड़क बनाया गया है। यही पर आस्था और श्रद्धा को ठेस पहुंचती है। ऐसे आयोजनों में कोई विशेष नहीं होता है पर सत्ता ऐसी जागीर है जिसमें सत्ता की हनक बनी रहे इसके लिए सत्ता अपने लिए विशेष करती है। जिसका कुछ शंकराचार्यों ने विरोध भी किया कि विशेष वीवीआईपी स्नानघाट क्यों बनाए गए है। तीर्थाटन बढ़ाने के लिए सरकार को हर तीर्थ स्थानों पर हर तरह की लूट जैसे होटल वाहन पड़ा पुजारी खान पान आदि पर नियंत्रण के साथ बोल-चाल पर स्थानीय लोगों पर नियंत्रण नहीं रहा, तो फिर तीर्थाटन पर प्रभाव पड़ेगा। अक्सर देखने में आता है हर आस्था के केंद्र पर लूट का तांडव होता है सरकार इसे रोकने में कितना सफल होंगी यह समय बताएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# संस्कारयुक्त शिक्षा की व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका

कोई भी माता-पिता या गुरु यह नहीं चाहते कि उनके द्वारा पाला-पोसा या पढ़ाया गया बच्चा बिगड़े, परंतु वास्तविकता यह है कि संसार में बहुत से बच्चे ऐसे हैं, जो फिर भी बिगड़ते हैं। जरूरी नहीं की कोई व्यक्ति बहुत बड़ा अधिकारी बन गया परंतु वह इंसानियत से कार्य नहीं करता भ्रष्टाचारी है या फिर धन का लालची है और अनैतिक तरीके से धन अर्जित करने की चाह पाले रखता है तो ऐसा अधिकारी पुत्र भी माता-पिता के लिए एक बहुत बड़े दुख का कारण है। इससे बड़ा दुख दुनिया में कोई हो ही नहीं सकता उनके माता-पिता रात को नींद आराम से नहीं ले सकते। वहीं, अगर किसी व्यक्ति का पुत्र संस्कारवान, ईमानदार, आज्ञाकारी है, अवैध तरीके से धन अर्जित नहीं करता, सत्य, श्रम और ईमानदारी जैसे रास्तों पर चलने का दृढ़ संकल्प लेकर अपना जीवन यापन कर रहा है। भले ही वह पुत्र मनरेगा का एक मजदूर है तो यह संस्कारवान पुत्र उस अधिकारी से कहीं ज्यादा श्रेष्ठ होता है। एक समझदार अभिभावक भ्रष्टाचारी पुत्र की अपेक्षा मजदूर पुत्र को अपने लिए हितकर मानते हुए स्वीकार करेगा। अपने आप को सौभाग्यशाली मानेगा जो उसको चैन की नींद नसीव करवा रहा है। पुत्र की कभी भी जिंदगी में शिकायत नहीं आएगी। ऐसा पुत्र अपने माता-पिता तथा गुरु को सुख देने का कारण बनता है। कहने का भाव यह है कि व्यक्ति के संस्कार ही आदमी को महान बनाते हैं। व्यक्ति के आंतरिक विचार ही उसकी महानता की और उसकी श्रेष्ठता को साबित करते हैं न कि को किस उच्च पद पर आसीन व्यक्ति की स्थिति।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

व्यक्ति का सर्वप्रथम गुरु मां है और माता से जो व्यक्ति सीखता है भविष्य में उसी का अनुसरण करते हुए उसका चारित्रिक विकास होता है। कर्म क्षेत्र निर्धारित होता है तथा आध्यात्मिक पुष्टि भी वहीं से बनती है, इसलिए व्यक्ति के चरित्र निर्माण में माता का अहम योगदान है या यूं कहें कि माता का उत्कृष्ट, समझदार तथा गुणवान होना संतान के लिए अति श्रेष्कर है। संस्कारयुक्त जीवन व्यक्ति के व्यक्तित्व को निर्माण करने में मदद करता है, जिससे वह एक अच्छा नागरिक और समाज का एक उपयोगी सदस्य बनता है। संस्कारयुक्त जीवन नैतिक मूल्यों का विकास करने में मदद करता है, जैसे कि सत्य, अहिंसा, और करुणा जैसे गुण भी संस्कारों से ही पैदा होते हैं। जो व्यक्तित्व को इंसानियत के चरमोत्कर्ष तक ले जाने में सहायता करते हैं।



संस्कारयुक्त जीवन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है, जिससे व्यक्ति समाज के साथ अच्छे संबंध बना सकता है। इससे आत्मविश्वास जैसे गुण बढ़ते हैं, जिससे व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास से भर जाता है। संस्कारयुक्त जीवन मानसिक शांति को बढ़ावा देता है। इससे व्यक्ति अपने जीवन में शांति और संतुष्टि का अनुभव कर सकता है। व्यक्ति के परस्पर संबंधों में सुधार आता है, व्यक्ति अपने परिवार और मित्रों के साथ अच्छे संबंध बनाता है। संस्कारयुक्त जीवन आत्मनिरीक्षण को बढ़ावा देता है, जिससे व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं, और कार्यों का निरीक्षण कर सकता है। संस्कारयुक्त जीवन व्यक्ति में निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देता है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन में सही निर्णय ले सकता है। आत्मनियंत्रण तथा आध्यात्मिक विकास जैसे गुणों का बढ़ावा भी संस्कार युक्त जीवन से होता है, जिससे व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं पर नियंत्रण पाना सीखना है। संस्कारयुक्त जीवन आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देता है, जिससे व्यक्ति अपने आत्मा को जान सकता है और अपने जीवन को अर्थपूर्ण बना सकता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व को निर्माण करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्कारयुक्त शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण में एक महत्वपूर्ण कारक है, जो व्यक्ति को एक अच्छा नागरिक और समाज का एक उपयोगी सदस्य बनाने में मदद करता है।

संस्कारयुक्त शिक्षा का अर्थ है ऐसी शिक्षा जो व्यक्ति को संस्कारों और मूल्यों के साथ जोड़ती है। यह शिक्षा व्यक्ति को न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उसके व्यक्तित्व निर्माण में मदद करती है। शिक्षा व शस्त्र है, जो व्यक्ति को अच्छे बुरे का बोध करवाता है। संस्कार युक्त शिक्षा जिसका उपयोग करते हुए व्यक्ति प्रत्येक प्राणी मात्र के लिए मन, कर्म और वचन पर बराबर कार्य करते हुए सबके सुख का कारण बनता है। संस्कारी शिक्षा का अर्थ है सबके सुख का कारण बनना, त्याग, संयम, बुद्धिमता का परिचय देते हुए दीन दुखियों, विधवा अपंग तथा असहाय व्यक्तियों के सहयोग के लिए निरंतर तत्पर रहना।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** समेत दुनियाभर में आत्महत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। लोगों में सहनशक्ति कम हो गई है और उन्हें अपनी जीवन लीला समाप्त करने के सिवा कुछ नहीं दिखता। सवाल यह है कि क्या आत्महत्या किसी परेशानी का हल हो सकता है? इस संसार में आए हैं तो कुछ अच्छा करके जाओ। जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन उनसे घबराकर आत्महत्या जैसा खौफनाक कदम नहीं उठाया चाहिए। आत्महत्या एक जटिल और संवेदनशील विषय है। इसे करुणा और समझ के साथ समझना महत्वपूर्ण है। यदि आप या आपका कोई परिचित आत्महत्या के विचारों से जूझ रहा है, तो ऐसा करने की बिलकुल भी न सोचें। आत्महत्या कभी भी उचित कदम नहीं हो सकता है। आत्महत्या से बचने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमें तुरंत सहायता लेनी चाहिए। जरा भी देर नहीं करनी चाहिए, क्योंकि एक बार किसी ने आत्महत्या का ख्याल अपने जहन में ले लिया तो उसे अपना फैसला पलटना मुश्किल हो जाता है। **–जगदीश चंद, जसौर**

# युवा पीढ़ी में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति बेहद अशुभ संकेत

आज की युवा पीढ़ी अपने माता-पिता के कहने में बिलकुल भी नहीं है। युवाओं में मात्र जोश है पर होश नहीं है। वह कुछ करना नहीं चाहते पर बिना परिश्रम बहुत कुछ पाने की अभिलाषा मन में पाले हुए हैं। उनके पैर जमीं पर नहीं हैं पर आसमान पाने की लालसा रखते हैं। मोबाइल युग में हिंसक मूवी देखते उनमें हिंसा की प्रवृत्ति पनपना स्वाभाविक ही है। हथियारों के दृश्य के शौकीन यह युवा पीढ़ी इनकी नकल करने की ओर अग्रसर है। छोटी-छोटी बातों पर एक-दूसरे से झगड़ा करने में तनिक भी देर नहीं लगाते।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

ग्रुपों में बंट कर लड़ने की टाई पाते हैं। एक-दूसरे को देख लेने की धमकी देते हैं। बालिग तो क्या नाबालिग भी अब पीछे नहीं रहे हैं। हिंसक दृश्य स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य संस्थाओं में प्राय: देखने को रोजाना मिल जाते हैं। सभी बेबस हैं। माता-पिता, अभिभावकों, अध्यापकों व समाज से युवा पीढ़ी किस प्रकार के संस्कार प्राप्त कर रही है? बीते समय पंजाब राज्य के बटाला के निकट हरचोवल में हिंसा का ऐसा ही तांडव नृत्य देखने को मिला। वहां एक स्कूल में विद्यार्थियों के दो गुटों में झगड़ा हुआ। दोनों गुटों में विवाद इतना बढ़ गया कि छात्रों के एक ग्रुप ने विरोधी गुट के घर रात्रि को हथियारों से लैस होकर हमला बोल दिया और परिवार के एक सदस्य की हत्या करके दूसरे पारिवारिक सदस्यों को जख्मी कर दिया। अब इस बात से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि युवा पीढ़ी कितनी हिंसक, असहनशील अनुशासनहीन व आक्रोशत होती चली जा रही है। हर कोई गैंगस्टर की राह पर चलने को आतुर है। ऐसे में हम किस प्रकार के समाज की सृजना करना चाहते हैं? दरअसल, हमारे देश के लगभग समस्त राज्यों में युवाओं विशेषता विद्यार्थियों द्वारा समय-असमय शिक्षा संस्थाओं के बाहर गुट बनाकर रोजाना किसी न किसी से लड़ाई-झगड़ा करना आम सी बात है।

अध्यापक तो क्या इन युवाओं के मां-बाप व अभिभावकों के यह वश की बात नहीं कि वे इनकी इन तथाकथित हरकतों पर अंकुश लगा सकें। ऐसी घटनाओं से हम सब का मन विचलित होना स्वाभाविक ही तो है। इन घटनाओं पर लगाम लगाने की हर संभव कोशिश करना हम सब का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम अपने बच्चों को सुसंस्कृत सुसंस्कार दें। इस बात का पता लगाया जाए कि हमारा युवा वर्ग भटक क्यों रहा है? युवा पीढ़ी के हिंसक होने का क्या कारण है? इस बात से कतई इंकार नहीं किया जा सकता है कि हमारे समाज में अवश्य ही ऐसी संस्थाओं का क्षरण हुआ है जो नई युवा पीढ़ी के चरित्र निर्माण में सहायक था। इसमें कोई दो राय नहीं है कि अब अध्यापकों व छात्रों के बीच कहीं न कहीं सामंजस्य पहले जैसा नहीं रहा।



दरअसल यह परस्पर संबंध तिरोहित होता नजर आया है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मददगार साबित होता रहा है। यह बात भी शत प्रतिशत सही है कि आधुनिक युग में प्राचीन गुरु-शिष्य वाला पवित्र रिश्ता भी नहीं रहा है। उस परंपरा का भी पूर्णत: ह्रास हुआ जो कभी हमारे देश भारत की शिक्षा व्यवस्था की आत्मा हुआ करती थी। इसका मुख्य कारण है अध्यापकों द्वारा वेतन लेकर छात्रों को पढ़ाना। अध्यापकों में बढ़ती टयूशन की प्रवृत्ति ने इस संबंध में व्यापक परिवर्तन ला दिया है। अब बात आपसी लेन-देन का व्यापार बन कर रह गई है। आज का छात्र अपने अध्यापकों की बात भी कहां मानता है। इसलिए अध्यापक छात्र के भटकाव पर अकुंश लगाने में असफल सिद्ध हो रहा है।

जमाना बदला तो कानून भी बदला। छात्रों को अब असीमित अधिकार मिले हैं। कानून उन्हें दंड न देने की वकालत करता है। उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। स्कूल से अनुपस्थित रहने पर भी छात्र अपना नाम पुन: दाखिल करवाने में सफल हो जाते हैं। अंतत: बात आती है इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के प्रचार-प्रसार की। इससे एक बेहद आक्रामक वर्ग पैदा हुआ है। इंटरनेट में विद्यमान वेबसाइटें हथियारों से लैस गेम्स से भरी पड़ी हैं। हमारी युवा पीढ़ी दिन-रात इन्हें देख भटकाव की राह पर है। रक्तरंजित हिंसक खेलों को खेलते वे स्वयंभू खलनायक बनते जा रहे हैं। उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बिगाड़ आ रहा है। इससे उनके कोमल मस्तिष्क पर गहरा असर होना तो स्वाभाविक ही है।

आज के माता-पिता अपने कार्य में इतने व्यस्त रहते हैं कि वे अपने बच्चों की उचित परवरिश भी नहीं कर पा रहे। बाप के लाइसेंस वाले रिवॉल्वर व गाड़ी उनके हाथों में है। ऐसे में हमारे देश का कल्चर भी यूरोपीय देशों जैसा बनता जा रहा है। अत: समय रहते माता-पिता, अभिभावकों, अध्यापकों एवं समाजसेवी संस्थाओं को इस अत्यधिक चिंतनीय विषय पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। इस समस्या पर अकुंश लगाने हेतु सबसे पहले इसके कारणों पर गौर करना होगा अन्यथा हमारे शिक्षा स्थल भी यूरोपीय देशों की भांति छात्रों के लिए गोलाबारी के अड्डे बन जाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एकाग्रता समस्त ज्ञान का सार, मनोयोग से करें प्रयास

शिक्षा के क्षेत्र में परीक्षाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है यह छात्रों की योग्यता और प्रतिभा का आकलन करने में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। वार्षिक परीक्षाओं का दौर प्रारंभ होने वाला है।



लेखक : विक्रम वर्मा
स्वतंत्र लेखक, चंबा

सभी विद्यार्थी अपनी इच्छित सफलता प्राप्त करने के लिए वर्ष भर भरपूर मेहनत करते हैं और अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर होते हैं। कुछ ही समय बाद वार्षिक परीक्षाओं का दौर प्रारंभ होने वाला है उम्मीद है कि सभी विद्यार्थियों ने अपने निर्धारित पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण कर लिया होगा और नियमित रूप से पाठ्यवस्तु को दोहराने का प्रयास कर रहे होंगे। सभी परीक्षाओं का उद्देश्य ज्ञान प्राप्त करना और अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग करके परीक्षा में अपने प्रदर्शन को उत्कृष्ट करके दिखाना ही प्रत्येक छात्र का उद्देश्य होता है। स्वामी विवेकानंद जी ने ज्ञान प्राप्ति के लिए एकाग्रता को सबसे ज्यादा महत्व दिया है।

विवेकानंद जी की स्वयं की एकाग्रता भी उत्कृष्ट थी और वे मन की एकाग्रता को ही ज्ञान प्राप्ति का सबसे बड़ा स्रोत मानते थे। वर्तमान समय में यद्यपि विद्यार्थियों के पास जानकारी प्राप्त करने के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण विकास ने शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रभाव डाले हैं, जिससे किसी भी विषय से संबंधित जानकारी अत्यंत सरल और सहज बन चुकी है, परंतु अगर हम गंभीरता से विचार करें, तो यह विदित होता है कि जानकारी जुटाना और ज्ञान हासिल करना दो अलग अलग विषय हैं। ज्ञान मानव जीवन में गहनता से विचार और अध्ययन तथा चिंतन मनन तक विकसित होता है। गहन अध्ययन और चिंतन मनन द्वारा अर्जित ज्ञान मानव जीवन और व्यक्तित्व का व्यवहारिक हिस्सा बन जाता है। एकाग्रता से पढ़ी हुई और समझी हुई विषयवस्तु हमारे मानसपटल पर स्थायी रूप से अंकित हो जाती है। अत: परीक्षाओं की तैयारी में जुटे सभी विद्यार्थियों को यह बात अवश्य ही ध्यान में रखनी चाहिए कि गहन अध्ययन के समय वे पूर्णत: एकाग्रचित्त होकर प्रयास करें और किसी भी प्रकार के व्यवधान से अपने आप को दूर रखें, क्योंकि वर्तमान समय में सोशल मीडिया और मोबाइल फोन की लत परीक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन में बाधा उत्पन्न करती है। यह एक ऐसा पहलु है जो कि समय की बर्बादी के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता को भी विचलित कर रही है। बहुत से विद्यार्थी परीक्षा के समय भी अपने आपको इस प्रकार की गतिविधियों में अधिक समय बिताते हैं, जिसका स्पष्ट प्रभाव उनकी स्मरणशक्ति, एकाग्रता और परीक्षा में उनके प्रदर्शन पर पड़ता है।



अत: अपने जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रयासरत सभी विद्यार्थियों को चाहिए कि मन संयम करना और समय प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, फिर चाहे वो जीवन का कोई भी क्षेत्र हो। अत: परीक्षा को जीवन का सौंदर्य मानकर निरंतर आत्मविश्वास बनाए रखें और आत्मप्रबंधन के साथ साथ समय प्रबंधन को महत्व दें और संपूर्ण मानसिक शक्ति को एकाग्रता से अपनी तैयारी में झोंक दें तो आप परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपनी इच्छित सफलता प्राप्त कर सकते हैं। याद रखें, इच्छित सफलता के लिए वांछित मूल्य चुकाना पड़ता है,तभी हम मनवांछित सफलता हासिल कर सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# कार सवार युवकों से 4.64 ग्राम चिट्टा बरामद, दो गिरफ्तार

**रितेश, सरकाघाट**

बलद्वाड़ा के अंतर्गत पुलिस थाना हटली के थाना प्रभारी बृजलाल शर्मा और उनकी टीम की अगुवाई में सरकाघाट-घुमारवीं हाईवे पर अप्पर नरोला में नाका लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान घुमारवीं की तरफ से एक मारुति स्विफ्ट कार एचपी 28ए-7165 को रोका जिसमें दो युवक सवार थे। पूछताछ के दौरान पुलिस कर्मचारियों को दोनों व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगी तो पुलिस ने उनकी कार की तलाशी ली तो उनके कब्जे से 4.64 ग्राम चिट्टा/हेराइन बरामद हुई।



आरोपियों में कार चालक की पहचान रोहित राणा (25) पुत्र विधासागर वार्ड नंबर 3 जमसाई नगर परिषद सरकाघाट और परिचालक सीट पर बैठे निर्दोष ठाकुर (23) पुत्र विनोद कुमार गांव खरोह (लाका) डाकघर सधोट तहसील सरकाघाट जिला मंडी के रूप में हुई है।

पुलिस थाना हटली में दोनों युवकों को गिरफ्तार करके मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने की है।(अनंत ज्ञान)

## बल्ह के नेरचौक में चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** बल्ह थाना क्षेत्र के तहत नेरचौक में पुलिस ने तीन युवकों से 4.11 ग्राम चिट्टा पकड़ा है। जानकारी के अनुसार बल्ह पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार नंबर एचपी 24बी -1411 की तलाशी ली तो उस में बैठे सरनदीप उम्र 21 डाकघर सुका रियुर तहसील बल्ह, हरप्रीत सिंह (32) तथा अवतार सिंह(34) दोनों का पता डाकघर दढ़ामुडा तहसील बटाला जिला गुरदासपुर के कब्जे से 4.11 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। तीनों के मामले की पुष्टि डीएसपी हेडक्वार्टर दिनेश कुमार ने की है।

## 3500 मिलीलीटर अवैध शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के पुलिस थाना धनोटू के पुलिस दल ने गश्त के दौरान एक महिला के रिहायशी मकान से 3,500 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना धनोटू का पुलिस दल बुधवार शाम को गश्त पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की धनोटू में एक महिला अवैध शराब बेचने का कार्य करती है।

पुलिस दल ने महिला के रिहायशी मकान में छापामारी कर वहां तलाशी के दौरान 3500 मिली लीटर अवैध शराब बरामद की। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाही आरंभ कर दी गई है।

# चौहार व छोटा भंगाल घाटी के दुर्गम गांवों में बर्फबारी जारी



बर्फ से ढकी छोटा भंगाल घाटी।

**रूपी ठाकुर, बरोट**

चौहार घाटी तथा छोटा भंगाल घाटी के दुर्गम गांव को बर्फ की सफेद चादर ने अपने आगोश में ले लिया है। वीरवार सुबह से ही दोनों घाटियों के दुर्गम गांवों में हिमपात का क्रम जारी है तथा दोनों घाटियों के निचले हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है।

दुर्गम गांवों में सुबह से बर्फबारी होने के कारण लोग अपने-अपने घरों में दुबक हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार चौहार घाटी के रुलिंग, मियोट, खलैहल, झरवाड़, कथ्याड़ु, लछ्याण, मढ़, गढ़, पजौंड़ आदि गांवों में तीन ईंच से लेकर एक ईंच तक ताजा हिमपात हुआ है। वहीं छोटा भंगाल

### तीन ईंच से लेकर एक ईंच तक हुआ ताजा हिमपात

घाटी के राजगुंधा, कुक्डगुंधा, कुड्धार, बड़ाग्रां, नलहौता, कोठीकोहड़, चेलर दी मलहा, सरला, धरमाण, सरमाण, नेर, शंगरेहड़, दियोट, उलधार कुराण, भुजलिंग, स्वाड़, छेरना, जधार, अंदरली मलहा, पौलिंग आदि गांव में चार ईंच से आधा ईंच तक ताजा हिमपात हुआ है, लेकिन बरोट में अभी तक इस सर्दी की बर्फ ही नहीं हो पाई है।

दोनों घाटियों के दुर्गम गांवों में बर्फबारी तथा निचले हिस्सों में बारिश होने से सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

# आईआईटी मंडी के डॉ. अनुज वर्मा को सर्वश्रेष्ठ पीएचडी थीसिस से अवार्ड

**अनिल शर्मा, मंडी**

वीएलएसआई डिजाइन के क्षेत्र में शोधकर्ता डॉ. अनुज वर्मा को बेंगलुरु में आयोजित 38वीं वीएलएसआईडी 2025 कॉन्फ्रेंस में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ पीएचडी थीसिस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान वर्मा के वीएलएसआई से संबंधित टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने और वायरलेस कम्युनिकेशन स्टैंडर्ड के क्षेत्र में इसके प्रभाव को लेकर किए गए महत्वपूर्ण रिसर्च को दर्शाता है।

डॉ. अनुज वर्मा ने एफिशिएंट वीएलएसआई-आर्किटेक्चर्स एंड एएसआईसी -फेब्रिकेशन ऑफ चैनल डिकोडर फॉर कंटेम्परेरी वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम विषय पर अपना थीसिस पूरा किया।

इस पुरस्कृत थीसिस में वायरलेस संचार मानक के लिए हार्डवेयर एफिशिएंट और हाई थ्रुपुट रीकॉन्फिगर करने योग्य चैनल डिकोडर के लिए इनोवेटिव सॉल्युशंस पर गहन चर्चा की गई है। यह शोध 5 जी न्यू रेडियो मानक के क्षेत्र में महत्वपूर्ण चुनौतियों पर विचार करते हुए प्रेक्टिकल एप्लीकेशंस को दर्शाता है। ये ऐसे एप्लीकेशंस हैं जो वीएलएसआई डिजाइन परिदृश्य में जबरदस्त बदलाव ला सकते हैं। यह सम्मान



पुरस्कार ग्रहण करते डॉ. अनुज वर्मा।

### वीएलएसआईडी 2025 कॉन्फ्रेंस में किया सम्मानित

हासिल करने पर डॉ. अनुज वर्मा ने कहा कि मेरे लिए यह वाकई गर्व की बात है और मेरा मानना है कि यह पुरस्कार दरअसल समर्पण और सहयोग का प्रमाण है। मैं यह पुरस्कार अपने पर्यवेक्षक डा. राहुल श्रेष्ठ को समर्पित करना चाहता हूं, जिनके मार्गदर्शन और सलाह ने मेरी शोध यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### वीएलएसआईडी एक प्रमुख ग्लोबल सम्मेलन

इंटरनेशनल वीएलएसआई डिजाइन एंड एम्बेडेड सिस्टम कॉन्फ्रेंस साढ़े तीन दशकों से अधिक की विरासत वाला एक प्रमुख ग्लोबल सम्मेलन है। यह ग्लोबल वार्षिक तकनीकी सम्मेलन जो वीएलएसआई और एम्बेडेड सिस्टम में नवीनतम प्रगति पर केंद्रित है, में 2000 से अधिक इंजीनियर, छात्र और संकाय सदस्य, उद्योग, शिक्षा जगत, शोधकर्ता, नौकरशाह और सरकारी निकाय भाग लेते हैं। वीएलएसआई डिजाइन कॉन्फ्रेंस की शुरुआत 1985 में एक साधारण विचार के रूप में हुई। इसका मकसद इंजीनियरिंग शिक्षा और अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में वीएलएसआई गतिविधियों के स्तर को समझाना है। ग्लोबल मौजूदगी के साथ वीएलएसआईडी को डिजाइन ऑटोमेशन सम्मेलन की सिस्टर कॉन्फ्रेंस के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह सम्मेलन वीएलएसआई सोसाइटी ऑफ इंडिया, वीएसआई द्वारा प्रायोजित है।(अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बिना भेदभाव मुख्यमंत्री करवा रहे विकास कार्य : संजीव



**अनंत ज्ञान, बरोट।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश में बिना किसी भेदभाव से विकास कार्य करवाने में पूरी तरह से कृतसंकल्प है। छोटा भंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष संजीव कुमार उर्फ गुड्डू ने बताया कि मुख्यमंत्री समूचे प्रदेश सहित आम जनता के उत्थान के लिए बेशक कड़े फैसले ले रहे हैं, मगर भविष्य के लिए उनके द्वारा लिए गए इन कड़े फैसलों से ही राजस्व में बढ़ोतरी होने से प्रदेश का भविष्य उज्ज्वल रहेगा। उनकी अच्छी सोच के कारण प्रदेश कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं सहित आम जनता उनके हितैषी बन गए हैं। 25 जनवरी को मुख्यमंत्री बैजनाथ में आयोजित हिमाचल दिवस कार्यक्रम के लिए पधार रहे हैं, जिसके लिए 19 जनवरी को छोटाभंगाल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक मुल्थान भवन स्थित वनविश्राम गृह में आयोजित की जा रही है। संजीव कुमार ने बताया कि घाटी में चली आ रही कि कई प्रकार की समस्याओं को सुलझाने देने की पूरी आस भी जग गई है।

### ग्रामीण बैंक गागल ने मृतक के परिजनों को दिए 2-2 लाख



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की गागल शाखा द्वारा अपने दो ग्राहकों जिनकी बीते साल अलग-अलग दुर्घटनाओं में मौत हो गई थी के परिजनों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2-2 लाख की राशि के चेक प्रदान किए। शाखा प्रबंधक दीपक शर्मा ने बताया कि हेम सिंह की फोरलेन पर बैहना में सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था जिसकी पीजीआई में इलाज के दौरान 5 दिसंबर 2024 को मौत हो गई थी। हेम सिंह का उनके बैंक में खाता था। बैंक ने हेम सिंह की पत्नी पार्वती देवी को 2 लाख का चेक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत अदा किया गया। इसी तरह से दूसरे मामले में तेज राम सैनी की नागचला फोरलेन पर वोल्वो बस के साथ टक्कर हो जाने के कारण मौके पर ही मौत हो गई थी। तेज राम सैनी का भी ग्रामीण बैंक गागल में खाता था। उनकी पत्नी सावित्री देवी को भी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रोत्साहन योजना के तहत वीरवार को शाखा प्रबंधक ने दो लाख का चेक प्रदान किया।

### ननावां टीम ने अपने नाम की क्रिकेट ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरध्वार स्थित घोड़ नाला क्रिकेट ग्राउंड में तीन दिवसीय मां शीतला युथ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के 10 नामी टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक इंद्र सिंह ने किया। उन्होंने आयोजकों को 11 हजार की प्रोत्साहन राशि दी, जबकि समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति कैप्टन वेणी माधव ने शिरकत की। उन्होंने अपनी ओर से आयोजकों को 5100 रुपए भेंट किए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ननावां और कोठी गैहरी टीम के बीच खेला गया जिसमें ननावां टीम ने यह मैच 5 रन से जीत लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 15,000 रुपए की राशि तथा उपविजेता टीम को 7100 रुपए इनाम दिया।

### योग शिक्षक राजेंद्र ने आंगनबाड़ी में सिखाया योग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** गांव लोअर महादेव व गांव घुकनू से सटे आंगनबाड़ी केंद्र में वीरवार को कार्यकर्ता डोला देवी की उपस्थिति में वहां शामिल हुई महिलाओं एवं बच्चों को सूक्ष्म योग क्रियाएं करवाई गई। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय महादेव से संबद्ध योग शिक्षक राजेंद्र कुमार ने शरीर को स्वस्थ तथा निरोग रखने के लिए आंगनबाड़ी में सबसे ज्यादा उम्र की वृद्ध महिला (75) मथरु देवी सहित आए गांववासियों को नियमित रूप से योग करने का महत्व समझाया। आंगनबाड़ी में आयोजित किए गए इस योग से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यक्रम की दूर-दूर तक चर्चा है।(अनंत ज्ञान)



# सरकार के शाही ठाट बाट जारी और जनता की सुविधाओं में कटौती : चंदन

**अनंत ज्ञान, बरोट**

झूठे चुनावी वादों का सहारा लेकर सत्ता में आई कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के राजनीति के इतिहास में अब तक की सबसे निकम्मी और झूठी सरकार साबित हो चुकी है। इस सरकार में केवल कुछ एक कांग्रेसी नेता मौज ले रहे हैं जो कि मुख्यमंत्री के मित्र हैं या तो करीबी हैं और इस सरकार का जनहित से कोई लेना देना नहीं है।



यह बात भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कही। चंदन पंडित ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान कांग्रेस सरकार में सुक्खू के मित्रों की ही मौज लगी है जो जनता के टैक्स की कमाई से कैबिनेट रैंक की सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं और उन मुफ्त की सुविधाओं का लाभ लेते हुए केवल पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर टिप्पणियां कर रहे हैं जो निंदनीय है।

वहीं पिछले दो महीने से प्रदेश में ट्रेजरी को बंद करके सभी आर्थिक कार्यों पर रोक लगा दी गई है जिससे पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का वातावरण बन गया है। ऐसे समय में हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार अपने कैबिनेट रैंक के चेयरमैन और सलाहकारों को दी जाने वाली सुविधाओं में कोई कटौती नहीं कर रही अपितु जनसुविधाओं पर ही रोक लगा रही है।

# आत्महत्या करने को उकसाने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एचआरटीसी प्रबंधन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की एक एफआईआर पुलिस थाना औट में दर्ज की गई है। मृतक की पत्नी व शिकायतकर्ता पुष्पा देवी पत्नी संजय कुमार शर्मा गांव झिड़ी तहसील औट ने एक लिखित शिकायत पत्र में तहरीर किया कि वह मृतक चालक संजय कुमार की विधवा है।

उन्होंने कहा कि मेरे पति संजय ने गांव के आवास पर आत्महत्या की है। उन्होंने एचआरटीसी प्रबंधन और अन्य आरोपियों द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने का संदेह जाहिर किया।

पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने मामला दर्ज करने की पुष्टि करते हुए कहा कि नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश सरकार करवा रही समान विकास : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हो रहे चौमुखी विकास को लेकर नाचन विधानसभा क्षेत्र की जयदेवी पंचायत के ग्रामीणों ने सीएम का आभार जताया है।

इसके लिए विकास कार्यों के सूत्रधार बने कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान का ग्रामीणों ने स्वागत किया है। पंचायत के लोगों ने खुशी का इजहार करने के लिए स्थानीय पंचायत के काफला गांव में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता महिला मंडल जयदेवी की प्रधान देवकी देवी ने की, जिसमें ब्रह्मदास चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बैठक में मिड-डे मील वर्कर्स मैना देवी, वार्ड सदस्य रीता देवी,



बैठक के दौरान कांग्रेस नेता ब्रह्मदास चौहान ग्रामीणों के साथ सामूहिक चित्र में।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जयदेवी की एसएमसी प्रधान उर्मिला देवी व प्राथमिक पाठशाला जयदेवी की एसएमसी प्रधान मंजू देवी विशेष रूप से मौजूद रही।

इस अवसर पर बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि ब्रह्मदास चौहान क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इन्हीं के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री सुक्खू ने जयदेवी पंचायत में कई विकास योजनाएं धरातल पर उतरी है।

इस अवसर पर ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि कम संसाधनों के बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सम्मान विकास करवा रही है। इस अवसर पर महिला मंडल भवन की मांग महिला मंडल की ओर से रखी गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता संजय कुमार, खजान सिंह राणा, रोशन लाल, प्रीतम सिंह, टेक चंद, रीना चौहान, कृष्णा देवी, प्रेमलाल, राजू राम आदि मौजूद रहे।

# उर्मिला बनी जय मां नैणा गंधीरू मंदिर समिति की प्रधान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी सदर क्षेत्र के तहसील कोटली की ग्राम पंचायत साई के तहत आने वाले जय मां नैणा गंधीरू मंदिर समिति के चुनावों में धार गांव की उर्मिला को प्रधान चुना गया।

साई गांव के कृष्ण चंद को उपप्रधान, धार के नरेंद्र को महासचिव, बनाणू के शिव लाल कोषाध्यक्ष, दरव्यास के रमेश चंद सचिव, चलोह के बीरी सिंह व कोट के तेज नाथ को सदस्य चुना गया। प्रतिनिधियों की सूचना प्रधान करण सिंह को भेज दी गई तथा सचिव रमेश चंद को यह अधिकार दिया गया कि वह समिति के पंजीकरण आदि की औपचारिकताएं पूरी करेंगे।

# सीबीएसई पाठ्यक्रम में विद्यार्थी पढ़ेंगे पवन की रचनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर क्षेत्र के युवा साहित्यकार पवन चौहान के नाम इस वर्ष एक और उपलब्धि जुड़ गई है। इस बार पवन चौहान की पांच रचनाएं विभिन्न कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल हुई हैं।



पवन चौहान।

ये रचनाएं सीबीएसई और आईसीएसई संबद्ध निजी विद्यालयों के पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 से पढ़ाई जाएंगी। वीवा एजुकेशन की पाठ्यपुस्तक श्रृंखला परमिताइ के अंतर्गत इन्हें देशभर के विद्यार्थी पढ़ेंगे। कक्षा तीसरी में नाटक के रूप में ऐसे समझ आई बात चौथी कक्षा में संवाद के रूप में ज्वारी परंपरा, छठी में कविता के रूप में सुबह के मोती व लोक संस्कृति और आभूषण तथा सातवीं में फीचर के रूप में प्रकृति का खूबसूरत उपहार-बरोट नामक रचनाएं शामिल की गई हैं। यह पाठ्य पुस्तकें एनईपी 2020 तथा एनसीएफ 2022-23 के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई हैं।

गौरव की बात इन पुस्तकों में सुपरिचित साहित्यकारों सुब्रह्मण्य भारती, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, जयशंकर प्रसाद, सुभद्रा कुमारी चौहान, सुमित्रानंदन पंत, लियो तोल्सतोय, भगवतशरण उपाध्याय, रामधारी सिंह दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, राम नरेश त्रिपाठी, बाबू गुलाबराय, बेढब बनारसी, सराह ओर्न जेवेट, श्रीप्रसाद, दिविक रमेश, सोहन लाल द्विवेदी, मंजरी शुक्ला, रोचिका शर्मा, गुरप्रीत शर्मा आदि की रचनाओं के साथ पवन चौहान को भी शामिल किया गया है। यह पाठ्यपुस्तकें नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, कोच्चि, गुवाहाटी आदि के विद्यार्थी पढ़ेंगे।

# महाकुंभ से वापस लौटे श्रद्धालु



महाकुंभ में भाग लेने के उपरांत वापस लौटे श्रद्धालु सामूहिक चित्र में।

**आदर्श, नेरचौक**

मंडी जिला के बग्गी क्षेत्र से संबंधित श्रद्धालुओं का एक जथा महाकुंभ से वापस लौट आया है। महाकुंभ से वापस लौटे श्रद्धालु कन्हैया लाल, किशोरी लाल, प्रमिला, अहिल्या, हर्षा, चंपा, कला व तान्या ने बताया कि महाकुंभ में सुरक्षा की दृष्टि से कड़े प्रबंध किए गए हैं।

श्रद्धालुओं ने बताया कि मकर संक्रांति पर अमृत स्नान में भाग लेकर खुद को बहुत ही सौभाग्यशाली समझ रहे हैं। इन्होंने देश के सभी नागरिकों से महाकुंभ में भाग लेने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

# मनरेगा के तहत बने रास्ते में लगे कूड़े के ढेर, लोग हो रहे परेशान

**भीम बसेड़ू, महादेव**

ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत आते गांव घुकनू से गांव अप्पर बैहली को जाते झाड़ियों एवं पेड़ों से घिरे रास्ते को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है, जिससे यहां से आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

मनरेगा के तहत यह कंक्रीट वाला रास्ता पक्का तो बना दिया मगर वर्षों से रखरखाव के प्रति उदासीन रवैया बरतते हुए इसे अपने हाल पर छोड़ दिया गया है ऐसी स्थिति में रास्ता खराब होता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों का यह आम रास्ता जहां कंटीली झाड़ियों इत्यादि से ढका पड़ा है। बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही रास्तों आदि की दशा सुधार कर प्रदूषण मुक्त किया जाए।(अनंत ज्ञान)



# मारपीट को लेकर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी के तहत चांबी क्षेत्र में मारपीट को लेकर दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में दीप कुमार पुत्र गोवर्धन निवासी गांव कांगर डाकघर चांबी तहसील सुंदरनगर ने कहा कि जब वह घर की ओर जा रहा था तो चांबी कांडी रोड़ पर दो युवकों ने उसका रास्ता कर डंडे के साथ इसके साथ मारपीट की।

एसपी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

# आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य पूरा करें : मनीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि चौंतड़ा विकास खंड के अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को जल्द पूरा किया जाए।



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

साथ ही ऐसे सभी आंगनबाड़ी भवनों के उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाए जाएं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एसडीएम आज यहां समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) ब्लॉक चौंतड़ा की आंगनबाड़ी भवन निर्माण समीक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक का संचालन सीडीपीओ चौंतड़ा बीआर वर्मा ने किया। एसडीएम ने मनरेगा के अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों, प्राथमिक विद्यालय के परिसरों में निर्मित किए जा रहे आंगनबाड़ी भवनों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण एवं मुरम्मत कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि मनरेगा के अंतर्गत बाग तथा स्यिूण में आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बाग आंगनबाड़ी भवन के लिए धनराशि को खर्च कर लिया गया है तथा धनराशि के लिए मांग उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। इसी तरह स्यिूण आंगनबाड़ी भवन निर्माण के अन्य विकास खंड से प्रतिस्थापन के तौर पर धनराशि प्राप्त हुई तथा बीडीओ चौंतड़ा को जल्द कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य कार्यों को भी पूरा करने के निर्देश दिए।

## कृषि

### जनवरी माह के दूसरे पखवाड़े में कृषि एवं पशुपालन कार्य की एडवाइजरी जारी

# गेहूं में खरपतवार होने पर '32 ग्राग वेस्टा' का करें छिड़काव

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर के माध्यम से जनवरी माह के दूसरे पखवाड़े में किए जाने वाले कृषि एवं पशुपालन कार्यों की एडवाइजरी जारी की है।

कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. पंकज सूद ने कहा कि गेहूं की 30 से 35 दिन की फसल में जहां खरपतवारों में 2-3 पत्तियां आने पर संकरी एवं बैड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण के लिए 32 ग्राग वेस्टा (गेटसल्फयूरॉन मिथाईल 20 डब्ल्यू पी. क्लोडिनाफॉप प्रोपार्जिल 15 डब्ल्यू पी.) 60 लीटर पानी की दर से प्रति बीघा छिड़काव करें। वहीं कीटनाशक का छिड़काव साग वाली फसलों में न करें।(अनंत ज्ञान)



### आलू बिजाई का सही समय

**पंकज** सूद ने कहा कि जिले के मध्यवर्ती क्षेत्रों में आलू की बिजाई का उपयुक्त समय चल रहा है तथा कुफरी ज्योति, कुफरी हिमालिनी, कुफरी गिरिराज व कुफरी चन्द्रमुखी आलू की प्रमुख किस्में हैं। जिनकी बिजाई की जा सकती है।

### सफेद सुंडी से आलू का करें बचाव

**पंकज** सूद ने कहा कि सफेद सुंडी, कटुआ कीट व लाल चींटी से आलू की फसल को नुकसान होता है, इसके लिए बिजाई पूर्व 160 मिली क्लोरपाइरिफॉस 20 ईसी को 2 किग्रा रेत में मिलाकर प्रति बीघा की दर से खेत में मिलाएं।

### अधिक जानकारी के लिए किसान करें संपर्क

**डॉ.** पंकज सूद ने कहा कि किसान अधिक जानकारी के लिए कृषि तकनीकी सूचना केंद्र एटिक 01894-230395 या किसान कॉल सेंटर 1800-180-1551 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान सारथी पोर्टल पर पंजीकृत किसान टोल फ्री नम्बर 1800- 123-2175 या 14426 से सीधे कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों से सलाह ले सकते हैं और जो किसान इस पोर्टल पर जुड़ना चाहते हैं वे स्वयं भी पिंजीकरण करवा सकते हैं।

# मंडी के नायक हेमराज को मिला वीरता पुरस्कार मेडल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान अदम्य साहस का परिचय देने वाले मंडी जिला के मलवाणा गांव के नायक हेमराज 77वें आर्मी डे पर सेना मेडल से नवाजा गया। यह बहादुरी पुरस्कार पुणे महाराष्ट्र में आर्मी-डे पर चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा वीरता पुरस्कार के रूप में उनकी छाती पर सेना मेडल लगाकर प्रदान किया गया।



हेमराज मलवाणा निवासी प्रकाश चंद के बेटे हैं। 28 फरवरी 2023 को पुलवामा में तैनाती के दौरान उन्हें एक गांव में आतंकवादी छिपे होने की सूचना मिली। नायक हेमराज के नेतृत्व में सेना के जवानों ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। नायक हेमराज 62 केवेलरी तिवरी कैंट गुरदासपुर में कार्यरत है। वहीं इस बहादुरी के लिए हेमराज को न तो प्रदेश सरकार और न ही जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया।

# विकास खंड धनोटू से लोक निर्माण विभाग को भेजा 1420 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक

**आदर्श, नेरचौक**

जिला मंडी में उपायुक्त अपूर्व देवगन द्वारा चलाए गए हब एंड स्पोक मॉडल के अंतर्गत विकास खंड धनोटू की 32 ग्राम पंचायतों से एकत्रित 1420 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक लोक निर्माण विभाग को भेजा गया।



सिंगल यूज प्लास्टिक को ट्रक में भरकर ले जाते हुए।

गौरतलब है कि उपायुक्त के निर्देशन में कार्य करते हुए विकास खंड धनोटू की 32 ग्राम पंचायतों की भौगोलिक समानता को देखते हुए तीन कलस्टर में विभाजित किया गया है। कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी धनोटू मनोज कौशल ने बताया कि ग्राम पंचायतों में लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे आईईसी के माध्यम से जागरूक किया गया है। ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक कचरे का घर पर ही निपटान करने के लिए लोगों को एक बोरी लगाने के बारे में बताया गया है और इस बोरी में साफ सुथरा प्लास्टिक एकत्रित करने तथा बोरी भर जाने के उपरांत उसे पंचायत घर तक पहुंचाने के लिए पंचायत द्वारा व्यवस्था की जाती है।

पंचायत घर से यह प्लास्टिक ग्राम पंचायत सलवाहन में स्थापित प्लास्टिक प्रबंधन इकाई तक प्रति माह एक निर्धारित दिनांक को पहुंचाया जाता है।(अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### त्रिदेव मंदिर में भंडारे का आयोजन



**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** तलवाड़ा मुख्य सड़क के किनारे गांव नकडोह में स्थित त्रिदेव मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्दालुओं ने पहुंच कर त्रिदेव मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि त्रिदेव मंदिर में जो कोई अपनी मुरादें लेकर आता है, वह मनवांछित फल पाकर जाता है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय लोंगो के सहयोग से मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना के बाद झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई।

### पीर लालां वाले मंदिर में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत सिंगा के पीर लालां वाले मंदिर में 28वां विशाल झंडा रस्म व भंडारा वीरवार को करवाया गया। ज्ञानी बाबा सिंगा वालों ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी लख दाता पीर लालां वाले जी की अपार कृपा से 28वां विशाल झंडा रस्म व भंडारा वीरवार को करवाया गया। इसकी अध्यक्षता गद्दीनशीन बाबा होशियार सिंह ( अमन) ने की। सुबह आठ बजे पूजा-अर्चना कर उसके उपरांत बलबीर सिंह शारदा पस्सीवाल, प्रधान पंचायत सिंगा गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा के द्वारा झंडा रस्म अदा के उपरांत पूरे गांव की सुख के लिए अरदास की गई और पूरा गांव पीर के जयकारों से गूंज उठा और महोल भक्तिमय हुआ। संगत ने पीर जी के लंगर का परशाद ग्रहण किया। इस अवसर पर इंद्रजीत भाटिया, सोनू, अमरीक, गगन, संजू बीटन सहित रायकोट की संगत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### बाथू में निक्षय शिविर का आयोजन



**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली उपमंडल के तहत पड़ते ग्राम पंचायत बाथू में सौ दिन टीबी अभियान के अंतर्गत निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 103 लोगों के एक्सरे कर लोगों को टीबी के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान में ग्राम पंचायत प्रधान सुरेखा राणा, विक्रांत चौहान, मनोज कुमार, पंकज और शमा रानी, बबीता, सुनीता, बंदना प्रवीण कुमारी सहित आशा वर्कर भी मौजूद रहे।

### शॉपिंग मॉल से छोटे दुकानदार प्रभावित : तुग्गा



**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा ऊना अध्यक्ष इशांत तुग्गा ने कहा कि जिला ऊना क्षेत्र में बन रहे बिग शॉपिंग मॉल से निजी दुकानदारों को काफी दिक्कत हो रही है, जिनसे दुकानदार का व्यापार प्रभावित हो रहा है और इससे व्यापारियों को आगे वी परेशानी झेलनी पड़ेगी इनसे उनके व्यापार पर और घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो जाएगा। सरकार से निवेदन है कि अगर शॉपिंग मॉल को कहीं भी खुलने का अनापत्ति देते हैं तो स्थानीय मार्केट और छोटे व्यापारियों के भी ध्यान रखा जाए।

### रघुवंशी ने चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेका

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल से संबंधित बॉलीवुड गायक हंसराज रघुवंशी ने वीरवार को माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई। गायक हंसराज रघुवंशी ने माता चिंतपूर्णी की पूजा के बाद कहा-मैं माता की कृपा से ही अपने गायन करिअर में सफल हो पाया हूं। उम्मीद है कि माता की पूजा और आराधना से हम सभी पर कृपा बनी रहेगी। इसके अलावा हंसराज रघुवंशी ने मंदिर में उपस्थित प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाई और उनके साथ बातचीत की। उन्होंने मां के दरबार में अपना प्रसिद्ध गाना ..चरण तेरे मां चिंतपूर्णी.. भेंट भी गाई। इसे श्रद्धालुओं ने बहुत पसंद किया।

### हुड़दंगियों को पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ा

**विवेक शर्मा, अंब।** बीती रात ग्राम पंचायत बेहड़ जसवां इलाके के चक में कुछ हुड़दंगियों ने जमकर हंगामा मचाया, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया। हुड़दंगियों ने अचानक सड़क पर वाहनों की आवाजाही को रोककर और सार्वजनिक स्थानों पर अशांति फैलाकर स्थानीय लोगों को घबराहट में डाल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हुड़दंगियों के चलते सड़क पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया, जिससे आसपास के इलाकों में भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में करने के प्रयास किए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हुड़दंगियों को हिरासत में लिया व पुछताछ के बाद आगे के लिए ऐसा न करने की हिदायत देकर छोड़ दिया। स्थानीय लोग इस घटना से सकते में हैं और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इलाके में बढ़ती असमर्थता और असुरक्षा के कारण लोग चिंतित हैं और सरकार से इस मामले में और सख्त कदम उठाने की अपील कर रहे हैं।

# राजेंद्र बंगाणा व राजकुमार डेरा बाबा रुद्रानंद के बने मंडलाध्यक्ष

## राजेंद्र और राजकुमार के भाजपा मंडलाध्यक्ष बनने से पार्टी को एक नई दिशा और ऊर्जा मिली है : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



भाजपा के नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों के साथ पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो।

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा के राजेंद्र मलांगड़ ओर डेरा बाबा रूद्रानंद के राजकुमार सैनी को भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाया है। भाजपा संगठन के कुटलैहड़ के चुनाव प्रभारी बिहारी लाल शर्मा ने पार्टी कार्यालय ऊना में विधिवत घोषणा करके राजेंद्र मलांगड़ और राजकुमार सैनी की भाजपा मंडल अध्यक्ष की विधिवत घोषणा की है।

भाजपा पार्टी की बैठक में सर्वसम्मति से उनका दोनों मंडल अध्यक्षों का चयन किया गया, जिससे भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो के खेमे के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। उनकी नियुक्ति को भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं, बंगाणा कार्यक्रम में भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भाजपा के शीर्षक नेताओं का आभार प्रकट किया। तो मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और राज कुमार ने शीर्षक भाजपा नेताओं की साथ भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो का आभार प्रकट किया।

ज्ञात रहे मंडल के भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राजकुमार भारतीय जनता पार्टी के एक समर्पित और अनुभवी कार्यकर्ता हैं। वे लंबे समय से पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं और अपने समर्पण व अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। उनकी राजनीति में सक्रियता के साथ-साथ संगठनात्मक क्षमताओं ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बनाया। सामाजिक कार्यों और जनसेवा में उनकी भागीदारी ने क्षेत्रीय जनता के बीच उन्हें एक लोकप्रिय चेहरा बनाया है।भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजेंद्र मलांगड़ के चयन पर खुशी जताई। भाजपा नेता बलराम बबलू ने कहा कि उनके नेतृत्व में मंडल संगठन नई ऊंचाइयों को छूएगा। कुटलैहड़ भाजपा के नवनियुक्त मंडलाध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने कहा कि मैं पार्टी द्वारा मुझ पर जताए गए भरोसे का सम्मान करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करूंगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और राजकुमार के भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने के उपलक्ष्य में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिले और मंडल के 600 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी भाग लिया और उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और राजकुमार ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि वे युवा शक्ति को जोड़कर पार्टी को और सशक्त किया जाएगा। कुटलैहड़ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और राजकुमार के भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने से पार्टी को एक नई दिशा और ऊर्जा मिली है।

**ये रहे मौजूद**

**इस** मौके पर भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो, संतोष सैनी, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पॉल शर्मा, बलराम बबलू, सूरम सिंह, प्रवीण पादा, सुदर्शन शर्मा, जिला पार्षद निशा भुल्लर, उपप्रधान जीवन शर्मा, अभय सिंह राणा, सुरेश पंडित, पूर्व प्रधान रमेश डूमखर, चंद्र कुमार शर्मा, अशोक ठाकुर आदि सैकड़ों भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नितिन नंबरदार गगरेट व अजय ठाकुर बने दौलतपुर चौक मंडल के अध्यक्ष

**सन्नी पुरी, गगरेट**

लंबी चली उठापटक के बाद आखिरकार भाजपा मंडल गगरेट व दौलतपुर चौक के मंडलाध्यक्षों की घोषणा हो गई है। हालांकि भाजपा ने बूथ अध्यक्षों के समक्ष मंडल अध्यक्षों की घोषणा करने के बजाए हर लड़ाई झगड़े को मिटाने के लिए जिला मुख्यालय पर स्थित पार्टी मुख्यालय पर ही मंडल अध्यक्षों की घोषणा की।

भाजपा मंडल गगरेट से नितिन नंबरदार तो भाजपा मंडल दौलतपुर चौक से अजय ठाकुर की बतौर मंडलाध्यक्ष नियुक्ति की है। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव राजू के नाम पर सहमति न बन पाने पर दौलतपुर चौक से अजय ठाकुर मंडल अध्यक्ष बने हैं। मंडलों पर गुटबाजी हावी न हो, अब नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों के समक्ष यह चुनौती होगी। दरअसल दो ध्रुवों में बंटी गगरेट भाजपा के समक्ष मंडल अध्यक्ष का चुनाव करना पाना कड़ी चुनौती थी। यही वजह रही कि हर बार मंडल अध्यक्ष के चुनाव टलते रहे। पार्टी सूत्रों की मानें तो विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे चैतन्य शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव राजू को दोबारा अध्यक्ष बनाने को सहमत नहीं थे। यही वजह रही कि भाजपा मंडल अध्यक्ष का चुनाव कई बार टाला गया। वीरवार को दोनों नियुक्त किए गए मंडलाध्यक्षों को फोन कर पार्टी मुख्यालय ऊना बुलाया गया और वहीं पर दोनों के नामांकन-पत्र भरवा कर इन्हें मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। यह पहली मर्तबा है जब भाजपा ने प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में दो-दो मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए हैं। मंडल अध्यक्ष बनने के लिए भाजपा ने 45 साल की आयु सीमा तय की थी। जाहिर है कि भाजपा युवाओं को संगठन में आगे लाकर युवा मतदाताओं पर भी फोकस कर रही है ताकि आगामी चुनाव में युवा मतदाताओं को अपने पक्ष में किया जा सके।

उधर, पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर ने बधाई देते हुए कहा कि दोनों मंडल अध्यक्षों के साथ पार्टी को गगरेट में और मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे चैतन्य शर्मा ने कहा कि भाजपा युवा सोच को लेकर आगे बढ़ रही है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष नितिन नंबरदार व अजय ठाकुर ने कहा कि पार्टी को धरातल स्तर पर मजबूत किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## गणतंत्र दिवस पर विकास योजनाओं की झांकियां प्रस्तुत करेगी सरकार

**अनंत ज्ञान, ऊना**



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि होंगे। वह 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस समारोह में परेड, झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि उपमुख्यमंत्री 26 जनवरी को पूर्वाह्न 10.40 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके बाद पूर्वाह्न 10.55 बजे स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। ध्वजारोहण के बाद उपमुख्यमंत्री परेड का निरीक्षण करेंगे, मार्चपास्ट की सलामी लेंगे और जिला वासियों को संबोधित करेंगे। परेड में पुलिस और होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ-साथ एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। समारोह में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चे तथा नाट्य दल सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। बारिश की स्थिति में समारोह के लिए टाउन हाल में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि समारोह में प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी और पर्यटन विकास से जुड़ी झांकियां शामिल होंगी। उपमुख्यमंत्री समारोह में विभिन्न विभागों के जनसेवा से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित भी करेंगे।

## पैरा स्टाफ की शारीरिक परीक्षण के लिए तिथियां जारी

**अनंत ज्ञान, अंब।** पैरा स्टाफ भर्ती के लिए आवेदकों को अधिशाषी अभियंता जलशक्ति मंडल अंब में शारीरिक परीक्षण के लिए विभाग द्वारा तिथियां घोषित कर दी गई हैं।

22 जनवरी बहुउद्देश्य वर्कर आवेदन संख्या 01 से 250 तक प्रात: 10 से लेकर दोपहर 1 बजे तक ,आवेदन संख्या 251 से 500 तक दोपहर 2 से लेकर शाम 5 बजे तक, 23 जनवरी आवेदन संख्या 501 से 800 तक सुबह 10 बजे और पैरा फिटर आवेदन संख्या 01 से 25 तक दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक और 24 जनवरी ो पैरा पंप ऑपरेटर आवेदन संख्या 01 से 288 तक सुबह 10 से लेकर दोपहर 1 बजे तक और आवेदन संख्या 289 से लेकर 576, दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक विभाग के दफ्तर में पहुंच कर शारीरिक परीक्षण के लिए पहुंचें।

## विधायक बबलू ने पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

**विवेक शर्मा, अंब**



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते विधायक सुदर्शन बबलू, साथ हैं अन्य।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने वीरवार को विकास खंड अंब के सभागार में चिंतपूर्णी के प्रधान, उपप्रधान व सचिवों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रधानों व सचिवों को उनकी पंचायतों के लिए जारी विकास राशि को 31 मार्च तक इस्तेमाल कर लेने की बात कही।

उन्होंने कहा कि अगर कोई पंचायत इस राशि को खर्च नहीं कर पाती है तो उस राशि को किसी अन्य पंचायत को आवंटित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी पंचायत प्रधान या सचिव में आपसी तालमेल को लेकर कोई समस्या है तो वह खुलकर उन्हें बताएं ताकि उनके तालमेल में कमी के चलते पंचायत के विकास कार्य बाधित न हों। बबलू ने कहा कि क्षेत्र का विकास हर जनप्रतिनिधि की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। विकास कार्यों से यहां एक तरफ जनता को लाभ मिलेगा, वहीं, कुछ ही समय ने आने वाले पंचायतीराज चुनावों में उन्हें भी लाभ मिलेगा। इस दौरान कुछ पंचायत प्रधानों ने उनके विकास कार्यों में आ रही समस्याओं को भी विधायक के समक्ष रखा।

बबलू ने प्रधानों की समस्याओं के निपटारे के लिए बैठक में मौजूद एसडीएम अंब सचिन शर्मा, तहसीलदार प्रेम लाल धीमान, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, बीडीओ ओम पाल धीमान को उन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द निपटाने व विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।

बबलू ने बताया कि क्षेत्र के विकास के लिए पंचायतों को साढ़े सात करोड़ रुपए बजट आबंटित किया गया है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस के निर्वतमान अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष विकास कश्यप, कार्यालय अधीक्षक दिनेश शर्मा, पंचायत निरीक्षक विजय कुमार, एसईबीपीओ सुखचैन सिंह, बीडीसी सदस्य डॉ. राजपाल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में प्रवेश शुल्क को लेकर याचिका दाखिल



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल के पंजाब नंबर वाहन मालिकों को प्रवेश नाकों पर लगने वाले टोल पर्ची से राहत दिलाने के लिए हिमाचल उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस जनहित याचिका में मैहतपुर कलसेहड़ा, अजौली भटौली, भवौर साहिब भटौली और वारमला में टोल बैरियर पर हिमाचल के उन लोगों को भी पैसा भरना पड़ता है जिनके पास पंजाब नंबर की गाड़ियां हैं। कानून विषय के एक छात्र उत्तांश मोंगा ने यह जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने तर्क दिया है कि हिमाचल के लोगों को हिमाचल में प्रवेश करने पर हिमाचल नंबर के वाहनों में ही छूट है। हिमाचली निवासियों के पास अन्य राज्यों के पंजीकृत वाहन भी हैं, उनको भी छूट मिलनी चाहिए।

## विधायक कालिया ने भंजाल में फुटबाल टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



**सुदीप सरोच, मुबारिकपुर।** फुटबाल शिवालिक कमेटी भंजाल द्वारा आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ गगरेट क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि को कमेटी द्वारा शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में विनर टीम को 61,000 हजार रुपए व रनरअप टीम को 51,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रथम चरण में तीन मैच खेले जाएंगे। पहले मैच में आरएफसी भंजाल ने एफएफसी दौलतपुर को पेनल्टी शूट में एक गोल से हराया। इस मौके पर प्रधान पंचायत भंजाल मीना कुमारी, कमेटी प्रधान राजेश ठाकुर, बिट्टू लाला, एसएचओ अंब गौरव भारद्वाज, शेष मोहन, कमलजीत, प्रधान पंचायत लोअर भंजाल सुरेंद्र कुमार, पंचायत सचिव अरविंद कुमार व बिंदी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## नए मंडलाध्यक्षों का हुआ जगह-जगह भव्य स्वागत



**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व 2024-25 के तहत नवनियुक्त मंडलाध्यक्ष अजय ठाकुर (दौलतपुर चौक मंडल) और नितिन नंबरदार (गगरेट मंडल) का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

## गगरेट बस स्टैंड पर बसें नहीं गईं तो अब प्रशासन करेगा कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

प्रशासनिक अमले के सघन प्रयास से स्थानीय बस स्टैंड की वीरानी खत्म होना शुरू हुई है। पंजाब की सीमा के साथ सटे गगरेट कस्बे से रोजाना पंजाब से आने वाली कई यात्री बसें गुजरती हैं तो स्थानीय रूटों पर चलने वाली भी कई बसें यहां से होकर गुजरती हैं, लेकिन पता नहीं इस बस स्टैंड के साथ बस चालकों का ऐसा क्या गतिरोध था कि अधिकांश बस चालक बस को लेकर बस स्टैंड पर जाना अपनी शान के विरुद्ध समझते थे।

कई बार नगर पंचायत प्रशासन ने भी यह मुद्दा उठाया, लेकिन उनकी एक न चली। अब स्थानीय प्रशासन भी बस स्टैंड की वीरानी खत्म करने के लिए आगे आया है। इसके लिए बकायदा पुलिस विभाग व एआरटीओ को सक्रिय किया गया है, जो बस चालक बसों को लेकर बस स्टैंड में नहीं जाते हैं, उनके साथ सख्ती से पेश आने को कहा गया है। इससे बस स्टैंड पर नगर पंचायत की दुकानें किराए पर लेने वाले दुकानदारों के चेहरे भी खिले हैं।

नगर पंचायत गगरेट के कनिष्ठ अभियंता राजीव ठाकुर का कहना है कि अगर बसें बस स्टैंड पर न आएं तो बस स्टैंड के निर्माण का औचित्य ही नहीं रह जाता। वहीं, एसडीएम सौमिल गौतम का कहना है कि प्रशासन का प्रयास है कि यात्रियों को बस लेने के लिए जगह-जगह खड़ा न होना पड़े और यातायात समस्या का भी स्थायी हल होगा।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम वर्ग एवं तहसीलदार बंगाणा जिला ऊना हि.प्र.**

दावा किस्म: जन्म पंजीकरण

श्रीमती कमला देवी पुत्री विधि चन्द गांव व डाकघर ठठूँह, तहसील बंगाणा, जिला ऊना हाल वासी पत्नी जुल्फी राम गांव खतरोड़, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर हि.प्र.।

**वनाम** **आम जनता**

**विषय: इश्तेहार वावत जन्म पंजीकरण अधीन धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969**

उपरोक्त मुकद्दमा अनुवान वाला में प्रार्थिया श्रीमती कमला देवी पुत्री विधि चन्द गांव व डाकघर ठठूँह तहसील बंगाणा, जिला ऊना हाल वासी पत्नी जुल्फी राम गांव खतरोड़ तहसील नादौन, जिला हमीरपुर, हि.प्र. ने स्वयं हाजिर होकर इस अदालत में अपने जन्म पजीकरण को ग्राम पंचायत धनेत के पंचायत रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु अधीन धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 07/11/2024 को दायर किया है, जिसमें उसने व्याख्यान किया है कि अज्ञानतावश वह अपनी जन्म तिथि 10/04/1955 ग्राम पंचायत धनेत के रिकॉर्ड में दर्ज न करवा सकी है। जिसे दर्ज करने की सिफारिश की है।

अत: इस इश्तेहार द्वारा स्थानीय आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त जन्म पंजीकरण को दर्ज करने बारे किसी को आपति या ऐतराज हो तो वह निर्धारित पेशी तिथि 11/02/2025 को प्रात: 11:00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर आकर अपना ऐतराज प्रस्तुत कर सकता है, ऐतराज न होने कि सूरत में हस्व जावता कार्यवाही अमल में लायी जाकर मुकद्दमा का निर्णय कर दिया जायेगा, उसके बाद कोई भी उजर समायत ना होगा ।

आज दिनांक 07/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम वर्ग तहसील बंगाणा जिला ऊना हि.प्र.**

**जानकारी** — प्रेस कान्फ्रेंस में बोले एसपी राकेश सिंह-पुलिस नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए दिन-रात कर रही प्रयास

# ऊना पुलिस ने नशे के सौदागर को चिट्टे की बड़ी खेप के साथ काबू किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



एसपी राकेश सिंह, डीएसपी अजय ठाकुर।

हिमाचल में ऊना पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन (एसआईयू) ने जिला मुख्यालय के समीप मलाहत में नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास मिले बैग में 80.50 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है। इसकी कीमत लाखों की बताई जा रही है। पिछले दो महीनों में पुलिस ने करीब आधा दर्जन मामलों में नशे के सौदागरों को काबू किया है। मलाहत का आरोपी भी किसी को सप्लाई देने जा रहा था।

ऊना के एसपी राकेश सिंह के अनुसार बुधवार की देर शाम को एसआईयू की टीम गश्त कर रही थी, तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि मलाहत में एक युवक चिट्टे की तस्करी कर रहा है और वह किसी को सप्लाई देने की फिराक में है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दी तो एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। टीम ने युवक को रोककर उसकी तलाशी ली, तो उसके किट बैग में एक पॉलीथीन मिला, जिसमें चिट्टा रखा हुआ था। पुलिस ने इसका वजन किया तो यह 80.50 ग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपनी पहचान मलाहत निवासी 26 वर्षीय नितिन कुमार के रूप में बताई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसपी राकेश ने बताया कि पुलिस पूछताछ कर ही है कि आरोपी नशा कहां से लेकर आया था और किसे सप्लाई देने की फिराक में था। उन्होंने बताया कि पुलिस नशा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए दिन-रात प्रयास कर रही है। जिले में कुछ समय से जो आपराधिक गतिविधियां देखने को मिली हैं, उन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस मुस्तैद है। जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को इस साल अब तक बड़ी खेप के साथ काबू किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। ड्रग्स की रिकवरी करने के तुरंत बाद आरोपी केघर कवि पुलिस ने तलाशी ली है और रुपए ड्रग्स की यह खेत पंजाब के होशियारपुर से लेकर आया था, कौन किंग पिन है इसका भी पता लगाने का प्रयास है।

एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि स्थानीय स्तर पर भी यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि किन लोगों को ये व्यक्ति चिट्टे की सप्लाई करने वाला था। इसके साथ ही पंजाब पुलिस से संपर्क करके पता लगाया जाएगा कि आरोपी इतनी ज्यादा ड्रग्स किसके पास से लेकर आया था और इसका मुख्य सप्लायर कौन है? इसके चलते इसके सप्लायर को भी सलाखों के पीछे धकेला जाएगा। पकड़े गए आरोपी के साथ-साथ उसके सप्लायर की भी संपत्तियों की जांच करवाई जाएगी, ताकि नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

बता दें कि देवभूमि में भी युवा पीढ़ी इन दिनों नशे के जाल में फंसती जा रही है। जैसे मामले सामने आए हैं इससे साफ है कि नशा देवभूमि हिमाचल में अपनी जड़े जमा चुका है।

## विधायक विवेक शर्मा ने रैंसरी में सुनी जनसमस्याएं, मौके पर किया समाधान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



**जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हो रहा समाधान**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रैंसरी पंचायत में जनसमस्याओं को सुना, और मौके पर समाधान के लिए प्रशासन को आदेश दिए। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों लोग अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर विधायक से मिलने पहुंचे। विवेक शर्मा ने न केवल समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना, बल्कि उनके शीघ्र समाधान का भरोसा भी दिलाया।

जनसमस्याओं को सुनने के बाद विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि संपर्क मार्गों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण के लिए सरकार से फंडिंग की मांग पर सरकार धन स्वीकृत कर रही है। पानी की समस्या के समाधान के लिए हम ने पेयजल योजनाओं की डीपीआर तैयार करवा रहे है। विवेक शर्मा ने जनता से अपील की कि वह विकास कार्यों में सहयोग करें और अपनी समस्याओं को सीधे उनके पास लेकर आएं। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के हर नागरिक तक पहुंचने का प्रयास करेंगे और समस्याओं के समाधान में देरी नहीं होगी।

# कुल्लू व लाहौल-स्पीति में बर्फबारी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों ने एक बार फिर बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है।

लाहौल-स्पीति में सभी जगह, जबकि कुल्लू जिले के मनाली, सैंज, बिजली महादेव, लगघाटी जलोड़ी दर्रा सहित सभी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीती रात से रुक-रुककर बर्फबारी का दौर जारी है, जोकि वीरवार को भी जारी है। वहीं, निचले क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई है। ताजा बर्फबारी से दोनों जिलों में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। लिहाजा, दोनों जिलों में बर्फबारी व बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रों में भी डेढ़ फुट से अधिक बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के चलते घाटी में ठंड चरम पर पहुंच गई है। मनाली के पर्यटन स्थल कोठी और सोलंग में भी आधा फुट बर्फबारी हुई है। रोहतांग में डेढ़ फुट, राहनीनाला में सवा फुट, पर्यटक स्थल मढ़ी में एक फुट, राहलाफाल सहित अटल टनल के नोर्थ व साउथ पोर्टल में सात इंच, गुलाबा, सोलंगनाला में आधा फुट, कोठी, पलचान कुलंग में पांच इंच, जबकि पर्यटन नगरी मनाली में दो इंच ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति की समस्त घाटी में बर्फबारी हो रही है, जिससे जन-जीवन प्रभावित हो गया है। लाहौल घाटी में जन जीवन प्रभावित हो गया है। बर्फबारी से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। दोपहर बाद कुछ एक फोर बाई फोर वाहन लोगों को लेकर मनाली पहुंचे हैं। रोहतांग के उस पार कोकसर में लगभग आठ इंच, गोंधला और मूलिंग में सात इंच, जबकि जिला मुख्यालय केलांग में तीन इंच बर्फबारी हो चुकी है। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि बर्फबारी से जन जीवन प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही शुरू हुई है। शुक्रवार को वाहनों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अनावश्यक यात्रा न करें। हालात सामान्य होने पर ही घरों से बाहर निकलें। (अनंत ज्ञान)









## एक बार फिर बर्फ के फाहों से गुलजार हुई पर्यटन नगरी

इस बार सर्दियों में बर्फबारी का क्रम लगातार जारी है। जनवरी महीने में मनाली शहर में तीसरी बार बर्फबारी हुई है। इसी कड़ी में वीरवार को एक बार फिर बर्फ के फाहों से पर्यटन नगरी गुलजार हुई है। बर्फबारी से मनाली के पर्यटन कारोबार को गति मिली है। जनवरी महीने में पर्यटकों से लगातार रौनक लगी रही है। पहला व दूसरा सप्ताह कारोबार की दृष्टि से बेहतर रहा है। आने वाले समय मे भी हिमपात को देखते हुए कारोबार बेहतर रहने की उमीद है। मौसम के कारण होटल व पर्यटन से जुड़ा हर कारोबारी भी खुश है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि बर्फबारी से पर्यटन को संजीवनी मिली है। उन्होंने कहा कि वीरवार को पर्यटकों ने होटलों के प्रांगण में ही बर्फ के फाहों का आनंद लिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि वीरवार को अटल टनल रोहतांग बर्फबारी के कारण पर्यटकों के लिए बंद रही। मनाली ही पर्यटकों के लिए स्नो प्वाइंट बन गया और मालरोड सहित आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों ने बर्फबारी के फाहों के बीच खूब मस्ती की।



## बर्फ व बारिश से दुश्वारियां बढ़ीं

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और कुल्लू में वीरवार सुबह से बर्फबारी व बारिश का दौर जारी रहा। अटल टनल रोहतांग सहित लाहौल में बर्फबारी से मनाली-केलांग के बीच वाहनों की आवाजाही थम गई। वहीं, लाहौल घाटी के अंदर वाहनों की आवाजाही सुचारू रखने के लिए, बीआरओ बर्फ हटाने का काम बर्फबारी के बीच कर रहा है। सिस्सू से नॉर्थ पोर्टल की तरफ बर्फ हटाने के लिए मशीन तैनात की गई है। मौसम के करवट बदलने के बाद लाहौल व कुल्लू जिले में लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं।

## बुजुर्ग महिला के मर्डर मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के रशोल में बुजुर्ग महिला के ब्लाइंड मर्डर मामले में पुलिस को एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले के 10 दिनों के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सनद रहे कि मणिकर्ण क्षेत्र के गांव रशोल में सात व आठ जनवरी की मध्यरात्रि को एक ब्लाइंड मर्डर हुआ था। आठ जनवरी को पुलिस थाना मणिकर्ण में मामला दर्ज किया गया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि इस दौरान उच्च पुलिस अधिकारियों के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशों के परिणामस्वरूप पुलिस टीम के द्वारा हत्या में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी से हत्या के वारदात को अंजाम देने वाले इसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए हर पहलू से पूछताछ जारी है। आरोपी को वीरवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 18 जनवरी तक के न्यायिक हिरासत रिमांड पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगामी जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट 29 को

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड में अब 29 जनवरी को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ट्रायल होंगे। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले यह तिथि 18 जनवरी तय थी, लेकिन मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के शिमला में होने वाली जरूरी बैठक में शामिल होने के चलते 18 जनवरी को होने वाली यह पासिंग रद्द कर दी गई है, अब यह पासिंग 29 जनवरी को होगी। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील की है।

### सीएम जरूरतमंद लोगों की समझते हैं पीड़ा : इंदु

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विस क्षेत्र के तांदी अग्नि प्रभावितों को आपदा प्रभावितों की तर्ज पर घर बनाने के लिए सात-सात लाख प्रति परिवार राशि देने की घोषणा के लिए कांग्रेस नेत्री इंदु पटियाल ने प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में यह व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में सराहनीय कदम है। इमारती लकड़ी वन विभाग के डिपुओं से मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे प्रभावितों को अपने आशियाने बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी छह माह तक सरकार प्रभावितों को 5000 रुपए प्रति माह किराया और राशन व अन्य जरूरी वस्तुएं प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मदद के बिना प्रदेश की जनता को परिवार की तरह संभालना और मजबूती के साथ उनके सुख-दुख में खड़े रहना और दिल खोलकर मदद करते रहना ये सुक्खू सरकार ने सदा साबित किया है कि वे जमीन से जुड़े हुए नेता हैं और गरीब, अनाथ, कमजोर या संकट में पड़े लोगों की पीड़ा समझते हैं। समाधान के लिए अविलंब निर्णय लेकर त्वरित राहत राशि जारी करते हैं। इंदु पटियाल ने बंजार के अग्निशमन केंद्र को अपग्रेड करने की घोषणा का भी स्वागत किया है तथा सैंज बंजार की अन्य मांगों पर भी मुख्यमंत्री ने विचार करने का आश्वासन दिया है।

### नंद लाल बने नाग सियारनू कमेटी के प्रधान



**अनंत ज्ञान, सैंज।** तहसील कार्यालय के साथ लगते बक्शाहल गांव में नाग सियारनू देवता मंदिर कमेटी का गठन किया गया। इससे पूर्व मशीरनानाल स्थित देवता सियारनू स्थल पर विधिवत पूजन कर देवता की प्रतिमा को भी स्थापित किया गया। स्थानीय पंचायत देवगढ़ के प्रधान केशव राम ने आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में ग्रामीणों द्वारा सर्व सम्मति से कमेटी की कार्यकारिणी का चयन किया गया, जिसमें नंद लाल को प्रधान तथा नरेश कुमार को सचिव चुना गया। चेत राम को कमेटी का उपाध्यक्ष, खेम राज को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जीवन लाल शर्मा सियारनू देवता मंदिर के पुजारी होंगे। इसके अलावा बुद्धि सिंह, चित्र सिंह, उत्तम सिंह, काका ठाकुर, योगेंद्र पाल, महेश कुमार, हरि प्रकाश, गुप्त राम, डावे राम, हीरा सिंह, श्याम लाल, यशपाल , संजीव, इंद्र सिंह, कुलदीप, ओम प्रकाश, राजेश, बेद प्रकाश, दिनेश कुमार, चिराग, पवन कुमार, टिकम राम, आकाश कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। नव नियुक्त प्रधान नंद लाल ने बताया कि कमेटी के गठन का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ देव समाज से जुड़े लोगों की भलाई के कार्यों को बढ़ावा देना है। इसके अलावा समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना, जैसे कि गरीबों को भोजन दान करना, अनाथों को आश्रय देना, या बीमारों की देखभाल जैसे मानव कल्याण के कार्यों के लिए कमेटी तत्पर रहेगी।

### हर्षल नेशनल यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित




**अनंत ज्ञान, आनी।** कुल्लू जिले के निरमंड उपमंडल के अंतर्गत अरसु निवासी हर्षल कुमार पुत्र नरेश कुमरा शर्मा को सतत खेती और वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग को लोकप्रिय बनाने में किए गए सराहनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय युवा दिवस पर केंद्र सरकार के जनजातीय मामले मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा नेशनल यूथ आइकन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हर्षल कुमार की शिक्षा-दीक्षा अरसु के भुवनेश्वरी पब्लिक स्कूल में हुई। सतत खेती से पर्यावरणीय संतुलन की संभावनाएं, जहां पिरबल होती हैं। वहीं, वर्मी कम्पोस्ट से भूमि की मृदा विषैले रसायनों से मुक्त होती है। वर्मी कम्पोस्ट के प्रयोग से तैयार उत्पाद जहां स्वास्थ्य के लिए गुणकारी है। वहीं, किसानों को उत्पाद से अच्छी आय सुनिश्चत होती है।

### आईटीआई सैंज में 23 को रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सैंज जिला कुल्लू में 23 जनवरी को मारुति सुजुकी गुजरात के लिए साक्षात्कार का आयोजन होगा। आईटीआई सैंज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी शशिकांत ने बताया कि उपरोक्त कंपनी में लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। साक्षात्कार में 18 से 24 वर्ष के फिटर, डीजल मकैनिक, मोटर मकैनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, वैल्डर, इलैक्ट्रिशीयन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसैसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मकैनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रोनिक्स, वाईर मैन तथा शीट मैटल के पास ऑउट अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अतः इच्छुक अभ्यर्थी अपने दसवीं, जमा दो तथा आईटीआई के प्रमाण पत्र तथा आधार/पैन कार्ड के मूल दस्तावेज के साथ तीन-तीन फोटो कॉपी तथा पांच पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 23 जनवरी को आईटीआई सैंज में 10 बजे आकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। आईटीआई सैंज के प्रधानाचार्य प्रेम नाथ सिंह ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 24,550 रुपए वेतन दिया जाएगा।

## सोसायटी के हित सर्वोपरि, राजनीति के चलते रद्द किए चुनाव : सुदर्शन

**अनंत ज्ञान, मनाली**



लाहौल पोटेटो सोसायटी (एलपीएस) के निवर्तमान अध्यक्ष एवं वर्तमान में निदेशक सुदर्शन जस्पा ने कहा कि उनके लिए सोसायटी हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि चार दिसंबर को सर्वसम्मति से वह सोसायटी के चेयरमैन बने थे, लेकिन सचिव ने सात दिसंबर को उनके चुनाव रद्द कर दिए। राजनीति के चलते चुनाव रद्द हुए हैं।

उन्होंने कहा कि सोसायटी के बहुत से मुद्दे गंभीर बने हुए हैं। सोसायटी का चंद्रमुखी होटल नीलाम होने जा रहा है। किसानों को 2023 व 24 के आलू के दाम नहीं मिले हैं। इस बार भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। कर्मचारियों की अनेक समस्याएं हल करने को हैं। इस सभी समस्याओं के हल के लिए समिति का गठन होना जरूरी है। जस्पा ने कहा कि तीन लोगों ने उनके खिलाफ जो शिकायत की है, उसमें दो आरोप लगाए हैं। पहला आरोप लगाया है कि जस्पा के मामले की जांच चली है। दूसरा आरोप लगाया है कि ऑब्जर्वर ने वोट डाला है, जबकि सच यह है कि उन्हें क्लीन चिट मिली हुई है, जिसके कागज यहां पड़े हैं। दूसरा ऑब्जर्वर ने नहीं, बल्कि एआर की ओर से आए प्रतिनिधि ने वोट डाला है। जस्पा ने कहा कि तीनों शिकायत कर्ता की शिकायतें सही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नेता लोग सोसायटी को राजनीति से दूर रखें। इससे पहले पूर्व विधायक रवि ठाकुर सोसायटी के कार्य में अड़ंगा डालते रहे, अब वर्तमान में विधायक अनुराधा राणा भी सहयोग करने के बजाए राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं। यह सब बातें सोसायटी के हित में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में सोसायटी फिर से सांसे लेने लगी थी, लेकिन राजनीतिकरण के कारण सोसायटी की हालात खराब हो गई है।

## 135 ग्राम अफीम के साथ दो लोग गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, सैंज।** कुल्लू जिले के शिल्ही स्थित लारजी डैम के पास दो लोगों को 135 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सैंज की टीम, जब शिल्ही-लारजी डैम के पास गश्त पर थी, तो उस समय दो लोगों को शक के आधार पर तलाशी के लिए रोका गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 135 ग्राम अफीम बरामद हुई।

पुलिस ने कृष्ण गोपाल (39 वर्ष) पुत्र श्याम सिंह निवासी बगड़ डाकघर निचली भटहेड़ तहसील सदर जिला बिलासपुर तथा कर्ण ठाकुर (26 वर्ष) पुत्र सुरेश ठाकुर निवासी गांव देलग डाकघर निचली भटहेड़ तहसील सदर जिला बिलासपुर को अफीम के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना सैंज में धारा 18, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला किया गया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि मामले की आगामी जांच जारी है।



कुल्लू की बंजार घाटी के थाटीबीड में फागली पर्व पर लोग धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन करते हुए।

## बंजार के थाटीबीड में फागली की धूम

**अनंत ज्ञान, बंजार**

कुल्लू सहित मंडी सराज में फागली पर्व पर धार्मिक व वैदिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में बंजार की पलदी क्षेत्र में फागली पर्व का आगाज हो गया है।

बंजार की थाटीबीहड और गोपालपुर पंचायत का केंद्र बिंदु थाटीबीड में फागली पर्व का आगाज बड़ी धूमधाम से हुआ। यह पर्व देवता बासुकीनाथ और करथा नाग तथा अन्य देवताओं के लिए समर्पित है। इस पर्व को मनाने के लिए मकर संक्रांति की शाम को देवता की कोठी में रात भर आयोजन होता है और दूसरे दिन वाद्ययंत्रों की थाप पर विष्णु स्वरूप के माने जाने वाले मंडयाले नाचते हुए थाटीबीहड में एक विशेष स्थान पर आकर देवता संग नाचते हुए और अश्लील गालियों को देकर बुरी शक्तियों को भगाते हैं। मकर संक्रांति के प्रथम दिन से ही फगली उत्सव का आगाज हो जाता है इस पर्व को मनाने के लिए विशेष लोग मुख में मुखौटे लगाकर तथा सलूरी नामक घास के कपड़े पहनकर इस पुरातन परंपरा का निर्वहन करते हैं। इस साल भी बड़े धूमधाम से पर्व मनाया गया। इस उत्सव में मंडियाले का नृत्य भी रोचक का विषय है। इस फागुनी पर्व में विशेष आकर्षण लकड़ी के मुखोटे से विशेष स्थान पर जाकर भविष्यवाणी की गई व आने वाला समय कैसा होगा, इसके बारे में बताया व सब लोगों ने अपने भविष्य के बारे में जाना। इसके साथ घास से बने हुए चोला और हाथ में लकड़ी का झाड़ू उठाकर एक गांव से दूसरे गांव तक अश्लील नृत्य करते हुए थाटीबीड के बड़े प्रांगण में खड़े होकर नरगिस के फूलों से बीहट बनाते हैं तथा सामूहिक तौर पर कुल्लवी नाटी का दौर शाम तक चलता रहता है। कहा जाता है जो इस बीहट को पकड़ता है, उस व्यक्ति की मनोकामनाएं 1 साल के भीतर पूरी होती हैं।

## ढालपुर मैदान में मनाया जाएगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस : तोरुल रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस 2025 का समारोह ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियों के लिए सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी वीरवार को डीसी तोरुल एस रवीश ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें जिले के सांस्कृतिक दल के अलावा स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण ढालपुर मैदान में आयोजित की जाने वाली भव्य परेड रहेगी। इस परेड में जिला पुलिस की महिला व पुरुष की टुकड़ी के अलावा गृह रक्षा, आईटीबीपी, एसएसबी, गृह रक्षा दल, एनसीसी, एनएसएस व स्काउट एंड गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगी।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर समारोह के मुख्यातिथि द्वारा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने विभागों से संबंधित विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों के नाम 20 जनवरी तक भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त चिरंजी लाल व अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप 22 से

**अनंत ज्ञान, मनाली।** आने वाले दिनों में हिमपात हुआ, तो शीतकालीन खेलें विंटर कार्निवाल की शोभा बढ़ाएंगी। प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन प्रदेश सरकार के सहयोग से राज्य स्तरीय स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप आयोजित करने जा रहा है। हिमपात हुआ तो 2025 में एसोसिएशन की यह पहली चैंपियनशिप होगी। विंटर गेम्स एसोसिएशन हिमाचल शीतकालीन खेल संघ की सभी संबद्ध इकाइयां, क्लबों, एसोसिएशनों को इसकी सूचना दे दी है। 22 से 24 जनवरी तक हिमाचल की चयन परीक्षण संयुक्त राज्य चैंपियनशिप में टीम का भी चयन किया जाएगा। अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने बताया कि हिमपात हुआ, तो सोलंग की ढलान पर राज्य स्तरीय स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप निर्धारित की गई है। यह मनाली के शीतकालीन कार्निवल को भी शोभा देगा।

## काजा में धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह : शिखा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपमंडल स्तरीय समारोह 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काजा के प्रांगण में बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

यह जानकारी कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा ने वीरवार को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजे मुख्यातिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और परेड का निरीक्षण करने के उपरांत पुलिस द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मार्च पास्ट सलामी के उपरांत मुख्यातिथि द्वारा संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने इस समारोह के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मनोज नेगी, बीएमओ बृजेश शर्मा, बीडीओ अंशुल, एसएचओ जगदीश चंद, एसआई आइटीबीपी गंगेश कुमार, नायब तहसीलदार मोहन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**योजना** — निर्माणाधीन सब्जी मंडी का निर्माण सवालों के घेरे में, अस्थायी मार्केट यार्ड का निर्माण कर टेस्टिंग करेगी एपीएमसी

## सुरक्षा दीवार पर सवा करोड़ खर्च, सब्जी मंडी निर्माण पर संशय

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी के किरण बाजार में बहुत समय से प्रतीक्षित सब्जी मंडी को अस्थायी रूप से चालू करने की एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति ने योजना बनाई है, जिसके लिए इस वर्ष अस्थायी मार्केट यार्ड बना दिए जाएंगे, लेकिन हैरानी इस बात की है आनी के किरण बाजार में 10 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सब्जी मंडी की सुरक्षा दीवार पर ही अब तक सवा करोड़ रुपए खर्च हो चुका है। बावजूद इसके अभी यह तय नहीं हो पाया है कि यहां स्थायी सब्जी मंडी बनेगी या नहीं।

एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की सचिव शगुन सूद का कहना है कि सरकार के आदेशानुसार इस वर्ष आनी के किरण बाजार में अस्थायी मार्केट यार्ड तैयार कर इसे चालू किया जाएगा, यदि यह सब्जी मंडी कामयाब होती है, तो यहां प्रस्तावित स्थायी ढांचा खड़ा किया जाएगा। अन्यथा आनी में सब्जी मंडी का निर्माण नहीं होगा। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पहले निर्माणाधीन सब्जी मंडी के अंदर खड्ड में आई बाढ़ का पानी घुसने के बाद यह आदेश प्रदेश सरकार ने दिए हैं क्योंकि सरकार और एपीएमसी का तर्क है कि खेगसू में पहले ही सब्जी मंडी बनी है। ऐसे में आनी में सब्जी मंडी की टेस्टिंग पर करोड़ों खर्च करने की सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं।

आपको बता दें कि आनी में पूर्व भाजपा सरकार के दौरान आनी के किरण बाजार में सब्जी मंडी खुलवाने का निर्णय लिया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा कछुआ गति से सुरक्षा दीवार के निर्माण और सुरक्षा दीवार में जगह छोड़ देने के कारण गत वर्ष नदी का रुख अंदर मुड़ा, तो कांग्रेस ने भाजपा के इस निर्णय का जमकर विरोध किया। आनी के किरण बाजार में करोड़ों रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाली इस सब्जी मंडी में नीलामी मंच, दुकानें और ऑफिस, किसान भवन, सामुदायिक भवन, कैंटीन आदि का भी प्रावधान रहेगा, जिसका निर्माण कार्य शुरू होना अभी बाकी है। (अनंत ज्ञान)



> **आनी** में सब्जी मंडी की सुरक्षा दीवार सवा करोड़ से बनकर तैयार है, इस वर्ष हम अस्थायी मार्केट यार्ड बनाकर इसे चालू कर देंगे। यदि कामयाबी मिली, तो अगला निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।
>
> **शगुन सूद, सचिव एपीएमसी, कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति।**

> **किसान** सभा ने सब्जी मंडी की मांग को लेकर पहले भी 14 दिन भूख-हड़ताल की थी यदि इस सब्जी का निर्माण जल्द नहीं किया, तो किसान सभा जल्द आंदोलन की राह पकड़ेगी।
>
> **गीता राम, सचिन, हिमाचल किसान सभा, आनी इकाई।**

### साल भर मिल सकेगा लाभ

**आनी** व आसपास का क्षेत्र बागवानी और कृषि पर निर्भर है। सेब आनी व आसपास के क्षेत्रों की नकदी फसल है, ऐसे में आनी में सब्जी मंडी के निर्माण से आनी क्षेत्र के अलावा साथ लगते मंडी और शिमला जिले के सैकड़ों किसानों और बागवानों को अपनी साल भर की कमाई को प्रदेश की विभिन्न सब्जी मंडियों तक पहुंचाने की सिरदर्द से छुटकारा मिल सकता है और उनका उत्पाद घरद्वार आसानी से बिक सकता है। इस सब्जी मंडी के बन जाने से फलों के अलावा सब्जियों का व्यापार साल के 12 महीने जारी रहेगा, लेकिन प्रदेश सरकार के सवा करोड़ खर्च कर देने के बाद अस्थायी मार्केट यार्ड निर्माण के निर्णय से क्षेत्र में राजनीति गर्म हो गई है। वहीं, सुरक्षा दीवार पर सवा करोड़ खर्च कर दिए जाने के बाद अब सब्जी मंडी के निर्माण को संशय में डालने से क्षेत्र के बागवानों, किसानों में रोष भी पनपने लगा है।

## तुनन पंचायत में 18 को लगेगा जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड की पंचायत तुनन के परिसर में 18 जनवरी को अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और अन्य कल्याणकारी योजनाओं को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह जागरूकता शिविर तहसील कल्याण कार्यालय निरमंड द्वारा आयोजित किया जाएगा। तहसील कल्याण अधिकारी निरमंड देवेंद्र कुमार ने कहा कि इस शिविर में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अलावा कल्याण विभाग के माध्यम से जनहित में जारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी सभी वर्ग के लोगों को दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से इस जागरूकता शिविर में शामिल होकर इसका लाभ उठाने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ



मौसम ने वीरवार को फिर बदली करवट, ऐसा दिखा माल रोड का नजारा।

### टूरिस्टों से भरी बस हुई बैक, रेलिंग से टकराई



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के समीप सलोगड़ा में खड़ी टूरिस्ट से भरी पंजाब की रोपड़ बस अचानक बैक होकर रेलिंग से टकरा गई। यदि यहां रेलिंग न होती, तो बड़ा हादसा भी पेश आ सकता था। जानकारी के मुताबिक बस को चालक ने कुछ देर के लिए सलोगड़ा में पार्क किया और बस से उतर गया। कुछ ही मिनटों में बस अचानक पीछे को दौड़ पड़ी। पीछे को दौड़ती बस ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। उसके बावजूद भी बस नहीं रुकी, उसके बाद भी वह काफी दूर तक चलती रही। इस बीच बस में बैठी करीबन 40 सवारियों की जान हलक पर अटक गई। महिलाएं जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। गनीमत रही कि बस सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा कर रुक गई, अगर नहीं रुकती तो यह अश्वनी खड्ड की खाई में सैकडों मीटर नीचे गिर सकती थी, जैसे बस रुकी, सभी सवारियां बस से निकल कर तुरंत बाहर आ गई, तब जाकर सभी के जान में जान आई। ऐसा प्रतीत होता है कि बस चालक ने ठीक से हैंड ब्रेक नहीं लगाई और गाड़ी पीछे की दौड़ पड़ी। इस घटना के बाद सड़क पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही और बस खाई की तरफ अटकी रही।

### ठेकेदारों ने किया अधिकारियों का घेराव



**अनंत ज्ञान, सोलन।** लोकनिर्माण मंत्री के सोलन आने से ठीक दो दिन पहले ठेकेदारों ने विभाग के अधिकारियों का घेराव कर पेमेंट भुगतान की मांग की साथ ही निकट भविष्य में और उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि पिछले काफी महीनों से उन्हें विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, अब पानी सर के ऊपर से निकल रहा था क्योंकि उनके साथ काम करने वाले मजदूरों ने भी अब बिना पैसे के कार्य करना बंद कर दिया है। महंगाई के इस दौर में सभी का घर चलाना मुश्किल हो चला है। विभाग द्वारा कोई आश्वासन भी नहीं दिया जा रहा है। यही वजह है कि आज उन्हें मजबूरन अधिकारियों का घेराव करना पड़ा है। रोष प्रकट करते हुए ठेकेदार एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि उन्होंने बकायदा टेंडर के माध्यम से काम लिया और उसे तय सीमा में पूरा भी किया, जिस पर अपनी जेब से लाखों रुपए लगाए साथ में मजदूरों का भुगतान भी किया, लेकिन उसके बावजूद भी उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है।

# दूसरे दिन भी हटाया अतिक्रमण, खुला हुआ माल रोड

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रशासन की तरफ से अतिक्रमण हटाने की मुहिम वीरवार को भी जारी रही। प्रशासनिक टीम ने माल रोड से अतिक्रमण हटाया और चालान भी काटे। साथ ही इसकी पुनरावृत्ति होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

इससे पहले सपरून से ओल्ड डीसी ऑफिस चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई थी। बता दें कि पिछले वर्ष प्रशासन ने माल रोड को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सड़क की निशनदेही की थी, लेकिन दुकानदारों ने कुछ समय बाद ही फिर से अतिक्रमण कर सड़क और फुटपाथ पर दुकानें सजा दी। इससे राहगीरों का सड़क पर चलना जोखिम भरा हो गया। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हुई, अब प्रशासन ने एसडीएम डॉ. पूनम बंसल की अगुवाई में फिर से निशानदेही की और फुटपाथ और सड़क पर किए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा माल रोड पर अवैध तरीके से दुकानों के सामने कोरिडोर में सजाई दुकानों और फड़ियों को हटाने के साथ सामान भी जब्त किया। साथ ही दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी।

इस अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों सहित नगर निगम, पुलिस, पीडब्ल्यूडी और राजस्व विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे। टीम ने सुबह 10 बजे ही अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। निशानदेही के साथ कुछ दुकानों के चालान भी काटे गए। माल रोड के बाद राजगढ़ रोड और चौक बाजार से शूलिनी माता मंदिर को जाने वाली सड़क से भी अतिक्रण हटाया जाएगा। प्रशासन की तरफ से शुरू किया गया अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान के तहत सोलन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)





**अतिक्रमण** हटाने की मुहिम के तहत माल रोड की निशानदेही की गई। अतिक्रमण कर किए निर्माण को हटाया गया। साथ ही चालान भी काटे गए। दुकानदारों को अतिक्रमण न करने और दो पहिया वाहनों को सड़क पर पार्क न करने की चेतावनी दी गई। आने वाले समय में शहर के अन्य हिस्सों में भी अतिक्रमण हटाने की मुहिम जारी रहेगी।

**डॉ. पूनम बंसल, एसडीएम, सोलन।**

### राहगीरों को पैदल चलने में हुई आसानी

**इस** मुहिम के बाद माल रोड खुला-खुला नजर आया, जिससे राहगीरों को पैदल चलने में आसानी हुई। अप्पर बाजार, गंज बाजार, चौक बाजार आदि क्षेत्रों में दुकानदारों ने सड़कों पर सजाया सामान हटाना शुरू कर दिया है। आमतौर पर यह बात देखने को मिलती है कि निगम की टीम जैसे ही बाजार से अतिक्रमण हटाकर निकलती है, तो दुकानदार फिर से अपना सामान सड़कों पर सजा देते हैं। इस पर टीम ने दुकानदारों को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में यदि फिर से दुकानों के आगे सामान लगा मिला, तो कार्रवाई करते हुए न केवल सामान जब्त किया जाएगा, बल्कि दुकानदारों पर जुर्माना भी किया जाएगा।

### वेंडर फ्री जोन है माल रोड

**शहर** को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन ने माल रोड और ओल्ड डीसी चौक से लेकर कोटला नाला की सड़क को वेंडर फ्री किया है। इन जगहों पर रेहड़ी-फड़ी लगाने पर प्रतिबंधित रहेगा। व्यापार मंडल सोलन ने भी दुकानदारों से दुकानों के सामने अतिक्रमण न करने का आग्रह किया है। बता दें कि सोलन के मुख्य बाजारों में दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण से न केवल राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है, बल्कि अप्पर बाजार, चौक बाजार, गंज बाजार में अतिक्रमण के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड और कूड़ा वाहन निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

## सेब को दिल्ली में बेचने की साजिश रचने वाला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पिछले वर्ष 1 अक्तूबर को करीब 9 लाख 30 हजार रुपए के सेब लेकर परवाणू से राउरकेला के लिए रवाना हुए ट्रक में भरे सेब नियत स्थान न पहुंचाकर दिल्ली में ही बेच दिए गए थे। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक और गाड़ी मालिक को तो पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, अब पुलिस ने गाड़ी मालिक के चाचा को भी गिरफ्तार कर लिया है।

मामले में अभी तक पुलिस ने ठगी कर दिल्ली में बेचे गए सेबों के 59 हजार रुपए व ट्रक को भी बरामद कर लिया है। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया मामला 9 अक्तूबर को परवाणू पुलिस थाने में दर्ज किया गया था। यह शिकायत मोहाली के जिरकपुर निवासी जसपाल सिंह ने दर्ज करवाई थी। जसपाल चंडीगढ़ से जयहिंद रोड लाईन नाम से ट्रांसपोर्ट चलाता है। उसने बताया कि यह सेब मंडी परवाणू से सेब ढुलाई के लिए वाहन उपलब्ध करवा रहा है। उसने शिकायत में बताया कि एक अक्तूबर को उसने गाड़ी नंबर यूपी-81एफटी-3742 परवाणू फल मंडी से सेब की 476 सेब की पेटियां ओडिशा के राउरकेला के लिए भेजी थी। यह गाड़ी पांच अक्तूबर से पहले अपने गंतव्य पर पहुंच जानी थी, लेकिन गाड़ी 9 अक्तूबर तक वहां नियत स्थान पर नहीं पहुंची। उसने बताया कि चालक व मालिक ने भी अपने फोन स्विच ऑफ कर लिए। उसने संदेह जताया कि गाड़ी उपरोक्त के मालिक रिंकू कुमार और चालक राजीव कुमार ने धोखाधड़ी की नीयत से उपरोक्त सेब की पेटियों को बेचकर अमानत में खयानत की है। इस पर परवाणू पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की। पुलिस ने ट्रक चालक मेरठ निवासी 55 वर्षीय



राजीव कुमार को 15 अक्तूबर 2024 को मेरठ से गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने वाहन मालिक रिंकू कुमार के चाचा सुरेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया। आरोप है कि सुरेंद्र कुमार ने ही रिंकू और राजीव की सेब को ठिकाने लगाने में मदद की। एसपी ने बताया कि पूछताछ के आधार पर इस वारदात में संलिप्त एक अन्य आरोपी वाहन मालिक रिंकू कुमार उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से गत दिवस गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोप है कि रिंकू और राजीव ने रिंकू के चाचा सुरेंद्र सिंह की मिलीभगत से उपरोक्त सेब की पेटियां राऊरकेला ओडिशा पहुंचाने के बजाए दिल्ली में ही बेच दी। एसपी ने बताया कि जांच के दौरान इन आरोपियों से ठगी कर बेचे गए सेब की राशि में से 59 हजार रुपए तथा वारदात में प्रयुक्त ट्रक नंबर यूपी 81 एफटी-3742 को जब्त कर लिया है।

## नगर परिषद परवाणू ने एक माह पहले खरीदा था इलेक्ट्रिक वाहन, लगी आग

**अनंत ज्ञान, परवाणू**




परवाणू नगर परिषद द्वारा हालही में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दर्ज करवाया गया था, लेकिन नगर परिषद द्वारा खरीदा गया वाहन एक महीना भी नहीं चल सका था कि वीरवार को वाहन में आग लग गई। हालांकि वाहन चलाने से पहले पुरे विधिविधान से वाहन की पूजा-अर्चना करवाई गई थी तथा विधायक विनोद सुल्तानपुरी द्वारा हरी झंडी दिखाई गई थी।

आग लगने के पीछे कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार गाड़ी नगर परिषद पार्किंग में खड़ी थी तथा उसका ड्राइवर नजदीक ही चाय पी रहा था कि अचानक बोनट से धुआं उठा और आग लग गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी चार्जिंग पर लगी थी तथा शार्ट सर्किट के चलते यह हादसा हुआ। वहीं जानकारी यह भी प्राप्त हुई है कि पिछले दिन से गाड़ी का पंखा लगातार चल रहा था, जिसकी जानकारी कंपनी को दी गई थी तथा गाड़ी ठीक करने वाले इंजिनियर आज इसे ठीक करने आने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही हादसा हो गया। इस बारे में नगर परिषद् के अधिकारी किसी भी तरह की टिप्पणी करने से बच रहे हैं। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## कसौली गैंगरेप मामला: सबूतों के अभाव में नहीं हो रही गिरफ्तारी

**अंनत ज्ञान, सोलन**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

हिल स्टेशन कसौली के होटल में हुए गैंगरेप मामले में सवाल उठने लगे हैं। एक माह पहले पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया था। इसके बावजूद अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है।

सूत्रों का कहना है कि पुलिस महिला को निशानदेही के लिए होटल में भी लाई थी। यहां महिला से निरीक्षण भी करवाया। इस दौरान होटल के कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई। बताया जा रहा है कि होटल से वारदात के समय का रिकॉर्ड भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। सीसीटीवी का पुराना रिकॉर्ड लेने में भी पुलिस को परेशानी हो रही है, मगर आरोपियों के अभी तक गिरफ्तार न होने पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि अभी तक पुलिस को कोई पुख्ता सबूत नहीं मिल पाए हैं। मामला डेढ़ साल पुराना है इसलिए पुलिस को अब जांच करने में भी दिक्कत हो रही है। कसौली थाने में गैंगरेप केस में नामजद प्रदेश सरकार के पूर्व पब्लिसिटी एडवाइजर रॉकी मित्तल ने वर्ष-2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार में गाना गाने शुरू किए थे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से दूरियां बढ़ने के बाद भाजपा में वह असहज महसूस कर रहे थे। रॉकी ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव की घोषणा से महज 10 दिन पहले ही भाजपा को अलविदा कह दिया।

### बड़ौली को प्रदेशाध्यक्ष पद से हटाने के लिए भाजपा नेताओं की साजिश: रॉकी

**रॉकी** मित्तल ने आरोप लगाया कि यह भाजपा नेताओं की साजिश है। मोहन लाल बड़ौली को प्रदेशाध्यक्ष पद से हटाने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। मुझे जानबूझकर इसमें लपेटा जा रहा है। सभी के नार्को टेस्ट होने चाहिए और इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। हम कसौली चार लोग गए थे। इसमें मोहन लाल बड़ौली के दो दोस्त भी शामिल थे। मैं तो पहले ही भाजपा छोड़ चुका हूं, न तो मैं किसी लड़की को जानता हूं और न ही ऐसी कोई घटना मेरे सामने हुई है।

रॉकी कैथल से चुनाव लड़ रहे रणदीप सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला के मंच पर आए। वह 26 अगस्त, 2024 को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस में शामिल होते हुए रॉकी ने ठोकर मैंने खाई, राहुल मेरे भाई। मुझे माफ करना, राहुल मेरे भाई। नफरत फैलाई सबने, तूने मिटाई। मुझे माफ करना राहुल मेरे भाई गाकर राहुल गांधी से माफी भी मांगी। वर्ष-2015 में रॉकी मित्तल का जज से दुर्व्यवहार का मामला भी सामने आया था। आरोप था कि कैथल-जींद रोड बाइपास पर मित्तल की जज की गाड़ी को लेकर बहस हुई। उसने जज की गाड़ी से नीली बत्ती उत्तार उनपर हमला किया था। पुलिस ने इस मामले में रॉकी पर केस दर्ज किया था। बाद में मित्तल को जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

## झाड़माजरी स्थित कंपनी में दूसरे दिन भी आयकर विभाग की दबिश

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

जिला सोलन के बद्दी के झाड़माजरी स्थित फार्मा कंपनी में आयकर विभाग की दबिश दूसरे दिन वीरवार को भी जारी रही।

बताया जा रहा है कि पहले दिन बार-बार बिजली कट लगने के कारण विभाग की टीम को पूरे साक्ष्य जुटाने में दिक्कतें आईं। इस वजह से टीम वीरवार सुबह से ही कंपनी में दोबारा से साक्ष्य जुटाने में जुट गई। बारिश के बीच टीम कंपनी में रिकॉर्ड जांच रही है। बुधवार को कंपनी कार्यालय में आयकर विभाग ने दबिश दी थी।

यह प्रक्रिया दूसरे दिन भी जारी रही व टीम ने कंपनी के रिकॉर्ड की जांच की व यह रेड देर शाम तक जारी रही व कंपनी में साक्ष्य जुटाए गए।

## महामारी को रोकने के लिए एकीकृत रोग निगरानी परियोजना बेहद लाभप्रद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में एकीकृत रोग निगरानी परियोजना को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता चिकित्सक गगन हंस ने की। उन्होंने बताया कि सोलन के चिकित्सकों को विभिन्न रोगों पर किस तरह नियंत्रण करना है और उन पर कैसे निगरानी करनी है। इस बारे में विस्तृत जानकारी दी, ताकि उसका लेखा-जोखा भी वह रख सकें।

यह जानकारी चिकित्स्क गगन हंस ने दी। उन्होंने बताया कि किसी भी महामारी को रोकने के लिए एकीकृत रोग निगरानी परियोजना बेहद लाभप्रद है, जिसमें रोगियों की सभी जानकारियां स्वास्थ्य विभाग के पास उपलब्ध होती है। आगे बढ़ते हुए प्रयोगशाला द्वारा निर्धारित उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। 2021 में पूरी तरह से चालू होने के बाद से, प्रयोगशाला ने 6,000 से अधिक नमूनों का विश्लेषण किया है, जिसने विश्वविद्यालय के राजस्व और मृदा विज्ञान अनुसंधान में अग्रणी के रूप में इसकी प्रतिष्ठा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### कंडाघाट में टीबी मुक्त भारत अभियान का स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## 80 से अधिक लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

सिविल अस्पताल कंडाघाट में वीरवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्ष्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 60 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई।

अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. पीएस नंदा, अस्पताल के स्टॉफ, बीएमओ कार्यालय सायरी के उपचार पर्यवेक्षक मनोहर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक कमलेश, काउंसलर अनुराधा, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आशा वर्कर्स ने इस शिविर में अपनी सेवाएं दीं। प्रातः दस से सायं चार बजे तक संचालित इस शिविर में 80 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें 19 के ऐ-क्सरे और तीन के बलगम टेस्ट किए गए, जो सभी टीबी नेगेटिव पाए गए। चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 11 लोगों के साई टीबी टेस्ट किए गए, जिसकी रिपोर्ट चौबीस घंटों के बाद आती है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में सभी प्रकार की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध की गई। शिविर का आयोजन टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सौ दिन कार्यक्रम के तहत किया गया।



## हर मौसम में बिजली लाइनों में तीन महिला टीमेट कर रही काम, नारी शक्ति का दिया उदाहरण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

आधुनिक युग में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं।

हिमाचल के जिला सिरमौर के बिजली बोर्ड में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तीन महिला टीमेट काम कर रही हैं। वे सर्दी, गर्मी और बरसात में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए काम कर रही हैं। नाहन, पांवटा साहिब व राजगढ़ में एक-एक महिला टीमेट सेवारत हैं। यह तीनों महिलाएं जब लाइनमैन के साथ काम करते देखी जाती हैं, तो सभी लोग इन्हें देखकर हैरान हो जाते हैं। इस बारे में अधीक्षण अभियंता दर्शन सिंह ने बताया कि बिजली बोर्ड में टीमेट के पद पर तैनात तीनों महिला कर्मी नारी शक्ति का उदाहरण पेश कर रही हैं। पुरुष प्रधान व्यवसाय में तीनों महिलाओं ने कभी भी कोई भी शिकायत नहीं की है कि उन्हें किसी काम में अड़चन आ रही है। जिला मुख्यालय नाहन में बिजली बोर्ड में 30 वर्षीय अनिशा अंसारी निवासी अमरपुर मोहल्ला नाहन 6 महीनों से टीमेट के पद पर काम कर रही है।



अनीशा की नौकरी टीमेट पद पर स्पोर्ट्स कोटे से लगी है। राजगढ़ की पुष्पा देवी हाब्बन में टीमेट के पद पर सेवाएं दे रही है। पुष्पा के माता-पिता नहीं हैं। मामा गुमान सिंह ने पुष्पा का पालन-पोषण किया है। पुष्पा हैंडबाल चैंपियन हैं। पुष्पा राष्ट्रीय स्तर तक हैंडबाल में खेल चुकी हैं। पांवटा साहिब में टीमेट पद पर तैनात सुलोचना देवी की ज्वाइनिंग 21 जनवरी, 2023 को हुई। सुलोचना कबड्डी की राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। उनके पति अपना काम करते हैं। सुलोचना की एक साल की बेटी है।

## सोलन के 11 स्कूल ग्रीन श्रेणी में चयनित

### 4 फरवरी को इंडिया हैबिटेट सेंटर लोधी रोड में होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र (सेंटर फॉर सांइस एंड एनवायरमेंट) नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए सोलन जिले के 11 स्कूल ग्रीन श्रेणी में प्रमाणित किए गए हैं। यह जानकारी प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक सोलन मोहिंद्र चंद पिरटा ने दी।

उन्होंने कहा कि सोलन के 101 स्कूल जीएसपी वेबसाइट पर अपलोड किए गए थे। इसमें से विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र द्वारा पर्यावरण ऑडिट के आधार पर जिला सोलन के 11 स्कूलों को ग्रीन श्रेणी में प्रमाणित किया गया है। उन्होंने कहा कि राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नालागढ़, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंझोली, बघेरी, भाटिया, बोहली, राजकीय उच्च विद्यालय कनाह, केंद्रीय विद्यालय एयर फोर्स स्टेशन कसौली, पाईनग्रोव स्कूल धर्मपुर, इंटरनेशनल स्कूल कसौली, शिवालिक वैली स्कूल नालागढ़ तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला जलाणा ग्रीन श्रेणी में शामिल किए गए हैं।

उपनिदेशक ने कहा कि ग्रीन श्रेणी में सम्मिलित स्कूलों के प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक, अध्यापक तथा दो स्कूली बच्चों को 4 फरवरी, 2025 को इंडिया हैबिटेट सेंटर लोधी रोड में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में प्रदेश के सभी स्कूलों का विवरण दिया गया था, जिसमें जिला सोलन से 101 स्कूलों की रिपोर्ट अपलोड की गई थी। ग्रीन श्रेणी चयन के लिए इन स्कूलों के प्रोजेक्टों को बेहतर काम करने के आधार पर ऑरेंज, येलो और ग्रीन प्रमाण दिए जाते हैं। उपनिदेशक उच्च शिक्षा गोपाल चौहान, राज कुमार पराशर तथा जिला विज्ञान पर्यवेक्षक अमरीश शर्मा ने ग्रीन श्रेणी में चयनित स्कूलों को शुभकानाएं दीं।

### नौणी विवि को मिली एनएबीएल मान्यता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग की उन्नत मृदा और पत्ती विश्लेषण प्रयोगशाला को राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) मान्यता मिली है। यह प्रतिष्ठित मान्यता आईएसओ/आईईसी 17025 2017 मानक के अनुसार प्रदान की गई, जो परीक्षण और कैलीब्रेशन प्रयोगशालाओं की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताओं के साथ प्रयोगशाला के अनुपालन की पुष्टि करती है। यह फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर (एफसीओ) विनिर्देशों के अनुसार खाद और कम्पोस्ट विश्लेषण भी करता है।

**राहत** सोलन की कृषि उपमंडी समिति में सर्दियों में मौसमी सब्जियों की बहार

## सब्जियों के दामों में गिरावट, महंगाई से राहत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन की कृषि उपमंडी समिति में सर्दियों में मौसमी सब्जियों की बहार रहती है। यहां वीरवार को टमाटर औसतन 15 रुपए प्रतिकिलो की थोक दर से बिका, जबकि शिमला मिर्च न्यनूतम 30 और अधिकतम 40 रुपए प्रति किलो की थोक दर से बिकी।

औसतन सोलन मंडी में शिमला मिर्च को 35 रुपए प्रतिकिलो की थोक दर मिली। फ्रेंचबीन को यूनतम 35 और अधिकतम 50 रुपए प्रति किलो का थोक भाव मिला। इस सब्जी को 40 रुपए प्रतिकिलो की औसत दर प्राप्त हुई। गाजर न्यूनतम 10 और अधिकतम 15 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिकी। गाजर



को औसतन 13 रुपए प्रतिकिलो की दर हासिल हुई। बंदगोभी को न्यूनतम आठ और अधिकतम दस रुपए प्रतिकिलो की दर से बिकी। फूल गोभी न्यूनतम 5 और अधिकतम आठ रुपए प्रतिकिलो की दर से मिली। हरा धनिया 15 से 25 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। हरा मटर 35 से 55 रुपए के बीच बिका। मटर को औसतन 50 रुपए का थोक भाव मिला। बैंगन न्यूनत 18 से अधिकतम 30 रुपए प्रति किलो के बीच बिके। आलू न्यूनतम 12 से अधिकतम 13 रुपए प्रतिकिलो की थोक दर से बिका। घीया 15 से 20 रुपए प्रतिकिलो की थोक दर से बिका। प्याज 22 रुपए प्रतिकिलो की न्यूनतमदर से अधिकतम 28 रुपए प्रतिकिलो की थोक दर से बिका। हरी मिर्च न्यूनतम 40 रुपए प्रति किलो से अधिकतम 50 रुपए प्रति किलो की थोक दर से बिकी। पालक को दस रुपए के न्यूनतम दर से अधिकतम 15 रुपए प्रति किलो की थोक दर मिली।

### फलों के भाव

**फल** मंडी में चीकू 60 से 70 रुपए प्रतिकिलो की दर के बीच बिका। सेब 70 से 110 रुपए प्रतिकिलो, पपीता 28 से 30 रुपए प्रतिकिलो, केला 20 से 32 रुपए प्रतिकिलो की थोक दर के बीच बिका। अमरूद का मूल्य 28 से 36 रुपए के बीच रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### जतिंद्र मल्होत्रा बने चंडीगढ़ भाजपा के प्रधान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा के चल रहे संगठनात्मक चुनावों के हिस्से के रूप में बुधवार को सेक्टर-33 स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के पदों के लिए नामांकन भरे गए। दोपहर 12 बजे तक केवल जेपी मल्होत्रा ने ही नामांकन भरा था जिसके चलते उनका अध्यक्ष चुना जाना तय था। जेपी मल्होत्रा दोबारा भारतीय जनता पार्टी के प्रधान बन गए हैं। उनका अध्यक्ष बनना तय था, क्योंकि चुनाव प्रक्रिया में उनके अलावा किसी और ने नामांकन नहीं भरा था। वहीं वरिष्ठ नेता संजय टंडन राष्ट्रीय परिषद सदस्य चुने गए हैं। मल्होत्रा ने कहा कि पार्टी की सेवा के लिए वह हमेशा तैयार और तत्पर रहे हैं। आगे भी वह तैयार रहेंगे। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता संजय टंडन को राष्ट्रीय परिषद सदस्य के रूप में चुना गया है। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में वोट डालेंगे। टंडन भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर काम कर रहे हैं और चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। टंडन ने कहा कि संगठन की सेवा और मजबूती के लिए वह पूरी तरह से तत्पर हैं। भाजपा की नीति व रीति को आमजन तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। वहीं, फर्नीचर मार्केट एसोसिएशन सेक्टर 34-सी के सदस्यों द्वारा जितेंद्रपाल मल्होत्रा को सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनिंद्रजीत सिंह ने कहा कि भाजपा ने शहर के विकास, धार्मिक पहलुओं आदि के लिए बहुत कुछ किया है। मार्केट एसोसिएशन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का फूलमाला से स्वागत किया। एसोसिएशन अध्यक्ष के अलावा भाजपा मंडल में अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, राज्य परिषद सदस्य और व्यापार मंडल भी मौजूद था।

### पीएनबी ने सेक्टर-17 में खोली बैंक की नई शाखा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब नेशनल बैंक के सेक्टर-17 बी स्थित मंडल कार्यालय चंडीगढ़ के अधीन शाखा कार्यालय सेक्टर-38 सी के नए परिसर का उद्घाटन चंडीगढ़ अंचल प्रबंधक डॉ. राजेश प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार (मुख्य प्रबंधक), विजय कुमार (मुख्य प्रबंधक) सहित सेक्टर-38 सी शाखा प्रमुख संजीव जसरोटिया के अतिरिक्त विभिन्न शाखा प्रमुख और गणमान्य ग्राहक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेश प्रसाद ने कहा कि बैंक गौरवमयी 130 वर्षों से ग्राहकों की सेवा कर रहा है एवं भविष्य में भी ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सेक्टर 38 में हमारे बैंक की कोई शाखा नहीं थी। संजीव जसरोटिया ने राजेश प्रसाद, उपस्थित ग्राहकों और अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### चंडीगढ़ में घने कोहरे ने रोकीं हवाई उड़ानें



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** घने कोहरे के कारण दृष्यता कम होने से दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों के प्रचलन में काफी असर हुआ है। कोहरे के कारण 300 से अधिक उड़ानों में देरी हुए और कुछ समय के लिए विमानों की उड़ानों पर रोक लगा दी है। वहीं चंडीगढ़ में भी कोहरे से आसपास के इलाकों में गुरुवार को हल्की बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, चंडीगढ़ में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे गुरुवार को न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसने शुक्रवार को घने कोहरे की भविष्यवाणी की है। इसके अलावा, चंडीगढ़ में एक्यूआई 232 सूचकांक मूल्य पर 'खराब' बना हुआ है।

### गोधरा कांड: सुप्रीम कोर्ट में 13 फरवरी को सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में गुजरात सरकार और कई अन्य दोषियों की तरफ से दायर अपीलों पर 13 फरवरी को सुनवाई करेगा। इस मामले में जस्टिस जेके माहेश्वरी और अरविंद कुमार की पीठ ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई की तारीख पर मामले में कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा। 27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगने से 59 लोग मारे गए थे, जिसके बाद राज्य में दंगे भड़क गए थे।

### ईडी ने की बीआरएस नेता केटीआर से पूछताछ

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव 'फॉर्मूला-ई रेस' कार्यक्रम से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए वीरवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए, जहां उनसे पूछताछ हुई। राव पिछली बीआरएस सरकार में नगर प्रशासन मंत्री थे। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में 'फॉर्मूला-ई रेस' की मेजबानी करना एक मंत्री के रूप में उनके सबसे पसंदीदा निर्णयों में से एक है।

### 6,000 करोड़ बैंक धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार को 6,000 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में कोलकाता और हावड़ा में तीन अलग-अलग जगहों पर एक साथ छापेमारी की। यह छापा व्यवसायी दीपक जैन के आवास और कार्यालयों पर की गई। पहला कोलकाता के दक्षिणी बाहरी इलाके बेहाला में और दूसरा कोलकाता से सटे हावड़ा जिले के शिबपुर में है। ईडी के मुताबिक, मामले की जांच के दौरान उसे कई फर्जी कंपनियों और एजेंसियों का पता चला, जो अपराध में शामिल थीं। यह व्यक्ति ऐसी ही एक एजेंसी का निदेशक है और धोखाधड़ी के लिंक और पैसे की हेराफेरी कैसे की गई, इसका पता लगाने के लिए तलाशी ले रहे हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा, 29 ट्रेनें लेट



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वीरवार को घने कोहरे और हल्की बारिश की वजह से यातायात प्रभावित हुआ, जिसके कारण 29 ट्रेनें देरी से चलीं और कई उड़ानों पर भी इसका असर देखने को मिला। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 'येलो' अलर्ट जारी किया है, जिसमें पूरे दिन घना कोहरा और हल्की बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में बढ़ वायु प्रदूषण के चलते बुधवार को ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू की थीं, लेकिन वीरवार को वायु गुणवत्ता में सुधार होने पर ग्रैप-4 की पाबंदियां हटा दी गईं।

# कंगना की फिल्म पर पंजाब में लगाया जाए प्रतिबंध : एसजीपीसी

## कहा-सिख नरसंहार और जातीय सफाई को दर्शाती है यह फिल्म

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



कंगना रनौत की फिल्म देशभर में रिलीज होने से एक दिन पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से राज्य में इसके प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

भाजपा सांसद की फिल्म में श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर), श्री अकाल तख्त साहिब और अन्य पवित्र स्थलों सहित पवित्र सिख मंदिरों पर 1984 के हमलों के साथ-साथ सिख नरसंहार और जातीय सफाई को दर्शाया गया है, जो सच्चाई को दबाता है और सिख विरोधी एजेंडे के तहत समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए काम करता है।

इसी के साथ एसजीपीसी ने पंजाब के सभी उपायुक्तों को भी ज्ञापन भेजा है, जिसमें उनसे फिल्म की स्क्रीनिंग को रोकने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म 17 जनवरी, 2025 को रिलीज होती है तो स्वाभाविक रूप से सिख समुदाय के भीतर गुस्सा और विरोध प्रदर्शन होगा। पंजाब सरकार को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि फिल्म राज्य में रिलीज न हो। अन्यथा, एसजीपीसी पूरे पंजाब में मजबूत विरोध प्रदर्शन शुरू करने के लिए मजबूर होगी।

# भक्तिमय हुआ पिंजौर, हर कोई नाचने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पिंजौर चंडीगढ़ पंचकूला के डीएलएफ में दिल्ली से आई रुद्र बड़ा की टीम के प्रमुख श्री सिद्धार्थ पेंट ने आज पंचकूला में माता की भेंट गई रुद्रवीणा की टीम को यहां पर स्पेशली दिल्ली से बुलाया गया था रुद्र की टीम देश और विदेश में जाकर अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाते हैं।

डीएलएफ पंचकूला में जैसी शिवदत्त पंत ने माता की भेंट गाना शुरू किया वहां पर पूरा माहौल भक्ति में हो गया ऐसा लग रहा था कि उत्तराखंड से सारे देव वहां पर दर्शन देने आ गए सभी भक्त अपनी सीट से खड़े होकर माता के जयकारे लगाने लगे आज पूरे चंडीगढ़, पंचकूला व मोहाली में जैसे लोगों को पता लगा कि पिंजौर में शिवदत्त पंत और उनकी टीम सुरेश पंत मेरे कलाकारों का नाम शिवदत्त पंत, समस्त रुद्रवीणा टीम रोहित भंडारी आशा जोशी, गौरव पंत अरुण तिवाड़ी, वीरेंद्र सिंह, मोहन पपने, गौरव आने वाले हैं सुबह से ही लोगों का हुजूम वहां पर इकट्ठा हो गया और उनको सुनाने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचने लगे जब हमने उनकी टीम से बात की तो उनकी टीम के कलाकार आशा जोशी ने बताया कि वह रुद्रवीणा के साथ 2007 से काम कर रही है।

### उत्तराखंड से उठी आवाज उठने लगी शिव पंत को मिले पदम श्री अवार्ड

शिव दत्त पंत उत्तराखंड के सबसे लोकप्रिय और जीवित दिग्गजों में से एक हैं। वे उत्तराखंड के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लाइव प्रस्तुति देने के लिए जाने जाते हैं। शिव दत्त पंत एक असाधारण गायक हैं। उन्होंने कई स्टेज शो किए हैं। वे एक बेहतरीन निर्देशक भी हैं और उन्होंने दिल्ली के साथ-साथ उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में रामलीलाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। वर्ष 2014 में उन्होंने दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर में रामलीला का आयोजन किया था। शिव दत्त पंत जी अपने भक्ति गीतों के लिए भी प्रसिद्ध हैं। उनकी गायन शैली अनूठी है।

# मूकबधिर व दिव्यांग बच्चों के स्कूल दोबारा खोलने की मांग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सैक्टर 16 स्थित मूकबधिर व दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया जा रहा हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति के मिडल स्कूल को बंद कर दिया गया था, जिससे मजबूरन अभिभावक अपने दिव्यांग नन्हे-नन्हे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए करनाल, हिसार, गुड़गांव के सरकारी स्कूलों में भेजने को मजबूर थे या अधिक पैसा खर्च कर चंडीगढ़ के प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को भेज रहे थे।



इसी विषय पर शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट ने हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं राज्यपाल और उपाध्यक्ष मुख्यमंत्री सहित संबंधित विभाग अधिकारियों को जनवरी 2024 को ज्ञापन पत्र लिखकर सेक्टर 16 के बंद किए गए मिडल स्कूल को दोबारा से खोलने की मांग की थी। साथ ही जिला पंचकूला के रायपुररानी में हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति के प्राइमरी स्कूल को अपग्रेड करने की मांग की थी।

बंसल ने कहा कि हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति के विभागीय सूत्रों के अनुसार पंचकूला के स्कूल को दोबारा से खोल दिया गया है और रायपुररानी के स्कूल को अपग्रेड करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है जिससे पंचकूला के उपरोक्त दिव्यांग बच्चों को लाभ मिलेगा। बंसल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र लिखकर हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति के स्कूलों के बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस, किताबें, कॉपियां और आंगनबाड़ी की तर्ज पर खाना निशुल्क मुहैया करवाने और इसके लिए समिति को पर्याप्त फंड्स जारी करने की मांग भी की है। बंसल ने बताया कि हरियाणा में हरियाणा श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण समिति के कुल 7 स्कूल है जिनमें लगभग 1000 बच्चे पढ़ते हैं।

### डिप्टी मेयर ने की पुराने और जर्जर पुलों के नवीनीकरण की मांग



**अनंत ज्ञान, मोहाली।** मोहाली नगर निगम के डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी ने गमाडा से मोहाली के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर बने पुराने और जर्जर पुलों के नवीनीकरण की मांग की है। उन्होंने गमाडा के एसई नवीन कंबोज के साथ बैठक में इन पुलों की खराब स्थिति और उससे होने वाली समस्याओं को उजागर किया।

डिप्टी मेयर ने बताया कि बलौंगी पर बना पुल, फेज-8 के पीछे शिक्षा बोर्ड से चंडीगढ़ को जोड़ने वाली सड़क पर बना पुल और नाइपर के पास बने पुल बहुत पुराने हैं और खराब हालत में हैं। इन पुलों के कारण यातायात बाधित हो रहा है, सड़कों की चौड़ाई कम है, और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। बेदी ने कहा कि बलौंगी पुल दोनों तरफ की चार लेन वाली सड़कों से नीचा है, जिसके कारण बरसात के दौरान पानी जमा हो जाता है। उन्होंने इस पुल को हटाकर नया पुल बनाने की मांग की।

# अब संपत्ति पंजीकरण और सरकारी सेवाएं पूरी तरह हुई ऑनलाइन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ प्रशासन ने नागरिक सेवाओं को आधुनिक और सरल बनाने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया। तीन नई डिजिटल सेवाओं नेशनल जेनरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम, ऑनलाइन इवेंट परमिशन सिस्टम और 'रिकॉर्ड ऑफ राइट्स की ऑनलाइन सर्टिफाइड कॉपी को लॉन्च किया गया। यह सेवाएं अब जनता के लिए उपलब्ध हैं और इनका शुभारंभ सब रजिस्ट्रार कार्यालय, चंडीगढ़ में किया गया। नेशनल जेनरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन हुआ डिजिटल नेशनल जेनरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम ने प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बना दिया है।

इस प्रणाली के माध्यम से नागरिक ऑनलाइन अपॉइंटमेंट, रजिस्ट्रेशन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान, अपने दस्तावेज रजिस्ट्रेशन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक और पंजीकृत दस्तावेजों की डिजिटल डिलीवरी का लाभ उठा सकते हैं। यह सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध है। चंडीगढ़ में 35,000 से अधिक जमीन मालिकों के लिए अब रिकॉर्ड ऑफ राइट्स की प्रमाणित कॉपी ऑनलाइन उपलब्ध है। नागरिक हेल्पलाइन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं, अपनी आवेदन स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं और प्रमाणित कॉपी डाउनलोड कर सकते हैं।

कार्यक्रम आयोजन के लिए अनुमति प्रक्रिया को भी डिजिटल कर दिया गया है। सेवाओं के शुभारंभ के बाद प्रशासन ने सब-रजिस्ट्रार कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को सेवाओं का लाभ उठाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त, एसडीएम (सेंट्रल, साउथ और ईस्ट), स्टेट इन्फॉर्मेटिक्स ऑफिसर, जिला इन्फॉर्मेटिक्स ऑफिसर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## देश-विदेश

# कांग्रेस ने किया 500 रुपए में सिलेंडर मुफ्त राशन और बिजली देने का वादा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** ने कहा कि अगर वह दिल्ली में सत्ता में आई तो राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को 500 रुपये में एलपीजी (घरेलू रसोई गैस) सिलेंडर, मुफ्त राशन किट और 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने यहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन और कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख देवेंद्र यादव के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अगर दिल्ली में सत्ता में आती है तो वह अपनी पांच गारंटी पूरी करेगी। कांग्रेस ने छह जनवरी को अपनी 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की थी, जिसमें सत्ता में आने पर दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक आर्थिक सहायता देने का वादा किया गया। पार्टी ने आठ जनवरी को अपनी 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 25 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया।

### हमास के पीछे हटने तक समझौते पर मुहर नहीं : नेतन्याहू



**तेल अवीव।** इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि उनकी कैबिनेट संघर्ष विराम समझौते पर मुहर लगाने के लिए तब तक बैठक नहीं करेगी जब तक हमास 'आखिरी समय में पैदा किए गए संकट' की स्थिति को समाप्त नहीं कर देता। नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर अंतिम समय में छूट पाने की कोशिश करते हुए समझौते के कुछ हिस्सों पर मुकरने का आरोप लगाया। हालांकि उसने इन छूटों के बारे में विस्तार से कुछ नहीं कहा।

# राजनीतिक दल पारदर्शिता के साथ करें एआई का उपयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चुनाव** आयोग ने राजनीतिक दलों से चुनाव प्रचार में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ प्रयोग करने के लिए कहा है। आयोग ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को सलाह जारी की है। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार एआई से जारी होने वाली सामग्री का उचित रूप से खुलासा जरूर करें।

**चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को दी सलाह**

चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को जारी की गई एडवाइजरी में कहा कि अगर कोई राजनीतिक दल या उम्मीदवार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के जरिए किसी फोटो, वीडियो या अन्य सामग्री का उपयोग करें तो उसके स्रोत की जानकारी का खुलासा जरूर किया जाए। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल विज्ञापन और प्रचार सामग्री पर अगर सिथेंटिक कंटेट का उपयोग करेंगे तो उनको इसका अस्वीकरण देना होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार लगातार चुनाव में एआई के गलत उपयोग को लेकर चिंता जताते रहे हैं। सात जनवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा के दौरान उन्होंने कहा था कि प्रशासन को गलत सूचना फैलाने के प्रयास करने वालों के प्रति सतर्क रहना होगा। साथ ही ऐसी सूचनाओं को रोकने के लिए तेजी से कार्रवाई करनी होगी।

# भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान निर्यात में 35 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वाणिज्य** मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 35.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2023 के इसी महीने में 2.65 बिलियन डॉलर से बढ़कर दो साल के उच्चतम स्तर 3.58 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। यह उच्च मूल्य वाले भारतीय सामानों की विदेशी मांग में वृद्धि को दर्शाता है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि दिसंबर 2024 में इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात पिछले 24 माह में अब तक का सबसे अधिक रहा है। नई मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी सामने आने के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स सामान भारत के निर्यात बास्केट में सबसे तेजी से बढ़ने वाले सेगमेंट के रूप में उभरे हैं।

### दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर ने भरा नामांकन

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन ने वीरवार को मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और तिहाड़ जेल लौट गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद हुसैन को एआईएमआईएम ने पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए मुस्तफाबाद से मैदान में उतारा है।

# अमेरिका ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और दो अन्य भारतीय कंपनियों पर से प्रतिबंध हटाए

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**राष्ट्रपति** पद की कमान डोनाल्ड ट्रंप को सौंपे जाने से कुछ दिन पहले जो बाइडन प्रशासन ने तीन भारतीय संस्थाओं- इंडियन रेयर अर्थ्स, इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र (आईजीसीएआर) और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) पर से प्रतिबंध हटाने की घोषणा की है। वाणिज्य विभाग के उद्योग और सुरक्षा ब्यूरो (बीआईएस) ने कहा कि इन तीन भारतीय संस्थाओं पर शीत युद्ध के दौर में लगाए गए प्रतिबंध हटाने से साझा ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों और लक्ष्यों की दिशा में संयुक्त अनुसंधान और विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग सहित उन्नत ऊर्जा सहयोग में बाधाओं को कम करके अमेरिकी विदेश नीति के उद्देश्यों को बल मिलेगा। इसके साथ ही, बीआईएस ने अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों के विपरीत गतिविधियों के लिए, 'पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' के गंतव्य के तहत 11 संस्थाओं को 'एन्टाइटी लिस्ट' में जोड़ा है।

# मिसाइल बनाने के लिए भारत डायनामिक्स के साथ सौदा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्रालय ने वीरवार को भारतीय नौसेना को मीडियम-रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (एमआरएसएएम) की सप्लाई के लिए भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ लगभग 2,960 करोड़ रुपए की लागत से इक एक समझौते पर साइन किया है। एमआरएसएएम सिस्टम एक स्टैंडर्ड फिट है, जो कई भारतीय नौसेना जहाजों पर लगा है और इसे भविष्य में अधिग्रहण के लिए प्लान किए गए प्लेटफॉर्म पर फिट करने की योजना है।

रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह कॉन्ट्रैक्ट भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और एडवांस मिलिट्री टेक्नोलॉजी को स्वदेशी बनाने की राह में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# सेंसेक्स में 318 और निफ्टी में 98 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** वीरवार को 318 अंक की तेजी के साथ 77,042 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 98 अंक की तेजी रही, ये 23,311 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 735 अंक की तेजी के साथ 52,308 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 33 में तेजी और 17 में गिरावट रही, जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में पीएसयू बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.55 फीसदी के बढ़त के साथ बंद हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.33 फीसदी की बढ़त रही। कोरिया के कोस्पी में 1.23 फीसदी और चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.28 फीसदी की तेजी देखने को मिली। एनएसई के डाटा के अनुसार, 15 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,533 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 3,682 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### अडानी के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने वाली हिंडनबर्ग रिसर्च बंद

**वाशिंगटन।** अमेरिकी निवेश एवं अनुसंधान कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद कर दिया है। इसके संस्थापक नैट एंडरसन ने यह जानकारी दी। उद्योगपति गौतम अडानी और उनके समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी करने के बाद यह कंपनी चर्चा में आ गई थी। एंडरसन ने कहा कि जैसा कि मैंने पिछले साल के अंत से ही अपने परिवार, दोस्तों और अपने दल के साथ यह जानकारी साझा की थी कि मैंने हिंडनबर्ग रिसर्च को बंद करने का निर्णय लिया है। योजना मौजूदों विषयों पर जारी काम को पूरा करने के बाद इसे बंद करने की है। पोंजी मामलों पर काम हमने पूरा कर लिया है और इसे विनियामकों के साथ साझा कर रहे है। हिंडनबर्ग रिसर्च पिछले कुछ वर्षों से अडानी समूह के खिलाफ अभियान चला रही थी। इसकी 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट में अडानी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी तथा वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाया था। उस समय इससे भारतीय अरबपति को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ था। अदाणी तथा उनकी कंपनियों ने हालांकि सभी आरोपों से इनकार किया था।

# बाइडेन ने दी अमीरों के समूह से लोकतंत्र को खतरे की चेतावनी

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्र के नाम अपने विदाई संबोधन में देश में जड़ें जमा रहे अति-धनवानों के समूह और अमेरिकियों के अधिकारों एवं लोकतंत्र का उल्लंघन कर रहे 'तकनीकी-औद्योगिक परिसर' के बारे में कड़ी चेतावनी जारी की। आगामी सोमवार को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता सौंपने की तैयारी करते हुए 'व्हाइट हाउस' में 'ओवल ऑफिस' से अपने संबोधन में बाइडेन ने अमेरिका में कुछ ही लोगों की ओर से शक्ति और धन जमा करने की बात कही। बाइडेन ने कहा कि आज अमेरिका में अत्यधिक धन, शक्ति और प्रभाव वाला एक समूह पनप रहा है, जो हमारे पूरे लोकतंत्र, हमारे मूल अधिकारों और स्वतंत्रताओं एवं सभी के आगे बढ़ने के निष्पक्ष अवसर को खतरे में डाल रहा है। उन्होंने 'सत्ता को कुछ अति-धनवान लोगों के हाथों में खतरनाक तरीके से केंद्रित होने की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा किअगर सत्ता के उनके दुरुपयोग को अनियंत्रित छोड़ दिया गया तो इसके खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।' मैं तकनीकी-औद्योगिक परिसरों की संभावित वृद्धि को लेकर भी उतना ही चिंतित हूं, जिससे हमारे देश के लिए भी वास्तविक खतरा पैदा हो सकता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अंतरराष्ट्रीय टी-20 के बाद तनुजा का वनडे में बेहतर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय टी-20 के बाद अब हिमाचल प्रदेश की तनुजा कंवर ने वनडे में भी विकेट लेने को खाता खेल दिया है।



राजकोट में भारतीय महिला टीम और आयरलैंड के बीच खेले सीरीज के अंतिम एक दिवसीय मैच में तनुजा को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। तनुजा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए आयरलैंड टीम की दो खिलाड़ियों को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। उन्होंने 15वें ओवर की अंतिम गेंद पर आयरलैंड की ओरला को 36 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद आयरलैंड की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई। इसके अलावा तनुजा ने डेमपेसी को रन आउट किया। तनुजा कंवर ने बुधवार को राजकोट क्रिकेट स्टेडियम में अपना दूसरा एकदिवसीय मैच खेला। इससे पहले उन्हें बडोदरा में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू करने का मौका मिला था। इसमें गेंदबाजी करते हुए तनुजा कंवर को कोई भी विकेट नहीं मिला था। टी-20 में तनुजा ने अभी तक चार मैच खेले और इसमें एक विकेट हासिल किया है।

### चंडीगढ़ की सोनम खोखो विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की बनी कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चंडीगढ में स्कूली दिनों में खोखो खेलने वाली सोनम गर्ग ने कभी सोचा नहीं था कि एक बच्चे की मां बनने के बाद एक दिन भारत में वह विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में आस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान के रूप में लौटेंगी। भारतीय मूल की सोनम 13 से 19 जनवरी तक यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में चल रहे पहले खोखो विश्व कप में आस्ट्रेलिया महिला टीम की कप्तान हैं। उन्होंने कहा,''मैं चंडीगढ में पली बढी हूं और दस साल पहले ही शादी के बाद मेलबर्न में बसी। मैं भारत में अपने स्कूली दिनों में खोखो खेलती थी, लेकिन वह 20-22 साल पहले की बात है।'' उन्होंने कहा,''फिर मैने खोखो विश्व कप के बारे में सुना तो मैं काफी उत्साहित हो गई, चूंकि मेरी बचपन की यादें ताजा हो गई थी। मैने संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया और आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुई। बाद में मुझे कप्तान बनाया गया।'' उन्होंने कहा,''मेरा 9 साल का बेटा है और काम, परिवार, शौक के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं था, लेकिन मेरे परिवार ने पूरा साथ दिया। मैं कई बार अपने बेटे को मैदान पर ले जाती थी क्योंकि घर पर उसकी देखभाल करने वाला कोई नहीं होता था। मैंने इसी तरह से अभ्यास किया।''

### चार्लट डीन की खूबसूरत अदा

**इंग्लैंड।** चार्लट डीन इंग्लैंड से महिला घरेलू क्रिकेट में हैम्पशायर से खेलती हैं। वह दाएं हाथ से बैटिंग करती हैं और ऑफ ब्रेक गेंदबाजी करती हैं। मौजूदा इंग्लैंड टीम में वह सबसे सुंदर क्रिकेटर हैं। 23 वर्षीय डीन जब मैदान पर होती हैं, तो अलग ही दिखती हैं।



# हमारी टीम को यह साल वनडे में अपना सर्वश्रेष्ठ साल बनाना होगा : मंधाना

## लगातार छह वनडे जीतने के बाद टीम को घरेलू मैदान पर खेलने का मिल सकता है फायदा

**एजेंसी, राजकोट**



स्मृति मंधाना का मानना है कि वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में 3-0 से मिली जीत इस साल होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारी के लिए शानदार है और उनकी टीम को इस साल को वनडे क्रिकेट में अपना सर्वश्रेष्ठ साल बनाना होगा। महिला वनडे विश्व कप इस साल भारत में होना है और मंधाना का मानना है कि लगातार छह वनडे जीतने के बाद अब उनकी टीम को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिल सकता है।

उन्होंने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में कहा,''विश्व कप वाले साल में 3-0 से मिली जीत खास है। हमें इस लय को कायम रखते हुए इस साल को वनडे में अपना सर्वश्रेष्ठ साल बनाना होगा।'' मंधाना (135) और प्रतिका रावल (154) के बीच पहले विकेट के लिए 233 रन की साझेदारी की मदद से भारत ने तीसरे वनडे में अपना सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 435 रन बनाकर 304 रन से जीत दर्ज की।

मंधाना ने कहा,''मैं खुलकर बल्लेबाजी करना चाहती थी। मैंने डगआउट में भी कहा था कि मैं अपने शॉट्स खेलूंगी क्योंकि हर बार ऐसा खेलने का मौका नहीं मिल पाता।' वहीं रावल ने स्वीकार किया कि शतक के करीब पहुंचने पर वह थोड़ी धीमी पड़ गई थीं, लेकिन शतक पूरा होते ही तेजी से बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा,''मैं हमेशा रनों का अंबार लगाना चाहती हूं और देश के लिए खेलते समय ऐसा कर पाना गर्व की बात है। 70 रन बनाने के बाद मैं थोड़ा संभलकर खेल रही थी, लेकिन शतक पूरा होते ही मैने खुलकर खेलना शुरू किया।''

## आकाश दीप ने कोहली के बल्ले से बचाया था फॉलोआन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जब विराट कोहली ने तेज गेंदबाज आकाश दीप से पूछा कि क्या उसे उनका बल्ला चाहिए तो इस शर्मीले खिलाड़ी के मुंह से इतना ही निकला,'किसे नहीं चाहिए होगा भैया।' उसी बल्ले से आकाश दीप ने आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ब्रिसबेन टेस्ट में 31 रन की पारी खेलकर फॉलोआन बचाया था। भारतीय टीम हालांकि सीरीज 1-3 से हार गई। आकाश दीप ने दो टेस्ट खेलकर 87-5 ओवर डाले और पांच विकेट भी मिले।



उन्होंने कहा,''हां वह विराट भैया का बल्ला था जिस पर एमआरएफ का लोगो है, सभी को पता है।'' बंगाल के इस गेंदबाज ने कहा,''भैया (कोहली) ने खुद मुझसे पूछा कि तुमको बैट चाहिए। मैने बोला कि हां भैया, आपका बल्ला कौन नहीं लेना चाहेगा दुनिया में। उसके बाद उन्होंने मुझे बल्ला दिया।'' उन्होंने स्वीकार किया कि कोहली जैसे कद के सीनियर खिलाड़ी के सामने खड़ा होकर बल्ला मांगने की हिम्मत उनमें नहीं थी।

आकाश दीप ने कहा,''मैच के दौरान जब वह अपने खेल पर पूरा फोकस रखते हैं, आप उन्हें परेशान नहीं करना चाहते, लेकिन भैया ने मुझे खुद बल्ला दिया।'' ब्रिसबेन में ड्रॉ रहे टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के साथ आखिरी विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी के बारे में पूछने पर आकाश ने कहा,''मैं उस दिन सोचकर उतरा था कि शरीर पर कितने ही हमले क्यो न हों, मैं आउट नहीं होने वाला। मुझे रन बनाने थे और लंबे समय तक टिककर खेलना था। फॉलोआन बचाने की बात ध्यान में नहीं थी।'' उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया की पिचों पर गेंदबाजी करने से उन्होंने काफी कुछ सीखा।

## इंग्लैंड के खिलाफ वनडे, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कुलदीप ने शुरू किया अभ्यास

**एजेंसी, दिल्ली**



भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे स्पिनर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अभ्यास शुरू कर दिया है। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहले टेस्ट के दौरान ग्रोइन की चोट का शिकार हुए कुलदीप ने इंस्टाग्राम पर 45 सेकंड का वीडियो साझा किया है जिसमें वह नेट्स पर गेंदबाजी कर रहे हैं।

इंग्लैंड की टीम अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत का दौरान करके पांच टी-20 और तीन वनडे खेलेगी। कुलदीप को टी-20 टीम में नहीं चुना गया है, लेकिन वह आने वाले कुछ दिनों में फिटनेस टेस्ट देंगे, जिससे वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी उपलब्धता का पता चलेगा।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज 22 जनवरी से शुरू होगी, जबकि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में पहला मैच 20 फरवरी से खेलना है। कुलदीप के उपलब्ध नहीं होने पर रवि बिश्नोई या वरुण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है।

## आस्ट्रेलियाई ओपन इगा स्वियातेक **तीसरे दौर** में पहुंची

**एजेंसी, मेलबर्न**



पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हरा दिया। अब उनका सामना 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडूकानू से होगा जिन्होंने अमांडा एनिसिमोवा को 6-3, 7-5 से मात दी। वहीं, अमेरिकी ओपन 2024 सेमीफाइनल खेलने वाली एम्मा नावारो ने चीन की वांग शियू को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया।

अब उनका सामना तीन बार ग्रैंडस्लैम उपविजेता रही ओंस जबाउर से होगा जिन्होंने दमे की परेशानी के बावजूद कैमिला ओसोरियो को 7-5, 6-3 से हराया। नौवीं रैंकिंग वाली डारिया कसात्किना ने वांग याफान को 6-2, 6-0 से हराया जबकि 24वीं रैंकिंग वाली यूलिया पुतिनत्सेवा ने झांग शुआई को 6-2, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में अमेरिकी ओपन 2024 उपविजेता टेलर फ्रिट्ज ने क्रिस्टियन गारिन को 6-2, 6-1, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना 38 वर्ष के फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा।

आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर, 16वीं रैंकिंग वाले इटली के लोरेंजो मुसेत्ती, 19वीं रैंकिंग वाले कारेन खाचानोव और 21वीं रैंकिंग वाले बेन शेल्टन भी तीसरे दौर में पहुंच गए। छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने अमेरिकी क्वालीफायर इवा जोविच को 6-0, 6-3 से हराया।

### एन बालाजी और मिगुल रेयेस वारेला की जोड़ी दूसरे दौर में

**मेलबर्न।** भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के मिगुल रेयेस वारेला की जोड़ी रॉबिन हासे और अलेक्जेंडर नेदोवयेसोव पर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गई। बालाजी और मिगुल ने डच खिलाड़ी हासे और कजाखस्तान के अलेक्जेंडर को 6-4, 6-3 से हराया। इस बीच रित्विक बोल्लीपल्ली आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल से बाहर होने वाले तीसरे भारतीय बने। इससे पहले रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी भी बाहर हो चुके हैं। बोल्लीपल्ली और अमेरिका के रियान सैगरमैन को छठी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन ने 7-6, 6-1 से मात दी।



## करमन अब **खेल की चुनौती** के लिए तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी करमन कौर थांडी का यह डर अब खत्म हो गया है कि वह चोट के कारण रैकेट उठा पाएंगी या नहीं क्योंकि अगर वह वापसी नहीं कर पाती तो उनका टेनिस करियर खत्म हो जाता। करमन ने आईटीएफ डब्ल्यू50 टूर्नामेंट से वापसी की और बुधवार को हंगरी की खिलाड़ी पन्ना उडवर्दी से 4-6, 1-6 हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। दिल्ली की इस खिलाड़ी ने अपने मजबूत स्ट्रोक्स से प्रभावित किया।



करमन 16 महीनों के लंबे अंतराल के बाद कोर्ट पर उतरी थीं और पूरा मैच खेलना भी एक तरह की जीत थी क्योंकि कुछ समय पहले तक उन्हें डर था कि वह टेनिस रैकेट नहीं उठा पाएंगी। अपने कोच आदित्य सचदेवा से 'हाई फाइव' के बाद उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को गले लगाया और उनके चेहरे पर राहत की झलक थी। करमन 2018 में शीर्ष-200 में पहुंची थी, लेकिन चोटों के कारण उनका करियर उतार चढ़ाव भरा रहा।

उन्होंने कहा, ''मुझे याद है कि ऐसे दिन थे जब मैं महीनों तक हर रात रोती रहती थी। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने मजबूत बनना चाहते हैं, लेकिन आपको लगता है कि मैं कोर्ट पर उतरकर खेलना चाहती हूं।''

करमन ने कहा, ''दर्द इतना था कि मुझे लगता था कि मैं फिर से रैकेट उठा पाऊंगी या नहीं या फिर से खेल पाऊंगी या नहीं। बहुत मुश्किल था। डेढ़ साल तक मैं कोर्ट पर नहीं उतरी।'' उन्होंने कहा, ''मुझे अभी नतीजों की परवाह नहीं है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं कोर्ट पर पूरा मैच खेल सकी।'' करमन का लक्ष्य बिना परेशानी के पूरा सत्र खेलना है। उन्होंने कहा, ''पिछले पांच साल से मैं पूरा सत्र नहीं खेल पाई। और चोटें मेरे लिए बाधा थीं। कभी दो महीने बाहर रही, कभी तीन महीने और कभी नौ महीने। अब डेढ़ साल बाहर हूं।''

## एसए-20 : पार्ल रॉयल्स ने मुंबई केपटाउन को छह विकेट से हराया

**एजेंसी, पार्ल**



उदीयमान सितारे लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने शानदार अर्धशतक लगाया जिसकी मदद से पार्ल रॉयल्स ने एसए 20 लीग के मैच में मुंबई केपटाउन को छह विकेट से मात दी। 18 वर्ष के प्रिटोरियस ने 52 गेंद में 83 रन की पारी में तीन छक्के और आठ चौके लगाए। इसी मैदान पर पदार्पण मैच में उन्होंने 97 रन बनाए थे।

मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 158 रन बनाए थे। प्रिटोरियस को पारी में दो जीवनदान भी मिले जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। वह एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान की शानदार फील्डिंग पर रन आउट होकर पवेलियन लौटे। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

इससे पहले एमआई केपटाउन ने रासी वान डेर डुसेन के 64 गेंद में नाबाद 91 रन की मदद से मजबूत स्कोर बनाया। रीजा हेंडरिक्स ने 30 रन का योगदान दिया लेकिन मुजीबुर रहमान ने जैसे ही उन्हें आउट किया, उनकी टीम की लय टूट गई। एमआई केपटाउन इस हार के बावजूद नौ अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि रॉयल्स और जोबर्ग सुपर किंग्स आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

## डब्ल्यूपीएल : आरसीबी ने चोटिल सोफी मोलिनू की जगह चार्ली डीन को किया शामिल

**एजेंसी, बेंगलुरु**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए चोटिल सोफी मोलिनू की जगह वीरवार को इंग्लैंड की ऑल राउंडर चार्ली डीन को शामिल किया। फ्रेंचाइजी ने कहा कि मोलिनू घुटने की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे चरण में नहीं खेल पाएंगी। डीन इंग्लैंड के लिए तीन टेस्ट और 39 वनडे के अलावा 36 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। वह 30 लाख रुपए में आरसीबी से जुड़ेंगी। ऑस्ट्रेलिया की मोलिनू इससे पहले घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे सीरीज से बाहर हो गई थीं। गत चैंपियन आरसीबी ने पिछले चरण के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया था।

## भुवनेश्वर में अगले महीने प्रो-लीग मैचों के साथ सत्र का आगाज करेंगी भारतीय हॉकी टीमें

**एजेंसी, भुवनेश्वर**



भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 15 फरवरी से यहां शुरू हो रहे एफआईएच प्रो हॉकी लीग के मैचों के जरिए अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरूआत करेंगी।

भारतीय पुरुष टीम का सामना स्पेन से होगा, जबकि महिला टीम 15 फरवरी को कलिंगा स्टेडियम पर इंग्लैंड से खेलेगी। भारत के अधिकांश खिलाड़ी इस समय राउरकेला और रांची में हॉकी इंडिया लीग में खेल रहे हैं। एफआईएच प्रो-लीग का भुवनेश्वर चरण सिडनी में चार से नौ फरवरी के बीच आस्ट्रेलिया चरण के बाद शुरू होगा। भारत, स्पेन, इंग्लैंड, जर्मनी और आयरलैंड की पुरुष टीमें 15 से 25 फरवरी तक प्रो लीग मैच खेलेंगी।

एफआईएच ने एक विज्ञप्ति में कहा,''आस्ट्रेलियाई चरण के बाद लीग का अगला चरण भारत के भुवनेश्वर में होगा जो हॉकी प्रेम के लिए मशहूर है। महिला टीम की स्पर्धा में भी भारत, स्पेन, इंग्लैंड, जर्मनी और नीदरलैंड खेलेंगे।'' इसमें कहा गया, ''दुनिया की शीर्ष टीमों के बीच 11 दिन के भीतर 24 मैच खेले जाएंगे।'' एफआईएच प्रो-लीग के इस सत्र का आगाज आस्ट्रेलिया में होगा, जिसमें गत चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड और स्पेन से खेलेगी।

